बुधवार, 23 जुलाई 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 35 |
| आर्द्रता | 78% |
| सूर्योदय: 5:04 | सूर्यास्त: 18:22 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
कोलकाता, श्रावण कृष्णपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



कई भारतीय विमानन कंपनियां यात्री सुरक्षा की तुलना में प्रचार पर करती हैं अधिक खर्च पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : सुखी जीवन के अच्छा घर नहीं घर का माहौल अच्छा होना चाहिए।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## चुनाव आयोग का बंगाल सरकार को निर्देश

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को स्वतंत्र इकाई करे घोषित

**वर्तमान सीईओ राज्य के गृह व पर्वतीय मामलों(चुनाव)विभाग के पदेन अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर हैं तैंनात**

- **आयोग ने पत्र में सीईओ कार्यालय को वर्तमान में उपलब्ध स्वायत्तता की कमी पर व्यक्त की हैं चिंता**

**कोलकाता:** बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर चल रहे विवादों के बीच, भारत के चुनाव आयोग(ईसीआइ) ने बंगाल में बड़ा कदम उठाया है। ईसीआइ ने बंगाल सरकार को पत्र लिखकर बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल के कार्यालय की तत्काल कार्यात्मक स्वतंत्रता और प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। चुनाव आयोग के अवर सचिव आशुतोष एम. द्वारा मंगलवार को बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत को भेजे गए इस पत्र में सीईओ कार्यालय को वर्तमान में उपलब्ध स्वायत्तता की कमी पर चिंता व्यक्त की गई है।

पत्र में कहा गया है कि अग्रवाल को सीईओ नियुक्त किए जाने के साथ-साथ उन्हें राज्य के गृह एवं पर्वतीय मामलों (चुनाव) विभाग का पदेन अतिरिक्त मुख्य सचिव भी बनाया गया है -यह दोहरी भूमिका आयोग को समस्याग्रस्त लगती है। आयोग ने मौजूदा व्यवस्था में बंगाल के सीईओ को उपलब्ध वित्तीय और प्रशासनिक स्वायत्तता की कमी पर ध्यान दिया है। साथ ही ईसीआइ ने राज्य सरकार को और भी निर्देश जारी किए हैं।

### आयोग ने एक स्वतंत्र चुनाव विभाग स्थापित करने को कहा

आयोग ने एक स्वतंत्र चुनाव विभाग की स्थापना का आह्वान किया है, जो किसी भी अन्य राज्य सरकार के विभाग से पूरी तरह से अलग हो। इस विभाग के पास सीईओ के लिए पूर्ण वित्तीय और प्रशासनिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने के लिए एक समर्पित बजट प्रमुख होना चाहिए, जिसे आयोग निष्पक्ष





और प्रभावी चुनाव संचालन के लिए आवश्यक मानता है। ईसीआइ ने सिफारिश की है कि बंगाल के सीईओ को अन्य विभागों के अतिरिक्त सचिव, प्रमुख सचिव या सचिव स्तर के अधिकारियों के समान वित्तीय शक्तियां प्रदान की जाएं। इसने आधिकारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में सीईओ की सहायता के लिए चुनाव विभाग में एक अलग वित्तीय सलाहकार की नियुक्ति का भी प्रस्ताव रखा। ईसीआइ ने राज्य सरकार को चार रिक्त पदों को भरने का निर्देश दिया है - जिसमें अतिरिक्त सीईओ, संयुक्त सीईओ और डिप्टी सीईओ शामिल हैं। आयोग के परामर्श से ऐसा लग रहा है कि यह विशेष रूप से अगले साल होने वाले बंगाल विधानसभा चुनावों के मद्देनजर है। यह कदम कहीं न कहीं राज्य में चुनावों के निष्पक्ष संचालन के लिए संस्थागत स्वायत्तता को मजबूत करने की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

### ममता की धमकी के एक दिन बाद ही पहुंचा पत्र

बताते चलें कि वर्तमान में सीईओ कार्यालय राज्य के गृह विभाग के अधीन है। यदि यह स्वतंत्र हो जाता है, तो सीईओ कार्यालय राज्य पर निर्भर नहीं रहेगा। चुनाव कर्मियों की नियुक्ति पर भी कोई निर्भरता नहीं रहेगी। इससे संशोधनों के स्वतंत्र संचालन में कोई बाधा नहीं आएगी। राष्ट्रीय चुनाव आयोग इस कदम को जानकार हलकों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की शुरुआती तैयारी के तौर देखा जा रहा है। अभी एक दिन पहले 21 जुलाई की रैली से मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने धमकी दी है कि अगर बंगाल से एक भी नाम मतदाता सूची से हटाया गया, तो आंदोलन होगा। दिल्ली में आयोग के कार्यालय का भी घेराव किया जाएगा। दरअसल, ममता के बयान से साफ हो गया था कि अगर बंगाल में सर्वेक्षण का कार्य शुरू हुआ तो राज्य सरकार सहयोग नहीं करेगी। अगर इसके एक दिन बाद ही ऐसा पत्र मिला है तो इसकी गंभीरता समझा जा सकता है।

## निर्वाचन आयोग जल्द उपराष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया शुरू करेगा

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद अगले उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए जल्द ही चुनाव प्रक्रिया शुरू करेगा। सूत्रों ने मंगलवार को यह संकेत दिया। अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा मंगलवार को धनखड़ के इस्तीफे की आधिकारिक अधिसूचना जारी करने के साथ ही उनके उत्तराधिकारी के लिए चुनाव की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो सकती है। संविधान में कहा गया है कि जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति के लिए संविधान के अनुसार चुनाव 'जल्द से जल्द' कराना होगा। संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, अगले उपराष्ट्रपति को पूरे पांच वर्ष का कार्यकाल मिलेगा।

# बिहार वोटर लिस्ट रिवीजन के लिए आधार, वोटर आईडी और राशन कार्ड लेने से चुनाव आयोग का इनकार

**निर्वाचन आयोग ने बिहार में एसआईआर को उचित ठहराया**

**पटना/दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने बिहार में मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को उचित ठहराया। उसने कहा है कि वोटर लिस्ट से 'अयोग्य व्यक्तियों को हटाकर' चुनाव की शुचिता (झ्रीळ्रीं) को बढ़ाता है। बिहार से शुरू कर पूरे भारत में मतदाता सूची के एसआईआर का निर्देश 24 जून को दिया गया। इस निर्देश को चुनौती देने वाली याचिका के संबंध में निर्वाचन आयोग की ओर से दायर हलफनामे में कहा गया है कि कानूनी चिंताओं के बावजूद आयोग एसआईआर-2025 प्रक्रिया के दौरान पहचान के सीमित उद्देश्य के लिए आधार, मतदाता कार्ड और राशन कार्ड पर पहले से ही विचार कर रहा है। साथ ही चुनाव आयोग ने कहा कि 2016 के अधिनियम की धारा 9 कहती है कि आधार नंबर नागरिकता या निवास आदि का प्रमाण नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल विस्तृत हलफनामे में आयोग कहा, 'एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची से अपात्र व्यक्तियों को हटाकर चुनावों की शुचिता बढ़ाती है। मतदान का अधिकार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धाराओं 16 और 19 के साथ अनुच्छेद 326 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 62 से प्राप्त होता है जिसमें नागरिकता, आयु और सामान्य निवास के संबंध में कुछ पात्रताओं की बात की गई है। एक अपात्र व्यक्ति को मतदान का कोई अधिकार नहीं है और इसलिए वो इस संबंध में अनुच्छेद 19 और 21 के उल्लंघन का दावा नहीं कर सकता।' चुनाव आयोग ने बताया कि बिहार में चल रहे सर्वेक्षण से पता चला है कि 18 लाख मतदाता मृत हैं, 26 लाख मतदाता ऐसे हैं जिनका स्थानांतरण दूसरे निर्वाचन क्षेत्रों में हो गया है और 7 लाख मतदाता ऐसे हैं जिनका नामांकन दो जगहों पर हुआ है।

## 52 लाख से अधिक मतदाता अपने पते पर नहीं मिले

- **अब तक 18 लाख की पहचान मृत के रूप में हुई**

**नयी दिल्ली :** बिहार में चुनाव अधिकारियों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत घर-घर जाकर जांच करने पर पाया कि 52 लाख से अधिक मतदाता अब अपने बताए गए पते पर नहीं रहते, जबकि 18 लाख मतदाताओं की मौत हो चुकी है। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को बताया कि 26 लाख मतदाता दूसरे निर्वाचन क्षेत्रों में जाकर रहने लगे हैं, जबकि अन्य सात लाख ने दो जगहों पर पंजीकरण करा रखा है। बिहार के चुनाव अधिकारियों ने उन 21.36 लाख मतदाताओं की विस्तृत सूची साझा की है, जिनके गणना फॉर्म अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं। इसके अलावा, उन्होंने लगभग 52.30 लाख ऐसे मतदाताओं की भी सूची साझा की है, जिनकी या तो मौत हो चुकी है या वे स्थायी रूप से कहीं और जाकर रहने लगे हैं या फिर उन्होंने एक से अधिक जगहों पर अपना नाम पंजीकृत करा रखा है। अधिकारियों के मुताबिक, मतदाताओं के पास मसौदा मतदाता सूची में किसी भी तरह के संशोधन पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए एक अगस्त (जब मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी) से एक सितंबर तक, पूरे एक महीने का समय होगा।

# 'आमार पाड़ा, आमार समाधान' योजना का ऐलान, ममता बनर्जी लाएंगी मोहल्ले तक सेवाएं

- **2 अगस्त से हर हफ्ते लगेगा कैंप, दो महीने चलेगा समाधान अभियान**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले एक नई जनकल्याणकारी योजना की घोषणा की है, जिसका नाम है 'आमार पाड़ा, आमार समाधान' (अर्थात मेरा मोहल्ला, मेरा समाधान)। मंगलवार को नवान्न में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने इस योजना का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए बताया कि अब सरकारी सेवाएं सीधे मोहल्लों और गांवों के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाई जाएंगी। यह पहल राज्य के नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं से राहत देने



और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को उनके द्वार तक लाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के 80,000 बूथों को तीन-तीन के समूह में बांटकर एक केंद्र बनाया जाएगा। प्रत्येक केंद्र पर सप्ताह में एक दिन सरकारी कैंप लगाया जाएगा, जहां अधिकारी आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से समाधान की दिशा में कार्य करेंगे। योजना की शुरुआत 2 अगस्त से होगी और यह दो महीने तक चलेगी, बीच में दुर्गा पूजा के 15 दिन अवकाश रहेगा। राज्य सरकार ने इस योजना के लिए प्रत्येक बूथ पर 10 लाख रुपये की दर से कुल 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का बजट तय किया है। इसके सुचारू संचालन के लिए राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में और जिला स्तर पर टास्क फोर्स गठित की जाएगी। ममता बनर्जी ने बताया कि इस योजना के तहत उन छोटी समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी जो सामान्यत: पंचायत या जिला परिषद के दायरे में नहीं आतीं-जैसे किसी आंगनबाड़ी केंद्र की दीवार, छत या कमरे की मरम्मत। यह एक सीमित स्तर की पहल जरूर है, लेकिन इसका सामाजिक असर व्यापक होगा। यह घोषणा इस ओर भी इशारा करती है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर जनसंपर्क और स्थानीय स्तर पर भरोसे के सहारे आगामी चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की वापसी सुनिश्चित करना चाहती हैं। इससे पहले भी उन्होंने 'दीदी के बोलो', 'दुआरे सरकार' और 'लक्ष्मी भंडार' जैसी योजनाओं से जनाधार मजबूत किया था। अब 'आमार पाड़ा, आमार समाधान' के माध्यम से वह एक बार फिर जनता से सीधा जुड़ाव स्थापित करने की कोशिश कर रही हैं।

### ममता ने धनखड़ के इस्तीफे पर कहा: उनका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि वह उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अचानक इस्तीफा देने पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहतीं। हालांकि, बनर्जी ने साथ ही यह भी कहा कि उनका मानना है कि धनखड़ का स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है।

बनर्जी ने राज्य सचिवालय नबान्न में संवाददाता सम्मेलन के दौरान एक अस्पष्ट टिप्पणी में संकेत दिया कि इस घटनाक्रम में जो दिख रहा है, उससे कहीं ज़्यादा कुछ हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा, "राजनीतिक दल यह तय नहीं कर सकते कि धनखड़ ने इस्तीफ़ा क्यों दिया। इस मुद्दे पर मुझे कोई टिप्पणी नहीं करनी है।" उन्होंने कहा, "देखते हैं। वह एक स्वस्थ व्यक्ति हैं। मुझे लगता है कि उनका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है।" बनर्जी की यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल धनखड़ के कदम पर मचे राजनीतिक घमासान के बीच आयी है। विपक्ष के कई लोगों ने दावा किया है कि यह कदम पूरी तरह अप्रत्याशित है और संभवतः स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने के आधिकारिक रुख से परे कारकों से प्रेरित है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सोमवार शाम को भेजे गए अपने त्यागपत्र में धनखड़ ने कहा कि वह "स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने" के लिए तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं।

## चिकित्सकों पर हमलों की घटनाओं से निपटना राज्यों की जिम्मेदारी : केंद्र

**नयी दिल्ली :** सरकार ने बताया कि कोलकाता स्थित आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के कथित बलात्कार और हत्या की घटना के बाद गठित राष्ट्रीय कार्यबल अपनी रिपोर्ट उच्चतम न्यायालय को सौंप चुका है। उच्चतम न्यायालय ने चिकित्सकों की सुरक्षा, कार्य स्थितियों और कल्याण से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए इस राष्ट्रीय कार्यबल (एनआईएफ) का गठन किया था। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यबल अपनी रिपोर्ट पहले ही उच्चतम न्यायालय को सौंप चुका है। पटेल ने बताया कि 'स्वास्थ्य' और 'कानून एवं व्यवस्था' राज्य सूची के विषय हैं और इस कारण अस्पतालों में चिकित्सकों पर हमलों की घटनाओं को रोकने के लिए उचित कार्रवाई करना संबंधित राज्य या केंद्रशासित प्रदेश की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने हालांकि सभी केंद्रीय सरकारी अस्पतालों, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) और मेडिकल कॉलेजों को परामर्श जारी किया है कि चिकित्सकों पर हमले की कोई भी घटना होने पर संस्थान छह घंटे के भीतर प्राथमिकी दर्ज कराएं। पटेल ने कहा कि इसके साथ ही सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को भी सलाह दी गई है कि वे चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा बढ़ाने और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के लिए त्वरित उपाय करें।

### मुंबई ट्रेन विस्फोट: उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ याचिका पर 24 जुलाई को होगी सुनवाई

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने 11 जुलाई 2006 को मुंबई में कई ट्रेन में किए गए सात बम धमाकों के मामले में सभी 12 आरोपियों को बरी करने के मुंबई उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार की याचिका पर 24 जुलाई को सुनवाई करने के लिए मंगलवार को सहमति जताई। प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के तत्काल सुनवाई के अनुरोध के बाद मामले को बृहस्पतिवार के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

**मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित** पृष्ठ 7

## राज्य विधेयक पर निर्णय की समयसीमा को लेकर राष्ट्रपति के संदर्भ पर न्यायालय ने केंद्र, राज्यों से जवाब मांगा

**मामले की अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी**

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक अहम संवैधानिक मुद्दे पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और सभी राज्यों से जवाब मांगा है। मामला राष्ट्रपति द्वारा भेजे गए उस संदर्भ से जुड़ा है, जिसमें यह सवाल उठाया गया है कि क्या विधानसभा से पारित विधेयकों पर राष्ट्रपति द्वारा निर्णय लेने के लिए कोई समय-सीमा तय की जा सकती है। प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए.एस. चंदुरकर की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अगले मंगलवार तक केंद्र और राज्यों से जवाब मांगा है। पीठ ने कहा कि राष्ट्रपति के संदर्भ में जो मुद्दा उठाया गया है वह "पूरे देश पर प्रभाव" डालने वाला है। पीठ ने आदेश दिया, "संविधान की व्याख्या के मुद्दे हैं। हमने अटॉर्नी जनरल से सहायता करने का अनुरोध किया है। केंद्र और सभी राज्य सरकारों को नोटिस जारी करें। सॉलिसिटर जनरल केंद्र की ओर से पेश होंगे। सभी राज्य सरकारों को ईमेल के माध्यम से नोटिस भेजा जाए। इसे अगले मंगलवार को सूचीबद्ध करें। सभी स्थायी वकीलों को भी नोटिस भेजा जाए।"

### देश में 13,212 स्वतंत्रता सेनानी जीवित : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को संसद को बताया कि कुल 13,212 स्वतंत्रता सेनानी अब भी जीवित हैं और पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बी. संजय कुमार ने लोकसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि केंद्र की स्वतंत्रता सैनिक सम्मान योजना (एसएसएसवाई) के तहत स्वतंत्रता सेनानियों की 9,778 विधवाएं भी पेंशन प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने बताया, "अब तक 1,71,689 स्वतंत्रता सेनानियों को स्वतंत्रता सैनिक सम्मान योजना (एसएसएसवाई) के तहत केंद्रीय पेंशन मिली है। 13,212 पेंशनभोगी जीवित हैं और एसएसएसवाई सम्मान पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। 9,778 विधवाएं (जीवनसाथी) अभी जीवित हैं और एसएसएसवाई सम्मान पेंशन प्राप्त कर रही हैं।" कुमार द्वारा साझा किये गए आंकड़ों के अनुसार, गृह मंत्रालय ने 2024-25 में इस योजना के तहत 599 करोड़ रुपये वितरित किए। अब भी जीवित 13,212 स्वतंत्रता सेनानियों में से, सबसे अधिक 3,017 तेलंगाना में हैं। इसके बाद पश्चिम बंगाल (1,799), महाराष्ट्र (1,543), बिहार (988) और तमिलनाडु (801) का स्थान है।


### बिहार में 101 करोड़ रुपये के गबन मामले में पूर्व शाखा प्रबंधक गिरफ्तार

**पटना :** बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओडब्ल्यू) ने 101 करोड़ रुपये के गबन मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को एक सहकारी बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक और उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में दी गई है। बयान में कहा गया है कि पुलिस ने पटना से शाखा प्रबंधक सईद शाहनवाज़ और उसके दो सहयोगियों शौकत अली और रजनीकांत को गिरफ्तार किया है। ईओडब्ल्यू द्वारा जारी बयान के अनुसार, जांच में पता चला है कि शाहनवाज़ ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर तथा बैंक के अन्य कर्मचारियों की मिलीभगत से फर्जी खाते खोले और जालसाजी कर सरकारी राशि (जिसमें कर्मचारियों के अंशदान भी शामिल थे) उन खातों में जमा की और धन का गबन किया। वह 1998 से 2023 तक पटना और वैशाली के दो सहकारी बैंकों में तैनात था और इस दौरान कुल 101 करोड़ रुपये की सार्वजनिक धनराशि का गबन किया।

## कांवड़ मार्ग पर सभी होटलों को लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट दिखाना होगा

**सुप्रीम कोर्ट का निर्देश**

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी होटल मालिकों को मंगलवार को निर्देश दिया कि वे वैधानिक आवश्यकताओं के अनुरूप अपने लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदर्शित करें। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वह होटल या ढाबा मालिक का नाम और क्यूआर कोड प्रदर्शित करने के अन्य मुद्दों पर विचार नहीं कर रही क्योंकि कांवड़ यात्रा का मंगलवार को अंतिम दिन है। पीठ ने कहा, "हमें बताया गया है कि यात्रा का आज अंतिम दिन है... इसलिए इस स्तर पर हम केवल यह आदेश पारित कर सकते हैं कि सभी संबंधित होटल मालिक वैधानिक आवश्यकताओं के अनुसार लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदर्शित करने के निर्देश का पालन



करेंगे।" शीर्ष अदालत ने शिक्षाविद अपूर्वानंद झा और अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। न्यायालय ने पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्यप्रदेश सरकारों द्वारा जारी इसी तरह के निर्देशों पर रोक लगा दी थी जिनमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों और अन्य विवरणों के नाम प्रदर्शित करने को कहा गया था। अनेक श्रद्धालु इस महीने में मांसाहार से परहेज करते हैं और अनेक लोग प्याज तथा लहसुन युक्त भोजन भी नहीं खाते।

### साइबर अपराधियों ने पिछले साल लोगों को 22,845.73 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को कहा कि वर्ष 2024 में साइबर अपराधियों के कारण लोगों को 22,845.73 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान उठाना पड़ा, जो इससे पहले के साल की तुलना में लगभग 206 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि है। गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने लोकसभा में यह जानकारी दी। कुमार ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) और नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली (सीएफसीएफआरएमएस) के अनुसार, 2024 में पूरे देश में साइबर धोखाधड़ी के कारण नागरिकों को होने वाले नुकसान की कुल राशि 22,845.73 करोड़ रुपये थी जो इससे पहले के वर्ष में 7,465.18 करोड़ रुपये थी। उनके मुताबिक, 2024 में साइबर अपराधियों द्वारा की गई वित्तीय धोखाधड़ी की 36,37,288 घटनाएं एनसीआरपी और सीएफसीएफआरएमएस पर दर्ज की गईं, जबकि पिछले वर्ष ऐसी 24,42,978 घटनाएं घटी थीं।





इंडियन जेम एंड ज्वेलरी क्रियेशन — टोल फ्री नंबर 1800 8891704

9B, वुड स्ट्रीट : ग्राउंड फ्लोर, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89018 साउथ सिटी मॉल : ग्राउंड फ्लोर, 375, प्रिंस अनवर शाह रोड, कोलकाता 700 068 M +91 89810 89029 सिटी सेंटर II, राजारहाट : ब्लॉक - B', दूसरी मंजिल, शॉप नंबर 201, न्यू टाउन, कोलकाता 700 157 M +91 89810 89066 हावड़ा : जेपी'स एसी मार्केट (श्री विंध्याचल बिल्डिंग), 35, डॉ. अबनी दत्ता रोड (हावड़ा एसी मार्केट के पास) M +91 89810 89027 वरदान मार्केट : 106, वरदान मार्केट, पहली मंजिल, 25A, कैमक स्ट्रीट, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89003 बागनान : ग्लोरियस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सीटीसी बस स्टैंड के पास, शॉप नंबर 4, पहली मंजिल, बागनान, हावड़ा 711 303 M +91 89810 89024 दुर्गापुर : शॉप नंबर 205, ड्रीमप्लेक्स मॉल, पहली मंजिल, सिटी सेंटर, दुर्गापुर 713 216 M +91 89810 89017 श्रीरामपुर : अग्निशा - II, ग्राउंड फ्लोर, 30, के एम शाह स्ट्रीट, श्रीरामपुर, हुगली 712 201 M +91 89810 89014

हीरे के आभूषण, सॉलिटेयर, हॉलमार्क वाले सोने के आभूषण, पोल्की, कुंदन जड़ाऊ और सार्टिफाइड रत्न, बाय-बैंक सुविधा के साथ

www.indiangem.com

अधिकृत रिटेलर : प्लैटिनम, एमएमटीसी गोल्ड और सिल्वर बार्स

## रिश्तों में खामोशी लीलती लाखों जिंदगी

विश्व स्वास्थ्य संगठन की वह रिपोर्ट चौंकाती है कि दुनिया में हर छठा इंसान अकेला है। दुनिया के करोड़ों लोग टूटे रिश्तों व संवाद से विलग होकर नितांत खामोशी का जीवन जी रहे हैं। सही मायनों में इंसान के भीतर की ये खामोशी लाखों जिंदगियां लील रही है। विडंबना यह है कि इस संकट का सबसे ज्यादा शिकार युवा हो रहे हैं। निश्चय ही जीवन की जटिलताएं बढ़ी हैं। कई तरह की चुनौतियां सामने हैं। पीढ़ियों के बीच का अंतराल विज्ञान व तकनीक के विस्तार के साथ तेज हुआ है। सोच के भौतिकवादी होने से हमारी आकांक्षाओं का आसमान ऊंचा हुआ है। लेकिन यथार्थ से साम्य न बैठा पाने से हताशा व अवसाद का विस्तार हो रहा है। जिसके चलते निराशा हमें एकाकीपन की ओर धकेल देती है। कहने को तो सोशल मीडिया का क्रांतिकारी ढंग से विस्तार हो रहा है। लेकिन इसकी हकीकत आभासी है। हो सकता है किसी व्यक्ति के हजारों मित्र सोशल मीडिया मंचों पर हों, लेकिन यथार्थ के जीवन में व्यक्ति बिल्कुल एकाकी होता है। आभासी मित्रों का कृत्रिम संवाद हमारी जिंदगी के सवालों का समाधान नहीं दे सकता। निश्चित रूप से कृत्रिम रिश्ते हमारे वास्तविक रिश्तों के ताने-बाने को मजबूत नहीं कर सकते। दरअसल, लोगों में यह आम धारणा बलवती हुई है कि जिसके पास पैसा है तो वह सबकुछ कर सकता है। जिसके चलते उसने आस-पड़ोस से लेकर कार्यस्थल पर सीमित पहुंच बनायी है। यही वजह है कि हमारे इर्द-गिर्द की भीड़ और ऑनलाइन जिंदगी के हजारों मित्रों के बावजूद व्यक्ति एकांत में जीने के लिये अभिशप्त है। सही बात ये है कि लोग किसी के कष्ट और मन की पीड़ा के प्रति संवेदनशील व्यवहार नहीं करते। हर तरफ कृत्रिमताओं का बोलबाला है। हमारे मिलने-जुलने वाले त्योहार भी अब दिखावे व कृत्रिम सौगातों की भेंट चढ़ गए हैं। हमें उन कारकों पर मंथन करना होगा, जिनके चलते व्यक्ति निजी जीवन में लगातार एकाकी होता जा रहा है।

विडंबना यह है कि कृत्रिमताओं के चलते कहीं न कहीं हमारे शब्दों की प्रभावशीलता में भी कमी आई है। कालांतर व्यक्ति लगातार एकाकी जीवन की ओर उन्मुख होना लगा है। हमारे संयुक्त परिवारों का बदलता स्वरूप भी इसके मूल में है। पहले घर के बड़े बुजुर्ग किसी झटके या दबाव को सहजता से झेल जाते थे। सब मिल-जुलकर आर्थिक व सामाजिक संकटों का मुकाबला कर लेते थे। शहरों की महंगी जिंदगी और कामकाजी परिस्थितियों का लगातार जटिल होना संकट को गहरा बना रहा है। उन परिवारों में यह स्थिति और जटिल है, जहां पति-पत्नी दोनों कामकाजी हैं और बच्चे हॉस्टलों व बोर्डिंग स्कूल में रह रहे हैं। धीरे-धीरे यह एकाकीपन अवसाद तक पहुंचता है। जो कालांतर एक ऐसे मनोरोग का रूप ले लेता है, जिसका उपचार कराने में भी पीड़ित व्यक्ति संकोच करने लगता है। इस स्थिति से व्यक्ति की वापसी सहज भी नहीं होती। जब हम डब्ल्यूएचओ के आंकड़े की बात करते हैं कि दुनिया में हर छठा व्यक्ति अकेलेपन की गिरफ्त में है तो उस कुल संख्या का अनुमान लगाना कठिन नहीं है, जो वास्तव में इससे पीड़ित है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का वह आंकड़ा चौंकाता है कि अकेलापन हर साल तकरीबन आठ लाख लोगों की जीवन लीला समाप्त कर रहा है। जो यह दर्शाता है कि व्यक्ति न केवल समाज व अपने कार्यालयी परिवेश से अलग-थलग हुआ है, बल्कि वह परिवार से भी कटा है। पिछले दिनों देश के शीर्ष उद्योगपतियों ने कार्यालयों में काम के घंटे बढ़ाने का आग्रह किया था। एक उद्यमी ने तो यहां तक कहा कि क्या जरूरी है कि घर में रहकर पत्नी का ही चेहरा देखा जाए। यह एक संवेदनहीन प्रतिक्रिया थी। पहले ही कार्य परिस्थितियों के दबाव से युवा पीढ़ी में कई तरह की समस्याएं देखी जा रही हैं। नई पीढ़ी मन में आक्रोश, आकांक्षाएं पूरी न होने की कसक व अरुचिकर परिस्थितियों के चलते पहले ही घुटन महसूस कर रही है। उस पर कार्य परिस्थितियों की जटिलता से उपजी कुंठा उन्हें एकाकी जीवन की ओर धकेल सकती है। ऐसे में सामाजिक जुड़ाव, संवाद व संवेदनशीलता ही एकाकीपन दूर करेगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 23 जुलाई, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण कृष्णपक्ष चतुर्दशी, 26:29 तक, नक्षत्र : आद्रा, 17:54 तक, योग : व्याघात, 12:31 तक, सूर्योदय: 4:56, सूर्यास्त: 18:11, चन्द्रोदय : 03:06, चन्द्रास्त: 17:22, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 11:42 से 13:21

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपका उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है, लेकिन आपने यदि पार्टनरशिप की थी, तो उसमें आपको धोखा मिल सकता है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है, लेकिन आपको अपने खर्चों पर थोड़ा ध्यान देना होगा, क्योंकि आपके बेतहाशा खर्च बढ़ सकते हैं। डूबा हुआ धन मिलने की संभावना है।

**मिथुन :** आज आपको किसी की कहीसुनी बात पर भरोसा करने से बचना होगा। ससुराल पक्ष के लोगों से रिश्तों में खटास आ गई थी, तो वह भी दूर हो सकती है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप दिखावे के चक्कर में अच्छा खासा धन खर्च करेंगे, जो आपकी चिंताओं को बढ़ाएगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। व्यावसायिक गतिविधियां आपको थोड़ा परेशान कर सकती हैं। आपको जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है।

**कन्या :** आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए ठीक-ठाक रहेगा। उच्च अधिकारियों के कृपा आपके ऊपर बनी रहेगी। आपको अपने सेहत पर भी थोड़ा ध्यान देना होगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप अपनी बुद्धि से समय पर निर्णय लेकर कोई गड़बड़ी होने से बच सकते हैं। आपको पुरानी योजनाओं से अच्छा लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। सिंगल लोगों को उनके प्यार से मुलाकात हो सकती है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। आज आप किसी से कोई उधार का लेनदेन ना करें।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आज आपको कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी होगी।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप तकनीकी कामों में आगे रहेंगे। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं देंगे।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने व्यवसाय से संबंधित फैसलों को आवेश में आकर न लें। अपने पार्टनर पर पूरे निगरानी बनाकर रखें।

# दुनिया की लाखों जिन्दगियां में जहर घोलता अकेलापन



ललित गर्ग

'हर छठा व्यक्ति अकेला है'-यह निष्कर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ताज़ा रिपोर्ट का है, जिसने पूरी दुनिया को चिन्ता में डाला है एवं सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर हम कैसी समाज-संरचना कर रहे हैं, जो इंसान को अकेला बना रही है। निश्चित ही बढ़ता अकेलापन कोई साधारण सामाजिक, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि एक ऐसा वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य संकट बनता जा रहा है, जो व्यक्तियों, समाजों, और व्यावसायिक संस्थानों को अंदर ही अंदर खोखला कर रहा है। दुनिया के करोड़ों लोग टूटे रिश्तों व संवादहीनता की स्थितियों में नितांत खामोशी का जीवन जी रहे हैं। गौर करे तो इंसान के भीतर की ये खामोशी लाखों जिंदगियां में महामारी के रूप में जहर घोल रही है। विडंबना यह है कि इस संकट का सबसे ज्यादा शिकार युवा हो रहे हैं। वृद्ध तो पहले से ही सामाजिक एवं पारिवारिक विसंगतियों में उपेक्षित है। निश्चय ही जीवन की विसंगतियां एवं विषमताएं बढ़ी हैं। कई तरह की चुनौतियां सामने हैं। पीढ़ियों के बीच का अंतराल विज्ञान व तकनीक के विस्तार के साथ तेज हुआ है।

डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट बताती है कि दुनिया की लगभग 16 प्रतिशत आबादी आज किसी न किसी रूप में अकेलेपन, सामाजिक अलगाव या भावनात्मक दूरी का शिकार है। यह स्थिति केवल वृद्धजनों तक सीमित नहीं रही, बल्कि युवाओं, कामकाजी पेशेवरों, और यहां तक कि बच्चों तक फैल चुकी है। डिजिटल युग में जहां सब कुछ 'कनेक्टेड' लगता है, वहीं इंसानी रिश्तों में एक अदृश्य दूरी, कृत्रिमता और आत्मीयता का अभाव देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में हम जितने अधिक जुड़े हैं, उतने ही भावनात्मक रूप से अकेले हो गए हैं। व्यक्तिवादी सोच, सामाजिक दुष्प्रभाव एवं रिश्तों की बिखरती दीवारों में अकेलेपन का घातक प्रभाव सामाजिक ढांचे पर गहरे रूप में पड़ रहा है। पारिवारिक संबंधों में दरारें, विवाहों में असंतोष, और तलाक की बढ़ती दरें इसकी साफ़ निशानी हैं। युवा पीढ़ी में अवसाद, आत्महत्या की प्रवृत्ति और नशे की ओर झुकाव एक चिंताजनक ट्रेंड बन गया है। बुजुर्गों में अकेलेपन से उत्पन्न अल्ज़ाइमर, डिमेंशिया और अन्य मानसिक रोग तेजी से बढ़ रहे हैं।

अकेलापन केवल किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत कमजोरी नहीं है, बल्कि यह समाज की सामूहिक विफलता का संकेत है। जब हम तकनीक, दौड़ और स्वार्थ में इतने उलझ जाते हैं कि किसी के पास सुनने का समय नहीं रहता, तब अकेलापन जन्म लेता है। अब समय आ गया है कि हम फिर से रिश्तों, संवाद और करुणा की दुनिया की ओर लौटें। अन्यथा अकेलापन, उदासी और असंतुष्टि की भावनाएं कचोटती रहेगी। मानो खुद के होने का एहसास, कोई इच्छा ही ना बची हो। तब छोटी-छोटी चीजों में छिपी खूबसूरती नजर ही नहीं आती। ऐसा प्रतीत होता है कि बहुत से लोग जिंदा हैं, पर जीवित होने के जादुई एहसास को कम ही छू पाते हैं। सोच के भौतिकवादी एवं सुविधावादी होने से हमारी आकांक्षाओं का आसमान ऊंचा हुआ है। लेकिन यथार्थ से साम्य न बैठा पाने से कुंठा, हताशा व अवसाद का विस्तार हो रहा है। जिसके चलते निराशा हमें एकाकीपन या अकेले होने की ओर धकेल देती है। निश्चित ही सोशल मीडिया का क्रांतिकारी ढंग से विस्तार हो रहा है। लेकिन इसकी हकीकत आभासी है, कृत्रिम है, दिखावटी है। हर कोई सोशल मीडिया मंचों पर हजारों मित्र होने का दावा करता है, लेकिन ये मित्र कितने संवेदनशील है? कितने करीब है? इन प्रश्नों का उत्तर नकारात्मक ही है, यथार्थ के जीवन में व्यक्ति बिल्कुल अकेला एवं गुमशुम होता है। आभासी मित्रों का कृत्रिम संवाद हमारी जिंदगी के सवालों का समाधान नहीं दे सकता, अकेलापन दूर नहीं कर सकता। निश्चित रूप से कृत्रिम रिश्ते हमारे वास्तविक रिश्तों के ताने-बाने को मजबूत नहीं कर सकते।

विडंबना यह है कि कृत्रिमताओं के चलते कहीं न कहीं हमारे शब्दों की प्रभावशीलता में भी कमी आई है। जिससे व्यक्ति लगातार एकाकी जीवन की ओर उन्मुख होना लगा है। हमारे संयुक्त परिवारों का बदलता स्वरूप एवं एकल परिवारों का बढ़ता प्रचलन भी इसके मूल में है। पहले घर के बड़े बुजुर्ग किसी झटके या दबाव को सहजता से झेल जाते थे। सब मिल-जुलकर आर्थिक व सामाजिक संकटों का मुकाबला कर लेते थे। लेकिन अब बुजुर्ग एकाकीपन एवं अकेलापन से जूझ रहे है। केरल में इसी तरह के वृद्ध-संकट को महसूस करते हुए वहां की सरकार ने वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाया है, जो एक सूझबूझभरा कदम है। आज वृद्धों को अकेलापन, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा, दुर्व्यवहार, तिरस्कार, कटुक्तियां, घर से निकाले जाने का भय या एक छत की तलाश में इधर-उधर भटकने का गम हरदम सालता रहता। वृद्ध समाज इतना कुंठित, अकेला एवं उपेक्षित क्यों है, एक अहम प्रश्न है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उन्हें वृद्धों को अकेलेपन को लेकर भी चिन्तन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू करना चाहिए, ताकि वृद्धों की प्रतिभा, कौशल एवं अनुभवों का नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में समुचित उपयोग हो सके एवं आजादी के अमृतकाल में अकेलापन एक त्रासदी न बन सके।

कामकाजी परिस्थितियों का लगातार जटिल होना एवं महंगी होती जीवनशैली ने अकेलापन के संकट को गहरा बनाया है। उन परिवारों में यह स्थिति और जटिल है, जहां पति-पत्नी दोनों कामकाजी हैं और बच्चे हॉस्टलों व बोर्डिंग स्कूल में रह रहे हैं। व्यावसायिक क्षेत्रों में भी काम का बोझ इंसानों को अकेला बना रहा है। कार्यालयों और कार्यस्थलों पर भी अकेलापन एक गंभीर चुनौती बन रहा है। कर्मचारी भावनात्मक जुड़ाव की कमी के कारण कार्य में रुचि नहीं लेते। टीम वर्क, इनोवेशन और सहयोग पर इसका नकारात्मक असर पड़ता है। अकेलापन लंबे समय तक बना रहा तो यह बर्नआउट, कार्य से असंतोष और कर्मचारी त्यागपत्र जैसी स्थितियों को जन्म देता है। इससे उत्पादकता में भी गिरावट आती है। मेकिन्से और डेलॉइट जैसी वैश्विक कंसल्टिंग फर्म्स की रिपोर्टें दर्शाती हैं कि अकेलापन कर्मचारियों की उत्पादकता को 15-20 प्रतिशत तक घटा सकता है, जिससे कंपनियों को अरबों डॉलर का नुकसान हो सकता है। अकेलेपन के इस संकट से निपटने के लिए व्यक्तिगत, सामाजिक और संस्थागत स्तर पर सामूहिक प्रयास ज़रूरी हैं। परिवार, मित्रों और सहयोगियों के साथ समय बिताना ही असली 'समृद्धि' है। कंपनियों और संस्थानों में कर्मचारियों की मानसिक और भावनात्मक स्थिति को समझने वाला नेतृत्व चाहिए। डिजिटल संवाद की जगह आमने-सामने संवाद, 'वर्क फ्रॉम होम' की जगह 'वर्क विद कम्युनिटी' को प्राथमिकता देनी होगी। ऑफिसों और समाज में काउंसलिंग, समूह चर्चा, मेडिटेशन, और योग को प्रोत्साहन दिया जाए। सरकारों को अकेलेपन को एक जनस्वास्थ्य समस्या के रूप में मान्यता देनी चाहिए और सामाजिक समावेश के लिए ठोस कार्यक्रम चलाने चाहिए।

डब्ल्यूएचओ का वह आंकड़ा भी चौंकाता है कि अकेलापन हर साल तकरीबन आठ लाख लोगों की जीवन लीला समाप्त कर रहा है। जो यह दर्शाता है कि व्यक्ति न केवल समाज व अपने कार्यालयी परिवेश से अलग-थलग हुआ है, बल्कि वह परिवार से भी कटा है। पिछले दिनों देश के शीर्ष उद्योगपतियों ने कार्यालयों में काम के घंटे बढ़ाने का आग्रह किया था। एक उद्यमी ने तो यहां तक कहा कि क्या जरूरी है कि घर में रहकर पत्नी का ही चेहरा देखा जाए। यह एक संवेदनहीन एवं बेहूदा प्रतिक्रिया थी। दरअसल, लोगों में यह आम धारणा बलवती हुई है कि जिसके पास पैसा है तो वह सबकुछ कर सकता है। जिसके चलते उसने आस-पड़ोस से लेकर कार्यस्थल पर सीमित पहुंच बनायी है। यही वजह है कि हमारे इर्द-गिर्द की भीड़ और ऑनलाइन जिंदगी के हजारों मित्रों के बावजूद व्यक्ति अकेलेपन को जीने के लिये अभिशप्त है। सही बात ये है कि लोग किसी के कष्ट और मन की पीड़ा के प्रति संवेदनशील व्यवहार नहीं करते। हर तरफ कृत्रिमताओं का बोलबाला है। हमारे मिलने-जुलने वाले त्योहार भी अब दिखावे व कृत्रिम सौगातों की भेंट चढ़ गए हैं। हमें उन कारकों पर मंथन करना होगा, जिनके चलते व्यक्ति निजी जीवन में लगातार अकेला या एकाकी होता जा रहा है। असल में अकेलापन तभी मिटेगा जब हम फिर से इंसान बनेंगे- संवेदनशील, सजीव, संवाद और रिश्तों की गर्माहटत से भरे हुए।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# सावन शिवरात्रि : कैलाशपति की कृपा का अमृत पर्व




योगेश कुमार गोयल

भारत में सर्वाधिक महत्व जिस देव का है, वो देवाधिदेव भगवान शिव ही हैं, जो आज भी समूचे भारतवर्ष में उतने ही पूजनीय और वंदनीय हैं, जितने सदियों पहले। देशभर में भगवान शिव की पूजा-उपासना व्यापक स्तर पर होती है, इसीलिए 'शिवरात्रि' पर्व को भारत में राष्ट्रीय पर्व का दर्जा प्राप्त है। वैसे तो शिवरात्रि हर माह मनती है किन्तु इनमें से फाल्गुन महाशिवरात्रि और सावन शिवरात्रि की महत्ता सर्वाधिक है। सावन शिवरात्रि प्रायः माह की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को मनाई जाती है, जिसे भगवान शिव के प्रति भारतीयों की आस्था की प्रतीक 'कांवड़ यात्रा' का समापन दिवस भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भारत में सावन शिवरात्रि का बहुत महत्व है, जो इस वर्ष 23 जुलाई को मनाई जा रही है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस वर्ष सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 23 जुलाई को सुबह 4 बजकर 39 मिनट पर हो रही है और यह तिथि अगले दिन यानी 24 जुलाई को अर्धरात्रि में 2 बजकर 24 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में श्रद्धालु शिवरात्रि पर ब्रह्म मुहूर्त में भी भगवान शिव का जलाभिषेक कर सकते हैं। सावन शिवरात्रि पर इस बार सर्वार्थ सिद्धि, गजकेसरी, नवपंचम राजयोग का शुभ संयोग बन रहा है।

धार्मिक ग्रंथों में 'शिव' और 'रात्रि' के शाब्दिक अर्थ को परिभाषित करते हुए बताया गया है, जिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करूणासागर भगवान शिव हैं। जो भगवान नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं। महासमुद्र रूपी शिव ही एक अखंड परम तत्व हैं, इन्हीं की अनेक विभूतियां अनेक नामों से पूजी जाती हैं, यही सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान हैं, यही व्यक्त-अव्यक्त रूप से 'सगुण ईश्वर' और 'निर्गुण ब्रह्म' कहे जाते हैं तथा यही परमात्मा, जगत आत्मा, शम्भव, मयोभव, शंकर, मयस्कर, शिव, रूद्र आदि कई नामों से संबोधित किए जाते हैं। 'रात्रि' शब्द 'रा' दानार्थक धातु से बना है अर्थात् जो सुखादि प्रदान करती है, वह 'रात्रि' है। रात्रि सदा आनन्ददायिनी होती है, अतः सबकी आश्रयदात्री होने के कारण उसकी स्तुति की गई है। इस प्रकार शिवरात्रि का अर्थ है, वह रात्रि, जो आनंद देने वाली है, जिसका शिव नाम के साथ विशेष संबंध है।

**सावन शिवरात्रि (23 जुलाई) पर विशेष**



भगवान शिव को 'कालों का काल' और 'देवों का देव' अर्थात् 'महादेव' कहा गया है। देव-दानव, मानव-प्रेत, भगवान शिव इन सभी के आराध्य देव रहे हैं। 'भोले बाबा' के रूप में सर्वत्र पूजनीय भगवान शिव को समस्त देवों में अग्रणीय और पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वह अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न हो जाते हैं तथा उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। भगवान शिव को भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता का प्रतीक माना गया है। एक होते हुए भी शिव के नटराज, पशुपति, हरिहर, त्रिमूर्ति, मृत्युंजय, अर्द्धनारीश्वर, महाकाल, भोलेनाथ, विश्वनाथ, ओंकार, शिवलिंग, बटुक, क्षेत्रपाल, शरभ इत्यादि अनेक रूप हैं। ग्रंथों में भगवान शिव के बारे में यही उल्लेख मिलता है कि तीनों लोकों की अपार सुन्दरी और शीलवती गौरी को अर्धांगिनी बनाने वाले शिव प्रेतों और भूत-पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका शरीर भस्म से लिपटा रहता है, गले में सर्पों का हार शोभायमान रहता है, कंठ में विष है, जटाओं में जगत तारिणी गंगा मैया हैं और माथे में प्रलयंकर ज्वाला है। बैल (नंदी) को भगवान शिव का वाहन माना गया है और ऐसी मान्यता है कि स्वयं अमंगल रूप होने पर भी भगवान शिव अपने भक्तों को मंगल, श्री और सुख-समृद्धि प्रदान करते हैं।

कहा जाता है कि भगवान विष्णु ने भगवान शिव की अनुकम्पा प्राप्त करने के लिए उन्हें अपनी एक आंख समर्पित कर दी थी। इस बारे में कहा गया है कि भगवान विष्णु जब शिव को प्रसन्न करने के लिए 1008 कमल के फूलों से उनका अभिषेक कर रहे थे, तब आखिर में एक कमल कम रह गया। इस पर भगवान विष्णु ने तुरंत कटार से अपनी एक आंख निकाली और कम रहे कमल के स्थान पर शिव को अपनी आंख अर्पित कर दी। इससे शिव विष्णु पर इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने भगवान विष्णु को अपना दिव्य मंत्र प्रदान कर दिया:-

**ॐ त्रयम्बकं यजामहे**
**सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम।**
**उर्वारूकमिव बन्धनात।**
**मृत्योर्मुक्षीय मामृतात।।**

भगवान शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है। इसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे 'नीलकंठ' के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव 'चन्द्रशेखर' भी कहलाए।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## विदेश की खबरें

### बांग्लादेश में विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 31 हुई

**ढाका :** बांग्लादेश में वायुसेना के प्रशिक्षण विमान के ढाका में एक स्कूल की इमारत से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है, जिनमें 25 बच्चे शामिल हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अस्थायी सरकार के शीर्ष अधिकारियों के दुर्घटनास्थल के दौरे के दौरान हजारों छात्रों ने प्रदर्शन किया। अधिकारियों के अनुसार, चीन में निर्मित एफ-7 बीजीआई प्रशिक्षण विमान में उड़ान भरने के कुछ ही क्षणों बाद तकनीकी खराबी आ गई और सोमवार को यह ढाका के उत्तर क्षेत्र के दियाबारी में स्थित 'माइलस्टोन स्कूल एवं कॉलेज' की दो मंजिला इमारत से टकरा गया। सेना की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएस-पीआर)' ने कहा कि दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। इससे पहले, मुख्य सलाहकार के विशेष सलाहकार सईदुर रहमान ने संवाददाताओं को बताया कि मृतकों में कम से कम 25 बच्चे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उनमें से कई 12 साल से कम उम्र के थे जिनकी गंभीर रूप से झुलसने के कारण मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। विवरण साझा करते हुए, आईएसपीआर ने कहा कि संयुक्त सैन्य अस्पताल में भर्ती 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 10, लुबाना जनरल अस्पताल में दो और ढाका मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, उत्तरा आधुनिक मेडिकल कॉलेज अस्पताल और यूनाइटेड अस्पताल में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई।

### अमेरिका 'यूनेस्को' से फिर अलग होगा, दो साल पहले ही दोबारा शामिल हुआ था

**पेरिस :** अमेरिका ने मंगलवार को घोषणा की कि वह संयुक्त राष्ट्र के शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) से फिर से बाहर निकल जाएगा क्योंकि वाशिंगटन इसे इजराइल विरोधी पूर्वाग्रह से ग्रस्त मानता है। यह कदम केवल दो साल पहले ही अमेरिका के यूनेस्को में फिर से शामिल होने के बाद उठाया गया है। यह तीसरी बार होगा जब अमेरिका पेरिस आधारित यूनेस्को से बाहर निकल जाएगा। ट्रंप प्रशासन के दौरान यह दूसरी बार इस संगठन से अलग होगा। व्हाइट हाउस की उप प्रवक्ता एना केली ने न्यूयॉर्क पोस्ट से कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका को यूनेस्को से बाहर करने का फैसला किया है जो विभाजनकारी सांस्कृतिक और सामाजिक मुद्दों का समर्थन करता है और उन व्यावहारिक नीतियों से पूरी तरह अलग है जिनके लिए अमेरिकियों ने नवंबर में वोट दिया था।''

## वर्ग पहेली नं. 3161

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | | 5 |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | 8 | | | 9 | |
| 10 | 11 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 12 | | 13 | 14 | ■ | 15 |
| 16 | | | 17 | | ■ | 18 | | | |
| 19 | | ■ | | ■ | 20 | | | ■ | |
| | ■ | 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | |
| 23 | | ■ | 24 | | | ■ | 25 | | |

*बायें से दायें:-* 1) प्रिय; मनभावन, 3) निरुत्तर, 6) रगड़ना, 8) खुशकिस्मत, 10) इसलामी धार्मिक पाठशाला, 12) बहानेबाज़ी, 16) यतीमख़ाना, 18) जीर्णोद्धार, 19) पवित्र, 20) धान्य, 21) ढोल, 22) दुख से कराहने का श्ब्द, 23) संसार, 24) दुर्लभ; बढ़िया, 25) विशाल.

*ऊपर से नीचे:-* 1) हश्र, 2) कश; शक्ति, 3) अंत:पुर, 4) बुरक़ा, 5) प्रथा, 7) एक तिकोना पकवान, 9) न तू न मैं, 11) करुणा-जनक, 12) आमदनी, 13) ख़्वाहिश, 14) कमल, 15) गर्व, 16) अपंग, 17) टाँगना, 20) विचित्र, 22) लकड़ी चीरने का दाँतेदार औज़ार.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ध | न्य | व | द | ■ | द | र्द | ना | क | ■ |
| म | ■ | ह | ल | च | ल | ■ | ■ | च | र्चा |
| का | म | ■ | बा | ■ | द | फ़ | ना | ना | ■ |
| ना | श | ■ | द | ख़ | ल | ■ | म | र | ना |
| ■ | वि | र | ल | ■ | ■ | स | र्द | ■ | ■ |
| नि | रा | ■ | ■ | बे | ना | मी | ■ | ■ | मु |
| र्वा | ■ | स | ला | ख़ | ■ | क | म | ज़ो | र |
| च | म | ड़ा | ■ | ट | ■ | र | स | ■ | मु |
| न | ग्न | ■ | ■ | क | रु | ण | ■ | चा | रा |

## सुडोकू-पहेली-3118

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 8 | 6 | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 3 |
| | 7 | 5 | | | | | | |
| | | | | | | 4 | 8 | 7 |
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | 7 | 9 | | 2 | |
| | | | 4 | 2 | | | 9 | |
| 8 | | | | | | | | |
| | | | | 9 | 6 | 3 | | 1 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3117 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 | 8 |
| 5 | 2 | 8 | 1 | 4 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 9 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 | 3 | 2 |
| 8 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 3 | 7 | 4 | 9 | 2 | 1 | 5 | 8 | 6 |

### राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य के सवाल के जवाब में कॉर्पोरेट मामलों और परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा...

# 'बीते 14 वर्षों में पश्चिम बंगाल से 6688 कंपनियों का पलायन'

**कोलकाता :** मंगलवार को संसद को बताया गया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के बिगड़ते औद्योगिक माहौल को उजागर करने वाले एक चौंकाने वाले खुलासे में, पिछले 14 वर्षों में 6,688 कंपनियाँ राज्य से बाहर जा चुकी हैं। इस बड़े पैमाने पर कॉर्पोरेट पलायन ने तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया को जन्म दिया है, जिसमें भाजपा नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए इसे राज्य के आर्थिक माहौल का पूर्ण पतन बताया है। कॉर्पोरेट मामलों और परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा द्वारा साझा किए गए आँकड़ों के अनुसार, यह पलायन 1 अप्रैल, 2011 से 31 मार्च, 2025 के बीच हुआ-यह अवधि ममता बनर्जी के मुख्यमंत्री कार्यकाल से बिल्कुल मेल खाती है।



भाजपा के राज्यसभा सांसद और पश्चिम बंगाल पार्टी अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया, जिससे इस बात को और बल मिला कि बंगाल की आर्थिक बदहाली की जड़ तृणमूल के कुशासन में है। भाजपा ने अब राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है और इन आंकड़ों को निवेशकों के विश्वास में भारी गिरावट, बढ़ती अराजकता और रोहिंग्या जैसे अवैध प्रवासियों की बढ़ती संख्या का सबूत बताया है। उनका दावा है कि ये कारक बंगाल के कभी फलते-फूलते व्यापारिक क्षेत्र का दम घोंट रहे हैं।

**सूत्रों के अनुसार, सबसे अधिक कंपनियों का पलायन निम्न राज्यों की ओर हुआ:**

- ❑ महाराष्ट्र – 1308 कंपनियाँ
- ❑ दिल्ली – 1297 कंपनियाँ
- ❑ उत्तर प्रदेश – 879 कंपनियाँ
- ❑ छत्तीसगढ़ – 511 कंपनियाँ
- ❑ गुजरात – 423 कंपनियाँ
- ❑ राजस्थान – 333 कंपनियाँ
- ❑ इनके अतिरिक्त झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, और तेलंगाना जैसे राज्यों में भी सैकड़ों कंपनियों ने स्थानांतरित किया।

**वर्षवार आंकड़े भी चौंकाने वाले:**

- ❑ 2015-16: 869 कंपनियाँ
- ❑ 2016-17: 918 कंपनियाँ
- ❑ 2017-18: 1027 कंपनियाँ

यह तीन साल राज्य से सबसे अधिक कंपनियों के पलायन के साक्षी बने।

**❑ 'नीतिगत अस्थिरता के बीच निवेशकों का विश्वास गिरा'**

केंद्रीय मंत्री के खुलासे पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए, भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ममता बनर्जी की औद्योगिक नीतियों की कड़वी सच्चाई उजागर की। मालवीय ने पोस्ट किया, ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार के तहत, 1 अप्रैल, 2011 से 31 मार्च, 2025 के बीच 6,688 कंपनियों ने अपने पंजीकृत कार्यालय पश्चिम बंगाल से दूसरे भारतीय राज्यों में स्थानांतरित कर दिए हैं। उन्होंने आगे कहा कि इनमें से 110 कंपनियां अपने प्रस्थान के समय सूचीबद्ध थीं।

उन्होंने इस बड़े पैमाने पर कॉर्पोरेट पलायन के लिए खराब शासन, नीतिगत अस्थिरता और निवेशकों के विश्वास की कमी को ज़िम्मेदार ठहराया, जो ममता शासन की पहचान बन गए हैं। उन्होंने लिखा, बंगाल कभी उद्यम का केंद्र हुआ करता था, लेकिन ममता बनर्जी ने इसे व्यवसायों के लिए एक अप्रिय क्षेत्र बना दिया है।

भाजपा नेताओं का आरोप है कि तृणमूल की वोट बैंक की राजनीति ने अवैध प्रवासियों के प्रति नरम रुख अपनाया है, जिससे अराजकता फैल रही है और नागरिक बुनियादी ढांचे पर बोझ पड़ रहा है – जिसका अप्रत्यक्ष रूप से कारोबारी माहौल पर असर पड़ रहा है। अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की आड़ में आपराधिक तत्वों को बचाने में ममता प्रशासन की कथित मिलीभगत ने निवेशकों की धारणा को बिगाड़ दिया है। ऐसे में, कई कंपनियों ने बंगाल में बने रहने से जुड़ी अनिश्चितता और जोखिम को झेलने के बजाय, अपना घाटा कम करने और राज्य से बाहर निकलने का विकल्प चुना है।

## 30 जुलाई को कल्याणी एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी राष्ट्रपति

**कोलकाता :** आगामी 30 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बंगाल के दौरे पर आ रही हैं। वह नदिया जिले के कल्याणी में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के पहले दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले नवनिर्मित कल्याणी एम्स का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया था। पश्चिम बंगाल का यह पहला एम्स है। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी अगस्त में फिर बंगाल के दौरे पर आ सकते हैं। प्रदेश भाजपा के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस बार उनकी सभा नदिया जिले में होगी। पिछले 29 मई को पीएम मोदी ने उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में सभा को संबोधित किया था। इसके बाद 18 जुलाई को दुर्गापुर में सभा की थी। दोनों कार्यक्रमों में बंगाल में कई केंद्रीय योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी उन्होंने किया था।

## फिर एक बंगाली को असम से एनआरसी नोटिस, ममता बनर्जी ने जताया तीखा विरोध

**❑ लगातार बढ़ रहे एनआरसी नोटिस से बंगाल में राजनीतिक उबाल**

**कोलकाता, समाज़ा :** बंगाल के एक और निवासी को असम सरकार की ओर से राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) नोटिस मिलने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तीखा विरोध जताया है। यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब बाहरी राज्यों में बंगाली भाषा और बंगालियों के खिलाफ भेदभाव और असंवेदनशीलता की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वालों को 'बांग्लादेशी' कहकर निशाना बनाने के आरोप लगातार बढ़ रहे हैं। इसी माह की शुरुआत में कूचबिहार के निवासी उत्तम कुमार ब्रजवासी को असम फॉरेन ट्राइब्यूनल से एनआरसी नोटिस मिला था। अब अलिपुरदुआर जिले के फालाकाटा की जटेश्वर निवासी अंजली शील को भी एनआरसी नोटिस भेजा गया है, जिससे राजनीतिक तनाव और बढ़ गया है।

मंगलवार को नवान्न में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ममता बनर्जी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर बंगालियों और बंगाली भाषा के प्रति द्वेषपूर्ण रवैये का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बंगाली लोगों को 'बांग्लादेशी' के रूप में गलत तरीके से लेबल किया जा रहा है और केंद्र इस बहाने बंगाल में एनआरसी लागू करने की कोशिश कर रहा है। ममता ने सवाल उठाया कि बार-बार बंगाल के लोगों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है और असम सरकार बंगाल के मामलों में क्यों दखल दे रही है।

ममता ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की आलोचना करते हुए कहा कि असम और गुरुग्राम के डिटेंशन कैंपों में कई लोगों को कैद रखा गया है, जिससे सामाजिक अशांति फैल रही है। उन्होंने असम सरकार से अपने राज्य की समस्याओं पर ध्यान देने की अपील की।

फालाकाटा की अंजली शील के नाम पर जारी नोटिस सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, जिससे उनके परिवार में चिंता बढ़ गई है। अंजली ने बताया कि भले ही उनका पारिवारिक घर असम में है, वे वर्तमान में बंगाल की स्थायी निवासी हैं और नोटिस मिलने के बाद वे चिंतित हैं। यह नोटिस 26 जून को जारी किया गया था और उन्हें 19 अगस्त को असम के काकराझार फॉरेनर्स ट्राइब्यूनल में हाजिर होने के लिए कहा गया है। नोटिस पर कोचबिहार पुलिस सुप्रीटेंडेंट कार्यालय की मुहर लगी है, जिससे प्रशासनिक गड़बड़ी के संकेत मिलते हैं। इस पूरे मामले पर ममता बनर्जी ने केंद्र और असम सरकार दोनों को कड़ी फटकार लगाई है।

## बांग्लादेशी होने के शक में 52 श्रमिकों को लेकर हरियाणा सरकार का पत्र, ममता ने किया विरोध

**कोलकाता, समाज़ा :** हरियाणा सरकार द्वारा बांग्लादेशी संदिग्ध बताते हुए 52 श्रमिकों की सूची पश्चिम बंगाल सरकार को भेजे जाने के बाद राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। नवान्न में मंगलवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में ममता ने इस पत्र पर नाराजगी जताते हुए इसे बंगालियों और बंगाली भाषा के खिलाफ साजिश करार दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा सरकार ने हाल ही में एक पत्र भेजा है, जिसमें इन 52 श्रमिकों की नागरिकता को लेकर जानकारी मांगी गई है। इन श्रमिकों में से अधिकांश पश्चिम बंगाल के मालदह, मुर्शिदाबाद, उत्तर व दक्षिण दिनाजपुर, नदिया, कूचबिहार और उत्तर 24 परगना जिलों के निवासी हैं। ममता ने कहा कि इन श्रमिकों को केवल उनकी भाषा के आधार पर बांग्लादेशी बताकर निशाना बनाया जा रहा है, जो पूरी तरह निंदनीय है।

उन्होंने कहा, हर जिले को टारगेट कर बंगाल को संकट में डालने की कोशिश हो रही है। यह भाषायी आतंक है। ममता ने प्रवासी श्रमिकों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके साथ खड़ी है और उन्हें डरने की कोई आवश्यकता नहीं है।



मुख्यमंत्री ने केंद्र और भाजपा शासित राज्यों पर हमला करते हुए कहा कि बंगालियों को बार-बार बांग्लादेशी कहना एक राजनीतिक चाल है। उन्होंने पूछा कि जब बंगाल के श्रमिकों को प्रताड़ित किया जा रहा है, तब देश के अन्य हिस्सों में आतंकी घटनाओं के दोषियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही।

**बी.आर. सिंह अस्पताल, सियालदह में कॉन्ट्रैक्चुअल मेडिकल प्रैक्टिशनर (स्पेशलिस्ट) की नियुक्ति**

वॉक-इन-इंटरव्यू

निम्नलिखित कॉन्ट्रैक्चुअल मेडिकल प्रैक्टिशनर के चयन के लिए चिकित्सा निदेशक के कार्यालय, बी. आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह, कोलकाता-700014 में **दिनांक 06.08.2025 को दोपहर 12 बजे** निम्नलिखित नियम और शर्तों के अनुसार वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ, सीवी और 03 पासपोर्ट आकार के फोटो, सभी मूल कागजात (फोटोकॉपी सहित) जैसे कि मार्कशीट और प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एमसीआई/राज्य पंजीकरण, अनुभव प्रमाण पत्र और चरित्र प्रमाण पत्र लेकर आना होगा। **अस्पताल का नाम और पता:** बी. आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह, कोलकाता 700014, **स्थान:** एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक। **विभाग और रिक्तियाँ** निम्नानुसार हैं: **● सर्जरी-02 ● मेडिसिन-01 ● गाइनीकोलॉजी एवं ऑब्सटेट्रिक्स-01 ● एनेस्थिसियोलॉजी-01 ● साइकाइट्री-01**

**नियम एवं शर्तें: 1.** न्यूनतम पेशेवर योग्यता: स्नातकोत्तर डिग्री (एमडी/एमएस/डीएनबी) **2.** आयु सीमा: राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के नियमों के अनुसार: सामान्य आवेदकों के लिए दिनांक 06.08.2025 को 53 वर्ष। आरक्षित समुदायों के आवेदकों और सेवानिवृत्त आईआरएचएस डॉक्टरों/केंद्र/राज्य सरकार के सेवानिवृत्त सरकारी डॉक्टरों को मौजूदा नियमों के अनुसार आयु में छूट स्वीकार्य होगी। **3. मासिक पारिश्रमिक:** रु.1,23,500/-प्रति माह [केंद्र/राज्य सरकार के सेवानिवृत्त डॉक्टर समान राशि के अधिकारी हैं, बशर्ते कि पारिश्रमिक और वेतन अंतिम आहरित वेतन से अधिक न हो]। **4.** किसी भी चरण में किसी भी तथ्य को छिपाने पर उम्मीदवारी तुरंत समाप्त कर दी जाएगी।

विस्तृत सूचना पूर्व रेलवे की वेबसाइट **http://www.er.indianrailwavs.gov.in** पर देखी जा सकती है।

**चिकित्सा निदेशक, बी. आर. सिंह अस्पताल/सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

## आरजी कर भ्रष्टाचार मामला : गवाह से संबंधित दस्तावेज नहीं लाने पर सीबीआइ को फटकार

### जज ने पूछा-आप झूठ क्यों बोल रहे हैं?

**कोलकाता :** अलीपुर कोर्ट के न्यायाधीश ने मंगलवार को आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के भ्रष्टाचार के मामले में गवाह से संबंधित दस्तावेज नहीं लाने सीबीआइ को फटकार लगाई। इस दिन शिकायतकर्ता देवल घोष गवाही देने के लिए अदालत में पेश हुए। तभी सीबीआइ से मूल आरोप पत्र दिखाने को कहा गया। तब सीबीआइ के वकील ने अदालत को बताया कि देवल घोष ने टाला पुलिस स्टेशन में जो आरोपपत्र जमा किया था, वह उनके पास नहीं है। इससे जज नाराज हो गए। उन्होंने सीधे जांच अधिकारी से पूछा कि वह पूरे दस्तावेज कोर्ट क्यों नहीं ले गए? तब सीबीआइ के जांच अधिकारी ने कहा कि रिकार्ड किसी दूसरी अदालत में हो सकते हैं। उन्होंने समय मांगा।




इसके बाद जज ने पूछा कि वह झूठ क्यों बोल रहे हैं? इस तरह की कार्यशैली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बीच आरोपितं के वकीलों ने कोर्ट में सवाल उठाया कि मूल चार्जशीट के बिना ट्रायल प्रक्रिया कैसे शुरू हो गई? जज ने जांच अधिकारी को काम में लापरवाही बरतने और कोर्ट की ठीक से मदद न करने के लिए चेतावनी दी। जज ने ऐसी घटना दोबारा होने पर जांच अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

### पश्चिम बंगाल विधानसभा का विशेष सत्र अगस्त में हो सकता हैं,

## भाजपा शासित राज्यों में बंगालियों के उत्पीड़न पर प्रस्ताव लाने की तैयारी

**कोलकाता :** भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी लोगों के कथित उत्पीड़न को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार अगले महीने विधानसभा का एक विशेष सत्र बुला सकती है। सूत्रों के मुताबिक, यह सत्र आठ अगस्त से 21 अगस्त के बीच किसी भी दिन आयोजित किया जा सकता है, जिसमें इस मुद्दे पर एक विशेष प्रस्ताव पेश किया जाएगा।

राज्य के संसदीय कार्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि इस विशेष सत्र में प्रस्ताव के अलावा चार अन्य नए विधेयक भी सदन में पेश किए जा सकते हैं। हालांकि, अभी सारी चीजें विचार-विमर्श के स्तर पर हैं। प्रस्ताव को अंतिम रूप दिए जाने के बाद ही इसे विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी के पास भेजा जाएगा।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व चाहता है कि भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी लोगों के कथित उत्पीड़न के मुद्दे पर पार्टी की आधिकारिक स्थिति विधानसभा की कार्यवाही में दर्ज हो। इसी रणनीति के तहत सत्र बुलाने की योजना बनाई जा रही है।

मामले पर राज्य कैबिनेट के एक वरिष्ठ मंत्री ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर पुष्टि की कि तृणमूल कांग्रेस ने हर सप्ताहांत इस मुद्दे पर राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है। साथ ही, इस विषय को सदन में भी गंभीरता से उठाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कोलकाता के धर्मतल्ला में आयोजित तृणमूल कांग्रेस की वार्षिक 'शहीद दिवस' रैली में घोषणा की थी कि 27 जुलाई से राज्यभर में सप्ताहांत प्रदर्शनों की शुरुआत होगी। उन्होंने इस अभियान को 'भाषा आंदोलन' की तरह करार दिया।

ज्ञात हो कि 'भाषा आंदोलन' ऐतिहासिक रूप से पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में बंगला भाषा को आधिकारिक दर्जा दिलाने के लिए शुरू हुआ था, जिसने आगे चलकर बांग्लादेश के निर्माण की नींव रखी थी।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को दिल्ली रवाना होने से पहले ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह खुद को बंगाली भाषा और संस्कृति की रक्षक के रूप में प्रस्तुत कर रही हैं क्योंकि उन्हें राज्य में तृणमूल सरकार के खिलाफ बढ़ते जनविरोध का एहसास हो चुका है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 11, गार्डनरीच, कोलकाता-700043, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा पूर्व प्रकाशित **निविदा सूचना सं. पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2025/26 दिनांक: 11.07.2025 एवं क्रमांक 6 एवं 25** में संशोधन। ऊपर उल्लेखित निविदा में **निविदा खुलने की तारीख** को कृपया **निविदा सं. 45253204** के लिए दिनांक 02.09.2025 के स्थान पर **01.08.2025** तथा **निविदा सं. 45253208** के लिए दिनांक 23.09.2025 के स्थान पर **01.08.2025** के रूप में पढ़ें। अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। **(PR-425/C)**

## अलीपुर चिड़ियाघर में पशु प्रजातियों की संख्या में विसंगति को लेकर वन विभाग ने जांच के आदेश दिए

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल वन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान 149 साल पुराने अलीपुर प्राणि उद्यान की पशु सूची में बड़ी विसंगति के बारे में मीडिया में आई खबरों को लेकर जांच का आदेश दिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। खबरों में केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) के निष्कर्षों का हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में 672 पशु प्रजातियां थी जो 2025 में घटकर 351 रही गईं, यानी इनमें 321 की कमी आई। राज्य के मुख्य वन्य जीव संरक्षक एस सुंदरियाल ने बताया कि विभाग ने खबर को लेकर जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में रिपोर्ट दो सप्ताह के भीतर प्रस्तुत की जाएगी। इस महीने की शुरुआत में एनजीओ 'स्वजोन' द्वारा कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें उच्च न्यायालय से हस्तक्षेप करने और अलीपुर चिड़ियाघर के अधिकारियों को पशु प्रजातियों की सही संख्या बताने, यदि उनकी संख्या में कोई उल्लेखनीय कमी आई है, उसकी जानकारी देने तथा गणना के लिए अपनाई गई पद्धति के बारे में विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका के बारे में पूछे जाने पर सुंदरियाल ने कहा, हमने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है और हमने संबंधित चिड़ियाघर अधिकारियों से सभी विवरण मांगे हैं। जो भी कार्रवाई करने की आवश्यकता होगी, हम करेंगे। चिड़ियाघर के अधिकारियों ने कहा कि यह विसंगति कुछ और नहीं बल्कि गणना पद्धति में एक साधारण त्रुटि है जिसे जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा।




## कोलकाता के काशीपुर में निर्माणाधीन इमारत में राजमिस्त्री मृत पाया गया

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के उत्तरी कोलकाता के काशीपुर इलाके में स्थित एक निर्माणाधीन इमारत में मंगलवार को 37 वर्षीय एक व्यक्ति का शव मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान मिथुन मंडल के रूप में हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मंडल रतनपुर घाट के पास स्थित इमारत के निर्माण कार्य में शामिल था। वह एक राजमिस्त्री था। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## भाजपा ने 'दुर्गा आंगन' योजना को लेकर ममता पर साधा निशाना, तृणमूल ने किया पलटवार

**कोलकाता :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की राज्य में 'दुर्गा आंगन' के निर्माण की घोषणा को लेकर मंगलवार को निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह कदम सार्वजनिक धन से धर्म को बढ़ावा देकर संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने उक्त परियोजना की वैधता और उद्देश्य पर सवाल उठाते हुए बनर्जी पर धार्मिक उद्देश्यों के लिए राज्य के संसाधनों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। अधिकारी ने कहा, 'कोई भी धार्मिक स्थल, चाहे वह मंदिर हो, मस्जिद हो, चर्च हो या गुरुद्वारा हो। यह करदाताओं के पैसे से नहीं बनाया जा सकता। संविधान इसकी इजाज़त नहीं देता है।' विपक्ष के नेता ने कहा, 'उन्होंने (ममता) न तो संविधान पढ़ा है और न ही वह अपने धर्म को समझती हैं। ऐसे बयान देने से पहले उन्हें खुद को शिक्षित करना चाहिए।' ममता बनर्जी ने कोलकाता में 21 जुलाई को शहीद दिवस रैली में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए घोषणा की थी कि इस साल अप्रैल में दीघा में जगन्नाथ धाम के उद्घाटन के बाद अब वह 'दुर्गा आंगन' नाम से एक भव्य परिसर के निर्माण की योजना बना रही हैं। भाजपा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी का हाल ही में हिंदू धार्मिक प्रतीकों पर दिया गया ज़ोर एक राजनीतिक चाल है, जिसका उद्देश्य बंगाल में भाजपा के धार्मिक मतदाता आधार में सेंधमारी है। तृणमूल के प्रवक्ता रिजु दत्ता ने मुख्यमंत्री की उक्त घोषणा के संबंध में उनका समर्थन करते हुए कहा, 'शुभेंदु ममता बनर्जी के प्रति अपनी नफरत में अंधे हो गए हैं। राजनीति में आने से पहले भी वह हमेशा से आध्यात्मिक रही हैं। वह घर पर काली माता की पूजा करती थीं। वह जगन्नाथ के रूप में नारायण को बंगाल लाईं और जगन्नाथ धाम का निर्माण कराया। अब वह मां दुर्गा का मंदिर बनवाने की योजना बना रही हैं।' दत्ता ने सवाल उठाया कि क्या भाजपा को यह तय करने का अधिकार है कि कौन हिंदू है। उन्होंने कहा, 'उन्होंने हजारों स्थानीय दुर्गा पूजा आयोजनों को आर्थिक सहायता दी है और इस पर्व को यूनेस्को की धरोहर मान्यता दिलाने में भी मदद की है। वह हर साल दुर्गा पूजा उत्सव का आयोजन भी करती हैं। क्या ये सब मायने नहीं रखते? भाजपा जगन्नाथ धाम को 'थीम पार्क' कहकर मज़ाक उड़ाती है और अब उनके (ममता के) विश्वास पर सवाल उठा रही है। जनता इसका जवाब देगी।'



**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस से 26/ईटी/2025-26 दिनांक: 18.07.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 11241367 | अन्डर फ्रेम कम्पलीट विद बायो टैंक अरेंजमेंट फॉर एसी 3 टीयर (इओजी) एलएचबी टाइप कोच | 117 नग | 19/08/2025 |
| 02 | 03251316 | सेट ऑफ फेब्रीकेटेड असेम्बली फॉर एलएचबी लो नाइज पावर कार | 151 सेट | 08/08/2025 |
| 03 | 12241497 ए | एंटी रोल बार ब्रैकेट | 10946 नग | 14/08/2025 |
| 04 | 07251407 | सेट ऑफ आइटम फॉर टी02ए टी03ए टी04 टूल | 11 सेट | 06/08/2025 |
| | | सेट ऑफ आइटम फॉर टी05ए टी06 टूल | 11 सेट | |
| | | सेट ऑफ आइटम फॉर टी01 टूल | 14 सेट | |
| 05 | 07251372 | सेट ऑफ आइटम फॉर टूल ऑफ सीएनसी हॉरिजेन्टल लेथ मशीन | 22 सेट | 06/08/2025 |
| | | सेट ऑफ आइटम फॉर टूल ऑफ सीएनसी हॉरिजेन्टल लेथ मशीन | 17 सेट | |
| | | सेट ऑफ आइटम फॉर टूल ऑफ सीएनसी हॉरिजेन्टल लेथ मशीन | 22 सेट | |
| 06 | 03251419 | ईयूआरओ बाउल असेम्बली कम्पलीट | 2909 नग | 13/08/2025 |
| 07 | 07251577 | सेट ऑफ आइटमस फॉर टूल फॉर हरिजानटल मशीनिंग मशीन | 17 सेट | 08/08/2025 |
| | | सेट ऑफ आइटमस फॉर टूल फॉर हरिजानटल मशीनिंग मशीन | 17 सेट | |
| | | सेट ऑफ आइटमस फॉर टूल फॉर हरिजानटल मशीनिंग मशीन | 17 सेट | |
| | | सेट ऑफ आइटमस फॉर टूल फॉर हरिजानटल मशीनिंग मशीन | 17 सेट | |
| 08 | 03251625 | एफआरपी मॉड्यूलर टॉयलट फॉर एलएचबी नान एसी चेयर कार कोचेज | 200 सेट | 08/08/2025 |
| 09 | 07251399 | सेट ऑफ आइटम फॉर टी 01 टूल फॉर वीटीएल मशीन | 11 सेट | 21/08/2025 |
| | | सेट ऑफ आइटम फॉर टी 10 टूल फॉर वीटीएल मशीन | 11 सेट | |
| | | सेट ऑफ आइटम फॉर टी 08 टूल फॉर वीटीएल मशीन | 11 सेट | |
| | | सेट ऑफ आइटम फॉर टी 07 टूल फॉर वीटीएल मशीन | 11 सेट | |
| | | सेट ऑफ आइटम फॉर टी 06 टूल फॉर वीटीएल मशीन | 11 सेट | |
| | | सेट ऑफ आइटम फॉर टी 05 टूल फॉर वीट्रीएल मशीन | 11 सेट | |
| | | सेट ऑफ आइटम फॉर टी 04 टूल फॉर वीटीएल मशीन | 11 सेट | |
| | | सेट ऑफ आइटम फॉर टी 03 टूल फॉर वीटीएल मशीन | 11 सेट | |
| 10 | 07241392 | सेट ऑफ आइटम फॉर जी02 टूल फॉर डब्लूडीसी मशीन | 13 सेट | 26/08/2025 |
| | | सेट ऑफ आइटम फॉर बी04 टूल फॉर डब्लूडीसी मशीन | 13 सेट | |
| | | सेट ऑफ आइटम फॉर बी02 टूल फॉर डब्लूडीसी मशीन | 13 सेट | |
| 11 | 05251179 | 150 एसक्यू एमएम (रेड) थिन वाल्ड फ्लेक्सिबल इलेस्टोमेरिक केबल विद कापर कन्डक्टर | 4000 एमटीआर | 18/08/2025 |
| | | 150 एसक्यू एमएम (येलो) थिन वाल्ड फ्लेक्सिबल इलेस्टोमेरिक केबल विद कापर कन्डक्टर | 4000 एमटीआर | |
| | | 150 एसक्यू एमएम (ब्लू) थिन वाल्ड फ्लेक्सिबल इलेस्टोमेरिक केबल विद कापर कन्डक्टर | 4000 एमटीआर | |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 20/ईटी/2025-26 दिनांक 28.06.2025 | टैन्डर न. 05251053 | निविदा खुलने की तिथि 17/07/2025 स्थान पर तिथि 30/07/2025 पढ़े। |
| 02 | 17/ईटी/2025-26 दिनांक 21.06.2025 | टैन्डर न. 03251415 | निविदा खुलने की तिथि 22/07/2025 स्थान पर तिथि 01/08/2025 पढ़े। |

**Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in**

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम & पी

**ई-निविदा सूचना सं०** 18/2025-26 (खुली) /उमुई ।।/ एमसीएफ / आरबीएल

उप मुख्य इंजीनियर-।।/ आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है ।

**क्रम सं-1 कार्य का नाम-** एमसीएफ/आरबीएल के प्रशासनिक भवन, बाहरी फर्श, शौचालय ब्लॉक और फर्श, सीवरलाइन, चैंबरए तुफान जल लाइन, सतही नाली, तालाब, स्थिर टैंक की सफाई / झाडू लगाना तथा स्वच्छताकरण दो वर्षो के लिए। **निविदा सं०-** 02-2025-26-RT **अनुमानित लागत रू०-** 1,17,88,536.91 **निविदा खुलने की तिथि-** 13.08.2025 **कार्य समापन की अवधि-** 24 माह

● निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल/ संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रकिया की अनुमति नही है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। ● आधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।

उप मुख्य इंजीनियर-।।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/45, दिनांक: 21.07.2025,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं:

● **(क) क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: (1) 08251475; कॉन्टैक्टर 3 पोल, 32 एम्पियर क्षमता; रु. 1,26,230/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 05.08.2025 को 13.30 बजे,** (2) 08251483; 110वी. 200 एएच लेड एसिड बैटरी (एलएम); रु.1,50,600/-, (3) 08251613; 110वी. 40 एएच लेड एसिड बैटरी (एलएम); रु.1,12,910/-, (4) 15255025ए; रोटरी स्क्रू विद्युत चालित एयर कम्प्रेसर की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ करना, क्षमता:-500 सीएफएम, 10 केजी/सेमी²; रु.3,54,180/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 06.08.2025 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 2 से 4 हेतु), (5) 08251114; ट्रैक्शन मोटर के लिए कार्बन ब्रश का क्रय आदि; रु.3,47,210/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 08.08.2025 को 13.30 बजे,** (6) 11241257सी; स्फेरोलास्टिक साइलेंट ब्लॉक एस्कॉर्ट्स आदि का क्रय; रु.5,50,000/-, (7) 11251003; एल्यूमिनियम एक्सल बॉक्स फ्रंट कवर आदि का क्रय; रु.1,02,700/-, (8) 20255018; कम्प्लीट पैंटोग्राफ डब्ल्यूबीएल 22.03, आपूर्ति का दायरा-न्यूमैटिक कंट्रोल यूनिट एवं वाल्व प्लेट असेंबली और इंसुलेटरों के साथ पैंटोग्राफ असेंबली; रु.4,01,680/-, (9) 21251028; बगैर हाउसिंग के एच.एस. बोगी के लिए कॉन्स्टैंट कॉन्टैक्ट पॉलियूरिथेन साइड बेयरर पैड असेंबली आदि के लिए किट; रु.20,00,000/-, (10) 21251389; योक पिन आदि; रु.1,31,080/- **निविदा खुलने की तिथि और समय :11.08.2025 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 6 से 10 हेतु), (11) 11251493; अप्रैल 2019 के आरडीएसओ के स्पेसि. नं. आरडीएसओ/2011/सीजी-03 (रिव-03) के अनुसार जुलाई 2024 के अमेंडमेंट स्लिप नं. 1 के साथ वेयर प्लेट का क्रय। एफटीआरटीआईएल पार्ट नं. डी228582-103/एस्कॉर्ट्स के ड्रॉ. नं. एसके-711; रु.1,33,370/-, (12) 14251137; स्पेसिफिकेशन नं. आईआरएस:एस-63/2014 (रिव.4.0) के अनुसार साइज: 6 कोर x 1.5 वर्ग मिमी के हाई कंडक्टिविटी कॉपर कंडक्टर के साथ अंडरग्राउंड, आर्मर्ड, अनस्क्रींड रेलवे सिग्नलिंग केबल (हेवी ड्यूटी); रु.1,81,040/-, (13) 20251079; ईएमयू कोचों के शाकू कपलर के लिए रबर स्प्रिंग प्लेट; रु. 3,74,840/-, (14) 21251205ए; 'के' टाइप कम्पोजिशन ब्रेक ब्लॉक आदि; रु. 9,61,970/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 18.08.2025 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 11 से 14 हेतु), (15) 08251089; रेलवे कैरिज फैन 140 वोल्ट एसी, 50 हर्ट्ज, फिक्स्ड टाइप; रु.3,62,260/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 19.08.2025 को 13.30 बजे,** (16) 11251549; टॉप फ्लेंज; रु. 3,79,610/-, (17) 11251609; फिएट के लैटरल बम्प स्टॉप का क्रय आदि; रु.2,25,010/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 20.08.2025 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 16 एवं 17 हेतु), (18) 20251152; ईएमयू के लिए ट्रैक्शन मोटर टाइप 253 बीएक्स/बीडब्ल्यू एवं 4601 एजेड के लिए लेदर बल्लो; रु. 2,10,470/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 21.08.2025 को 13.30 बजे,** (19) 11251809; प्राइमरी सस्पेंशन के लिए हाइट्रेल लोअर वॉशर का क्रय आदि; रु. 13,69,020/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 25.08.2025 को 13.30 बजे,** (20) 21251038; कपलर रॉड (एयर ब्रेक के लिए) बीओएक्सएन वैगन आदि; रु.2,17,560/-, (21) 21251050; कैसनब 22 एचएस बोगी के लिए आउटर स्प्रिंग आदि; रु. 2,91,370/- (22) 21251058; कैसनब 22 एचएस बोगी के लिए इनर स्प्रिंग आदि; रु. 2,27,120/- (23) 21251277; लोड सेंसिंग डिवाइस आदि; रु. 2,81,510/-, (24) 21251468ए; बीएमबीएस बोगी के लिए ब्रेक हेड आदि; रु.3,49,230/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 01.09.2025 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 20 से 24 हेतु), (25) 11251824; हाई टेंसाइल टाइट लॉक सेंटर बफर; रु.3,31,330/-, (26) 21251412; एनएलबी बोगी के लिए कॉन्स्टैंट कॉन्टैक्ट पॉलियूरिथेन साइड बेयरर पैड असेंबली आदि; रु. 4,26,910/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 08.09.2025 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 25 एवं 26 हेतु), (27) 21251382ए; नकल आदि; रु. 20,00,000/- **निविदा खुलने की तिथि और समय : 10.09.2025 को 13.30 बजे, निविदा मूल्य :** रु.0 (क्रम सं. 1 से 27 प्रत्येक हेतु)।

● **(ख) क्रम सं.; निविदा सं.; संक्षिप्त विवरण; अनुमानित निविदा मूल्य और निविदा की अंतिम तिथि** निम्नानुसार हैं: (1) 12254006; आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-671 के तहत ग्लूड इंसुलेटेड रेल जॉइंट्स के लिए आरजीसी; रु.14,23,55,200/- एवं 11.08.2025

● **(ग) शुद्धिपत्र:** निम्नलिखित निविदा के लिए जारी शुद्धिपत्र हेतु कृपया www.ireps.gov.in देखें: 12255281 **नियत तिथि** 28.07.2025

**टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

Stores-23/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# दिलीप घोष का देव पर हमला : कहा 'भला लड़का है, लेकिन बेकार'

❑ घाटाल मास्टर प्लान को लेकर उठाए सवाल



**कोलकाता :** पश्चिम मिदनापुर के खड़गपुर से वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप घोष ने तृणमूल कांग्रेस के लोकप्रिय अभिनेता-सांसद देव (दीपक अधिकारी) को लेकर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने एक ओर जहां देव को मेदिनीपुर का अच्छा लड़का कहा, वहीं दूसरी ओर उन्हें निष्क्रिय और राजनीति में बेकार बताते हुए उन्हें इस्तीफा देने की सलाह दी। घोष ने सीधे-सीधे आरोप लगाया कि देव को तृणमूल नेतृत्व ने जबरन चुनाव लड़ने को मजबूर किया और अब वह पार्टी के दबाव में राजनीति कर रहे हैं।

दिलीप घोष मंगलवार सुबह खड़गपुर में मॉर्निंग वॉक के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। जब उनसे घाटाल के सांसद देव को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, अच्छा लड़का है, लेकिन ऐसा निष्क्रिय अच्छा लड़का किस काम का? किसके दबाव में देव अब भी राजनीति कर रहे हैं? घोष ने तंज कसते हुए कहा कि देव हर बार चुनाव में वादा करते हैं कि घाटाल मास्टर प्लान को लागू कराएंगे, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ।

भाजपा नेता ने कहा कि देव ने 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ना नहीं चाहा था, लेकिन ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी ने उन्हें मनाया और वादा किया कि यदि केंद्र सरकार पैसा नहीं देती तो राज्य सरकार अपने खर्च पर घाटाल मास्टर प्लान लागू करेगी। इसी आश्वासन पर देव ने चुनाव लड़ा और भारी मतों से जीत भी हासिल की। अब जबकि योजना के कार्यान्वयन में समय लग रहा है और घाटाल के लोग परेशान हैं, देव ने न तो स्थिति का जायजा लिया और न ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचे।

दिलीप घोष ने तीखे शब्दों में कहा, देव को कहा गया कि अगर राजनीति नहीं की तो उनकी फिल्में बंद कर दी जाएंगी, प्रोडक्शन में अड़चन डाली जाएगी। अगर उनमें दम है तो बाहर निकल कर दिखाएं। अब उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए। वो खुद खड़े नहीं होना चाहते थे, पार्टी ने जबरन खड़ा किया।

❑ **'पार्टी और कार्यकर्ता चाहें तो खड़गपुर से लड़ूंगा विधानसभा चुनाव'**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने आगामी 2026 विधानसभा चुनाव में खड़गपुर से चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। मंगलवार सुबह खड़गपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या वे एक बार फिर खड़गपुर से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, तो उन्होंने जवाब दिया- तुम लोग कहो तो कोशिश करूंगा। पार्टी जो कहेगी, वही करूंगा। पार्टी से मुझे कुछ चाहिए नहीं, और पार्टी को भी मुझसे कुछ चाहिए नहीं।

# एसएससी की नयी भर्ती प्रक्रिया में शिक्षक के लिए 5.9 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) द्वारा शुरू किये गए भर्ती अभियान के तहत पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में शिक्षक के पदों के लिए आवेदनों की संख्या 2016 की तुलना में 2025 में लगभग दोगुनी हो गई है। भर्ती प्राधिकारियों द्वारा दिए गए आंकड़ों से यह जानकारी सामने है। आवेदनों की बढ़ी हुई संख्या इस तथ्य के बावजूद दर्ज की गई कि राज्य के स्कूली शिक्षा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के कारण उच्चतम न्यायालय ने डब्ल्यूबीएसएससी की 2016 की सभी नियुक्तियों को रद्द कर दिया और नयी भर्ती का आदेश दिया।

डब्ल्यूबीएसएससी के वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सरकार द्वारा संचालित और सरकारी-सहायता प्राप्त स्कूलों में माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर 35,726 सहायक शिक्षक पदों के लिए लगभग 5.9 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। 2016 में यह संख्या लगभग 3.16 लाख थी। डब्ल्यूबीएसएससी के अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने पुष्टि की, लगभग 5.8-5.9 लाख उम्मीदवारों ने सरकार द्वारा संचालित और सरकारी-सहायता प्राप्त माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सहायक शिक्षकों के पदों के लिए आवेदन किया है। आयोग के रिकॉर्ड का हवाला देते हुए एक अधिकारी ने कहा, वर्ष 2016 में कक्षा नौवीं-दसवीं के लिए कुल 1.41 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जबकि उसी वर्ष 11वीं और 12वीं कक्षा के लिए 1.75 लाख उम्मीदवारों ने शिक्षक पदों के लिए पंजीकरण कराया था।

### अमेजन इंडिया का प्राइम डे 2025 बना अब तक का सबसे बड़ा शॉपिंग इवेंट

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया का प्राइम डे 2025 अब तक का सबसे ज्यादा खरीदारी वाला आयोजन बन गया है। इस तीन दिवसीय मेगा सेल में हर मिनट 18,000 से अधिक ऑर्डर दर्ज हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 50% अधिक है। प्राइम मेंबर्स की बड़ी संख्या टियर-2 और टियर-3 शहरों से रही, जहां से 70% नए साइन-अप हुए। डिलीवरी के मामले में भी अमेजन ने नए रिकॉर्ड बनाए। मेट्रो शहरों में सेम-डे डिलीवरी दो गुनी बढ़ी, जबकि छोटे शहरों में 2 दिन के भीतर उत्पाद पहुंचे। इस बार सबसे अधिक छोटे और मध्यम विक्रेताओं ने बिक्री की, जिनमें से 68% टियर-2/3 शहरों से थे। अमेजन पे का उपयोग भी बढ़ा, खासकर छोटे शहरों में, जहां 60% से अधिक लेनदेन हुए। प्राइम वीडियो पर लॉन्च हुए भारतीय टाइटल्स को 224 देशों में देखा गया, जिससे यह आयोजन शॉपिंग और मनोरंजन दोनों में ऐतिहासिक बन गया।

## पश्चिम बंगाल: बिहार जाने वाली ट्रेन से 56 युवतियों को बचाया गया, दो लोग गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पर एक ट्रेन से 56 युवतियों को बचाया गया और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इन युवतियों को सोमवार देर रात न्यू जलपाईगुड़ी-पटना कैपिटल एक्सप्रेस से बचाया गया। बचाई गई इन युवतियों की आयु 18 से 31 वर्ष के बीच है। अधिकारियों ने बताया कि ये महिलाएं पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरद्वार जिलों की रहने वाली हैं और उन्हें बेंगलुरु की एक कंपनी में नौकरी दिलाने का कथित तौर पर झूठा वादा करके बहकाया गया था। उन्होंने बताया कि उन्हें ट्रेन से बिहार भेजा जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी महिला के पास वैध टिकट नहीं था और उनके हाथों पर केवल कोच एवं बर्थ संख्या की मुहर लगी हुई थी। उन्होंने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मियों को ट्रेन की नियमित जांच के दौरान इतनी सारी युवतियों को एक साथ यात्रा करते देखकर संदेह हुआ और बाद में पूछताछ में गंभीर विसंगतियां सामने आईं। अधिकारियों ने बताया कि एक पुरुष और एक महिला को विरोधाभासी बयान देने पर मौके पर ही




गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी यह स्पष्ट नहीं कर पाए कि जब महिलाओं को बेंगलुरु में नौकरी दिलाने का वादा किया गया था तो उन्हें बिहार क्यों भेजा जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि वे नौकरी की पेशकश या यात्रा के वैध कारणों की पुष्टि करने वाले कोई भी दस्तावेज पेश करने में विफल रहे। उन्होंने बताया कि जीआरपी और राजकीय रेलवे पुलिस (आरपीएफ) खासकर मानव तस्करी के पहलू से मामले की संयुक्त रूप से जांच कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि लड़कियों को उनके परिवारों को सौंप दिया गया है।

## कोलकाता में एनसीसी के पहले ड्रोन प्रशिक्षण स्कूल का एडीजी ने किया शुभारंभ

### युवा एनसीसी कैंडेटों का उत्साहवर्धन करने के लिए एडीजी ने बेहला एयरफील्ड का किया दौरा

**कोलकाता :** एनसीसी के पश्चिम बंगाल और सिक्किम निदेशालय ने युवाओं को सशक्त बनाने के एक दूरदर्शी पहल में कोलकाता में ड्रोन प्रशिक्षण स्कूल की शुरुआत की है। एनसीसी के ग्रुप मुख्यालय कोलकाता बी की देखरेख में 1 बंगाल एयर स्क्वाड्रन यूनिट के तहत बेहाला फ्लाइंग क्लब में संचालित होने वाले इस अत्याधुनिक ड्रोन प्रशिक्षण स्कूल का सोमवार को उद्घाटन एनसीसी के बंगाल व सिक्किम निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल विवेक त्यागी ने किया। बंगाल में एनसीसी द्वारा शुरू किया गया यह पहला ड्रोन प्रशिक्षण स्कूल है।

इस अवसर पर एनसीसी कोलकाता बी मुख्यालय के ग्रुप कमांडर और 1 बंगाल एयर स्क्वाड्रन एनसीसी यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर



सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। एक अधिकारी ने बताया कि इस स्कूल में एनसीसी की एयर यूनिट से जुड़े कैडेटों को ड्रोन संचालन का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि एनसीसी कैडेटों को ड्रोन संचालन कौशल से लैस करने के उद्देश्य के साथ इस प्रशिक्षण स्कूल की शुरुआत की गई है, जो सुरक्षा, कृषि कार्यों, सर्वेक्षण, आपदा प्रतिक्रिया और तेजी से बढ़ते स्वदेशी ड्रोन उद्योग में अंतर्निहित कई अन्य कार्यात्मकताओं के समर्थन में भविष्य की तकनीक के साथ संरेखित हो।

अपने प्रशासनिक निरीक्षण के तहत बेहाला एयरफ़ील्ड स्थित एनसीसी के वायु प्रशिक्षण संस्थान (एनआईटीआईएनएस) के इस दौरे में एडीजी मेजर जनरल त्यागी ने 1 बंगाल एयर यूनिट की इस पहल की सराहना की। इस दौरे में उन्होंने एनसीसी में एयरविंग कैडेटों के लिए उड़ान प्रशिक्षण की समीक्षा की और यूनिट के एनसीसी कर्मचारियों और कैडेटों को सम्मानित भी किया। एडीजी ने एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के पीआई स्टाफ और तकनीकी दल के साथ भी बातचीत की और अच्छे कार्य को जारी रखने के उनके प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने एनसीसी कैडेटों के लिए बेहतर ड्रोन प्रशिक्षण सुनिश्चित करने हेतु इसकी प्रभावशीलता और बुनियादी ढांचे के विकास एवं संसाधनों की खरीद की प्रगति का भी आकलन किया।उन्होंने इस दौरे में तीनों विंग (थल सेना, नौसेना और वायु सेना) के कैडेटों के साथ भी बातचीत की और उनका मनोबल बढ़ाया।

## फर्जी बैंक अधिकारी बनकर युवती के साथ ठगी, एटीएम और लैपटॉप लेकर फरार

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर की एक युवती को ट्रेन में एक अजनबी से हुई मुलाकात महंगी पड़ गई, जब खुद को बैंक अधिकारी बताने वाले उस व्यक्ति ने उसे नौकरी का झांसा देकर धोखाधड़ी की। ठग ने युवती का विश्वास जीतने के बाद उसका एटीएम कार्ड, बैंक खाता विवरण, दस्तावेज और लैपटॉप हड़प लिया। पीड़िता ने भवानीपुर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, पीड़िता भवानीपुर के प्रियनाथ मल्लिक रोड की निवासी है। हाल ही में वह धौली एक्सप्रेस से ओडिशा के जलेश्वर से हावड़ा के सांतारागाछी की ओर यात्रा कर रही थी, तभी ट्रेन में उसकी मुलाकात एक सहयात्री से हुई, जिसने खुद को अभिजीत साहा नामक एक राष्ट्रीयकृत बैंक का पदस्थ अधिकारी बताया। बातचीत के दौरान उसने युवती को बैंक में नौकरी दिलाने का झांसा दिया और नकली नियुक्ति पत्र भी दिखाए। इंटरव्यू का हवाला देकर आरोपी ने युवती से आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, वोटर आईडी और मार्कशीट ली। इसके बाद उसने कहा कि उसके पिता अस्पताल में भर्ती हैं लेकिन उसका बैंक खाता काम नहीं कर रहा, जिसके चलते युवती ने सहानुभूति दिखाते हुए अपने बैंक की जानकारी साझा कर दी। आरोपी ने पहले खाते में 18,000 जमा कर विश्वास जीता, फिर 9,000 ई-वॉलेट से लिया और 10,000 निकालने के लिए एटीएम और लैपटॉप ले गया।

इसके बाद आरोपी ने मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया और युवती से संपर्क तोड़ दिया। आरोप है कि उसने युवती के दस्तावेजों का इस्तेमाल कर बैंक से कई लोन के लिए आवेदन भी किया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल डेटा के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

## कोलकाता ने ट्रेंड माइक्रो के प्रोएक्टिव डिफेंस अभियान के साथ साइबर सुरक्षा की दिशा में बढ़ाया कदम

**कोलकाता :** ट्रेंड माइक्रो ने भारत में अपने वर्ल्ड टूर के कोलकाता चरण का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 45 संगठनों के 90 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जो चार भारतीय शहरों में फैले इस दौरे का एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा। इस वर्ष की थीम थी प्रोएक्टिव सिक्योरिटी यहीं से शुरू होती है, जिसमें यह ज़ोर दिया गया कि अब रिएक्टिव डिफेंस से आगे बढ़कर एआई-आधारित सक्रिय सुरक्षा रणनीतियों को अपनाने का समय आ गया है। अपने मुख्य संबोधन में ट्रेंड माइक्रो की इंडिया एवं सार्क क्षेत्र की कंट्री मैनेजर शारदा टिक्कू ने बताया कि किस तरह साइबर हमलावर एआई का उपयोग करके हमलों की गति को तेज कर रहे हैं, जिससे पहले जो एक्सप्लॉइट हफ्तों में होते थे, अब घंटों में हो रहे हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि डिफेंसिव एआई इससे तेज़ी से विकसित हो रही है, जो रियल-टाइम डिटेक्शन, ऑटोमेटेड रिस्पॉन्स और प्रोएक्टिव थ्रेट मिटिगेशन को संभव बना रही है। प्रोएक्टिव सिक्योरिटी: द नेक्स्ट बिग शिफ्ट विषय पर आधारित पैनल चर्चा में कोल इंडिया लिमिटेड के जनरल मैनेजर (ई एंड टी)/प्रमुख डॉ. आर. एन. पात्रा, सेल के डिप्टी जनरल मैनेजर राकेश ओझा, और टाटा स्टील के सीआईएसओ व डीपीओ दिनेश कुमार श्रीमाली ने भाग लिया।

## मालदा मंडल की रेल सुरक्षा के लिए पहल, संवेदनशील क्षेत्रों में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**मालदह :** पूर्व रेलवे के मालदह मंडल द्वारा रेल हादसों और असामाजिक गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के निर्देशन में यह अभियान मवेशी रन ओवर, मानव रन ओवर, अलार्म चेन पुलिंग और चलती ट्रेनों पर पथराव जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आरपीएफ की टीमों ने हाल ही में भागलपुर-नाथनगर खंड, साहिबगंज स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों, हंसडीहा सेक्शन और विभिन्न ट्रेनों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन अभियानों में स्थानीय नागरिकों को रेलवे ट्रैक पार करने



की गंभीरता और उसके परिणामों से अवगत कराया गया। कार्यक्रमों में पथराव, ट्रैक पर कचरा फेंकना, पटरियों पर वस्तुएं रखना, सिग्नल उपकरणों से छेड़छाड़ जैसे अवैध कार्यों के खिलाफ भी सख्त चेतावनी दी गई। बताया गया कि ये गतिविधियां रेलवे अधिनियम के तहत दंडनीय हैं और यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। मालदा मंडल द्वारा इस तरह के जनजागरूकता अभियान जारी रहेंगे।

### निम्न दबाव का क्षेत्र बनने से दक्षिण बंगाल के जिलों में हो सकती है भारी वर्षा

**कोलकाता :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना से 24 से 28 जुलाई तक दक्षिण बंगाल के कुछ हिस्सों में भारी से अत्याधिक भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। आईएमडी ने कहा कि बुधवार तक बंगाल की खाड़ी के उत्तरी भाग के ऊपर चक्रवाती हवाएं चलने की संभावना है जिसके फलस्वरूप अगले दो दिनों में उस इलाके में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की उम्मीद है। उसका कहना है कि निम्न दबाव प्रणाली और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के कारण, दक्षिण बंगाल में बारिश बढ़ने की संभावना है। विभाग के अनुसार, 24-28 जुलाई की अवधि के दौरान क्षेत्र के कुछ जिलों में भारी से मूसलाधार वर्षा होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि 24 और 25 जुलाई को दक्षिण 24 परगना, झाड़ग्राम, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, बांकुरा और पुरुलिया जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी से मूसलाधार वर्षा होने की संभावना है।

## हावड़ा में मंचित नाटक बृष्टि नामबे बोले ने जीता दर्शकों का मन

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के भोलागिरी कला मंदिर में हावड़ा नाट्यजन द्वारा प्रस्तुत नाटक बृष्टि नामबे बोले (बारिश आने वाली है) ने अपने सशक्त अभिनय, सरल मंच सज्जा और भावनात्मक कथा के जरिए दर्शकों के मन पर गहरी छाप छोड़ी। राजा गुहा द्वारा लिखित और अजय साव के निर्देशन में मंचित यह नाटक सिर्फ तीन पात्रों के माध्यम से रिश्तों की जटिलता और मानवीय भावनाओं की गहराई को उजागर करता है। नाटक की कथा पापड़ी नामक महिला के जीवन संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमती है, जो पहले सीमा रक्षक अभिजीत सिंह से विवाह करती है, लेकिन संपर्क टूटने के बाद अपने सहपाठी सुप्रभात से शादी कर लेती है। उनके बेटे सूनंद के जन्म के बाद अचानक अभिजीत की वापसी होती है और अदालत के आदेश पर पापड़ी फिर से उसके साथ रहने लगती है। सूनंद बड़ा होकर वायुसेना पायलट बनता है और सीमा पर तैनाती से पहले उसे ज्ञात होता है



कि सुप्रभात ही उसका जैविक पिता है। मौसमी साव (पापड़ी), बासुदेव भट्टाचार्य (सुप्रभात) और अतीश (सुनंद) के प्रभावशाली अभिनय ने प्रस्तुति को जीवंत बनाया। सीमित मंच सज्जा के बावजूद सुशांत बाग की प्रकाश योजना और पार्श्व संगीत ने नाटक को एक नई ऊंचाई दी। दर्शकों की प्रतिक्रिया ने इसे एक सफल और सराहनीय प्रस्तुति सिद्ध किया।

## महात्मा गांधी रोड मेट्रो स्टेशन पर शुरू हुई नई पेयजल सुविधा, बेलगाछिया सब-स्टेशन को मिला तकनीकी उन्नयन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेल प्रबंधन ने यात्रियों की सुविधाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण पहलों को कार्यान्वित किया है। पहली पहल के तहत ब्लू लाइन के महात्मा गांधी रोड मेट्रो स्टेशन पर आज अतिरिक्त पेयजल आपूर्ति सुविधा का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (उत्तर) के.जे. देव मंडल ने महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस सुविधा का शुभारंभ किया। इस सुविधा के अंतर्गत स्टेशन परिसर में 20 हजार लीटर क्षमता का भूमिगत जल टैंक स्थापित किया गया है, जिससे यात्रियों को स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित होगी। दूसरी



बड़ी पहल के तहत मेट्रो की ब्लू लाइन की विद्युत आपूर्ति प्रणाली को 11 केवी से 33 केवी में अपग्रेड किया गया है। इस क्रम में बेलगाछिया स्थित पुराने 11 केवी ट्रैक्शन सब-स्टेशन को आज आधुनिक 33 केवी गैस इंसुलेटेड स्विच गियर युक्त नए ट्रैक्शन सब-स्टेशन से प्रतिस्थापित किया गया। इसका उद्घाटन वरिष्ठ अनुभाग अभियंता विश्वजीत रॉय ने महाप्रबंधक श्री रेड्डी और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

इस तकनीकी उन्नयन से न केवल ऊर्जा की बचत होगी, बल्कि विद्युत आपूर्ति प्रणाली अधिक विश्वसनीय और कुशल बन सकेगी। इसके परिणामस्वरूप लगभग 350 करोड़ रुपये की संभावित बचत होगी। मेट्रो प्रशासन ने बताया कि यह कार्य मेट्रो सेवाओं को बिना प्रभावित किए सफलतापूर्वक पूरा किया गया और जल्द ही दुमदुम ट्रैक्शन सब-स्टेशन को भी इसी प्रकार उन्नत किया जाएगा।

**न्यूज अपडेट**

### फ्रैंकलिन टेम्पलटन ने लॉन्च किया फ्रेंकलिन इंडिया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड

**कोलकाता :** फ्रैंकलिन टेम्पलटन (इंडिया) ने फ्रेंकलिन इंडिया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड (एफआईएमएएएफ) के शुभारंभ की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड मल्टी एसेट एलोकेशन फंड है जो इक्विटी, डेट और कमोडिटीज में निवेश करता है। यह फंड सक्रिय रूप से मैनेज किया जाएगा और इसका उद्देश्य लंबी अवधि में पूंजी में वृद्धिभ करना है।लॉन्च पर फ्रैंकलिन टेम्पलटन-इंडिया के प्रेसिडेंट अविनाश सत्वालकर ने कहा, इस फंड का लॉन्च हमारे ग्राहकों की प्राथमिकताओं, लक्ष्यों और चुनौतियों को समझने और उन्हें लंबी अवधि के वित्तीय उद्देश्यों से मेल खाने वाले समाधान देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एफआईएमएएएफ एक लचीली एलोकेशन स्ट्रैटेजी अपनाता है जो इक्विटी, फिक्स्ड इनकम और कमोडिटीज के विशिष्ट रिस्क-रिटर्न प्रोफाइल का लाभ उठाने के लिए डिजाइन की गई है।

### एडीआईए मेरील में 200 मिलियन अमरीकी डॉलर का निवेश करेगा

**कोलकाता :** अबू धाबी निवेश प्राधिकरण (एडीआईए) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ने माइक्रो लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड (मेरील) में लगभग 3% हिस्सेदारी के लिए 200 मिलियन अमरीकी डॉलर के निवेश के लिए अंतिम समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जो भारत की प्रमुख चिकित्सा उपकरण कंपनियों में से एक है। इस निवेश से मेरील का मूल्य 6.6 बिलियन अमरीकी डॉलर के एंटरप्राइज वैल्यू पर आंका गया है। यह लेन-देन भारत की प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से नियामक अनुमोदन के अधीन है। इस निवेश के बाद, मेरील को एडीआईए और वारबर्ग पिंकस जो कि दोनों ही वैश्विक स्तर पर पहचान प्राप्त निवेशक हैं, का समर्थन प्राप्त होगा। संजीव भट्ट, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट -स्ट्रेटेजी, मेरील ने कहा: एडीआईए द्वारा किया गया यह निवेश मेरील की दीर्घकालिक दृष्टि और वैश्विक महत्वाकांक्षाओं में विश्वास को मजबूत करता है। यह निवेश हमें विकास को तेज़ी से बढ़ाने, विश्व-स्तरीय प्रतिभाओं को आकर्षित करने और हमारे अनुसंधान और विकास और नैदानिक अनुसंधान प्रयासों को और अधिक मजबूत करने में मदद करेगा

### श्रावणी मेला बना आस्था का पर्व, तारकेश्वर स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ ने तोड़ा रिकॉर्ड

**कोलकाता, समाज्ञा :** हुगली जिले स्थित तारकेश्वर नगर में श्रावण मास के अवसर पर आयोजित श्रावणी मेला में इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सावन (जुलाई-अगस्त) के पावन माह में भगवान शिव को जलाभिषेक अर्पित करने के लिए बंगाल के विभिन्न हिस्सों से लाखों भक्त तारकेश्वर पहुंचते हैं। श्रावणी मेले के दौरान रेलवे टिकटों की मांग में अत्यधिक वृद्धि देखी जाती है। विशेष रूप से तारकेश्वर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ के चलते टिकट बिक्री में बड़ा उछाल आता है। पूर्व रेलवे प्रशासन इस अवधि के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष ट्रेन सेवाएं और अतिरिक्त प्रबंध करता है। 21 जुलाई को तारकेश्वर रेलवे स्टेशन ने रिकॉर्डतोड़ टिकट बिक्री दर्ज की। इस दिन कुल 13,33,015 की टिकटें बिकी, जो इस क्षेत्र में श्रावणी मेले के दौरान यात्रियों की भारी संख्या को दर्शाता है। यह आंकड़ा न केवल श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि तारकेश्वर रेलवे स्टेशन इस धार्मिक पर्व के दौरान एक महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र की भूमिका निभाता है।

## विश्व कराटे चैंपियनशिप में बंगाल की बेटी देवदत्ता चक्रवर्ती की ऐतिहासिक सफलता

**कोलकाता :** स्वीडन के माल्मो एरिना स्टेडियम में 9 से 13 जुलाई 2025 तक आयोजित हुई 13वीं डब्ल्यूयूकेएफ (वर्ल्ड यूनियन ऑफ कराटे-डो फेडरेशन) वर्ल्ड कराटे चैंपियनशिप में बंगाल की बेटी देवदत्ता चक्रवर्ती ने भारत का नाम गर्व से ऊँचा कर दिया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 34 देशों के कुल 1,737 पुरुष व महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारत से महिला वर्ग में एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में देवदत्ता ने हिस्सा लिया और 14-15 वर्ष की महिला कैडेट वर्ग में कुमिते (फाइटिंग) इवेंट में विश्व में नौवां स्थान प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। देवदत्ता को सम्मानित किया डब्ल्यूयूकेएफ अध्यक्ष डॉ. लिवियू क्रिसान और महासचिव मिस्टर रोबर्टो पेरी ने।



भारत सरकार के युवा कल्याण व खेल मंत्रालय ने भी देवदत्ता को बधाई संदेश भेजा है। उनकी मां श्रीमती सुदेष्णा चक्रवर्ती ने इस सफलता को आगे बढ़ाने का संकल्प जताते हुए कहा कि वह चाहती हैं कि उनकी बेटी भविष्य में ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करे।

## देश को जोड़ने वाली कड़ी हैं श्री राम : रामदत्त चक्रधर

### पद्मश्री सुदर्शन पटनायक सहित तीन को राम शरद कोठारी प्रतिभा सम्मान

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्रीराम जन्मभूमि कारसेवा आंदोलन 1990 के अमर बलिदानी राम कुमार कोठारी एवं शरद कुमार कोठारी की स्मृति में राम शरद कोठारी प्रतिभा सम्मान – 2025 का आयोजन रथींद्र मंच, कोलकाता में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राम शरद कोठारी स्मृति संघ, कोलकाता द्वारा वरिष्ठ आयकर सलाहकार सज्जन कुमार तुलस्यान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस वर्ष सम्मानित प्रतिभाओं में कला क्षेत्र के लिए पद्मश्री व राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित रेत शिल्पकार सुदर्शन पटनायक, पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्यरत बिनय दास, एवं वीर माता सुमित्रा देवी कोठारी पुरस्कार से सम्मानित अक्षया देवी माहेश्वरी (बलिदानी कारसेवक अविनाश




माहेश्वरी की माता) शामिल रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं हुतात्मा राम-शरद कोठारी को पुष्पांजलि अर्पण से हुई, जिसके पश्चात प्रभात जैन द्वारा भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी गई। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने श्रीराम को देश को जोड़ने वाली आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कड़ी बताया।

प्रधान अतिथि जयदीप चितलांगिया ने कहा कि संस्कृति, बलिदान और न्याय के मुद्दों पर समाज को अडिग रहना चाहिए। अध्यक्ष सज्जन कुमार तुलस्यान ने यह सम्मान अयोध्या के हुतात्माओं की स्मृति को चिरंजीवी करने का एक प्रयास बताया। कार्यक्रम में पूर्णिमा कोठारी (हुतात्मा शरद कोठारी की बहन) की विशेष उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल (लाला) का कुशल मार्गदर्शन एवं पंकज चौधरी, प्रदीप अग्रवाल, रोहित शर्मा, भागीरथ सारस्वत, विशाल बागला, आनंद जायसवाल, संदीप जैन, वीरेंद्र मोदी, राकेश रावत, सचिन गुप्ता, सर्वेश राय, गंगा सागर प्रजापति, राजकुमार भाला, अभिषेक बजाज, पवन गुप्ता, संजीव जाजोदिया, रेणुका शर्मा, पूनम गोंड, राजलक्ष्मी राठी आदि की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन संजय मंडल, संस्था का परिचय रजत चतुर्वेदी और धन्यवाद ज्ञापन अनीता बुबना ने किया।

# ममता बनर्जी केवल राजनीतिक लाभ के लिए 'बंगाली गर्व' का कर रही उपयोग : शुभेंदु अधिकारी

**❑ कहा, भाजपा ही असली बंगाली प्रेमी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर बंगाली भाषा और संस्कृति को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। मंगलवार को दिल्ली रवाना होने से पहले कोलकाता में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि असली बंगाली प्रेमी तो भारतीय जनता पार्टी है, जबकि ममता बनर्जी केवल 'बंगाली गौरव' की भावना को भुना रही हैं।



शुभेंदु अधिकारी ने कहा, मुख्यमंत्री खुद को बंगाली भाषा और संस्कृति की स्वघोषित रक्षक के रूप में पेश कर रही हैं, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि उनके खिलाफ जनविरोध बढ़ रहा है। लेकिन उन्हें यह अधिकार किसने दिया? दरअसल, वह एक दिखावटी बंगाली समर्थक हैं। इसके विपरीत भाजपा सच्चे अर्थों में बंगालियों, बंगाली भाषा और संस्कृति की प्रशंसक है।

उन्होंने इस दावे के पीछे तर्क देते हुए याद दिलाया कि वर्ष 2012 में जब कांग्रेस ने प्रणब मुखर्जी को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया था, तब ममता बनर्जी ने उसका विरोध किया था और तीन अन्य नाम प्रस्तावित किए थे। अधिकारी ने कहा, जिस भाजपा को ममता बनर्जी रोज कोसती हैं, उसके संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्वयं एक बंगाली थे। दिवंगत अर्थशास्त्री विवेक देबरॉय, जो प्रधानमंत्री के विशेष सलाहकार रहे, वह भी बंगाली थे। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के मौजूदा सदस्य संजीव सान्याल भी बंगाली हैं। हाल ही में हरियाणा के राज्यपाल नियुक्त हुए शिक्षाविद असीम कुमार घोष भी बंगाली हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी की बंगाली भाषा और संस्कृति की रक्षक वाली छवि का असली उद्देश्य राज्य में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देना है।

शुभेंदु अधिकारी की यह टिप्पणी ममता बनर्जी के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने सोमवार को कोलकाता में आयोजित वार्षिक 'शहीद दिवस' रैली में घोषणा की थी कि उनकी पार्टी 27 जुलाई से राज्य भर में सप्ताहांत विरोध कार्यक्रम शुरू करेगी। यह विरोध भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी लोगों के कथित उत्पीड़न के खिलाफ होगा।

# बिना दस्तावेजों के दिए गए कमरे, आनंदपुर के गेस्ट हाउस पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**❑ गैंगस्टर तौसीफ और उसके साथी फर्जी नामों से ठहरे**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के आनंदपुर इलाके के एक गेस्ट हाउस में बिना वैध पहचान पत्र के कमरा दिए जाने पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है। गैंगस्टर तौसीफ राजा उर्फ बादशाह और उसके तीन साथी बिना दस्तावेज के वहां ठहरे थे। आनंदपुर थाने के एक सब-इंस्पेक्टर ने स्वतः संज्ञान लेते हुए गेस्ट हाउस के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, तौसीफ बिहार के पटना स्थित पारस अस्पताल में कुख्यात अपराधी चंदन मिश्रा की हत्या का मुख्य आरोपी है। उसे और उसके तीन साथियों को कोलकाता एसटीएफ ने मादुरदह इलाके से गिरफ्तार कर बिहार पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस को जांच में पता चला कि तौसीफ ने अपने भाई निशु खान के इलाज का बहाना बनाकर उत्तर 24 परगना की एक युवती के माध्यम से आनंदपुर स्थित गेस्ट हाउस में दो कमरे किराए पर लिए थे। रजिस्टर में युवती ने तौसीफ, निशु, हरीश सिंह और सचिन सिंह का नाम दर्ज कराया था। बाद में जांच में यह स्पष्ट हुआ कि सचिन का असली नाम भीम और हरीश का नाम हर्ष है और दोनों तौसीफ के गिरोह से जुड़े हुए हैं।

कोलकाता पुलिस के निर्देशानुसार किसी भी होटल या गेस्ट हाउस को मेहमानों से पहचान पत्र लेना अनिवार्य है। बावजूद इसके, 18 जुलाई को कमरा देने के बाद भी गेस्ट हाउस प्रबंधन ने किसी से कोई पहचान पत्र नहीं लिया। 24 घंटे बाद भी दस्तावेज नहीं मांगे गए। 30 मई को जारी गजट अधिसूचना में इस नियम का स्पष्ट उल्लेख है। पुलिस इस मामले में गेस्ट हाउस के मैनेजर और अन्य कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है और यह भी जांच रही है कि क्या इसी तरह की लापरवाही अन्य मामलों में भी बरती गई थी। शहर के अन्य होटलों पर भी अब निगरानी बढ़ा दी गई है।

सूत्रों के मुताबिक, तौसीफ का भाई निशु पूछताछ में स्वीकार कर चुका है कि वे कोलकाता से दिल्ली भागने की योजना बना रहे थे। उसकी कमर में दो साल पहले गोली लगी थी, जिससे वह अपंग हो गया है। हालांकि, पुलिस को शक है कि इलाज महज बहाना था और तौसीफ कोलकाता में स्थायी ठिकाना बनाकर नया गिरोह खड़ा करने की तैयारी में था। कोलकाता पुलिस तौसीफ से आगे की पूछताछ के लिए बिहार जा सकती है और गेस्ट हाउस बुक कराने वाली युवती से भी दोबारा पूछताछ की जाएगी।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का शुद्ध लाभ 16 फीसदी बढ़ा

**कोलकाता :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 16 प्रतिशत बढ़कर 581 करोड़ रुपये हो गया. एयू बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 503 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बताया कि जून 2025 तिमाही के दौरान कुल आय बढ़कर 5,189 करोड़ रुपये हो गयी, जो वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में 4,278 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की ब्याज आय सालाना आधार पर 3,769 करोड़ रुपये से बढ़कर 4,378 करोड़ रुपये हो गयी। बैंक का परिचालन लाभ भी सालाना आधार पर 952 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,312 करोड़ रुपये हो गया।



**ऑल बंगाल रेलवे हॉकर यूनियन के महासचिव एवं राज्य आई.एन.टी.टी.यू.सी. के सक्रिय सदस्य और श्रमिकों के हितैषी नेता बापी घोष के नेतृत्व में हजारों लोगों की रैली 21 जुलाई को शहीद स्मरण में धर्मतल्ला में ममता बनर्जी की सभा में शामिल हुई।**

# पेट्रापोल के रास्ते बांग्लादेश से जूट, परिधान आयात पर प्रतिबंध हटाने को ममता से हस्तक्षेप की अपील

**कोलकाता :** पेट्रापोल सीमा चौकी पर क्लियरिंग एजेंट के कर्मचारियों के एक संगठन ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर बांग्लादेश से भूमि मार्ग से जूट उत्पादों और परिधानों के आयात पर केंद्र द्वारा लगाए गए प्रतिबंध को हटाने के लिए उनके हस्तक्षेप की मांग की है। पेट्रापोल क्लियरिंग एजेंट्स स्टाफ वेलफेयर एसोसिएशन ने दावा किया है कि इस प्रतिबंध के कारण उत्तर 24 परगना जिले में सीमा चौकी पर व्यापार प्रवाह प्रभावित हुआ है। एसोसिएशन ने कहा है कि इस प्रतिबंध ने व्यापार प्रवाह को बाधित किया है और उन हजारों लोगों की आजीविका को प्रभावित किया है जो भारत-बांग्लादेश के महत्वपूर्ण एकीकृत चेकपोस्ट के माध्यम से लेनदेन पर निर्भर हैं। एसोसिएशन के सचिव कार्तिक चक्रवर्ती ने बताया, 'प्रतिबंध लगाए जाने के बाद आयात व्यापार की मात्रा में भारी गिरावट आई है। पेट्रापोल में आयात ट्रक और रैक की संख्या जून में घटकर 1,654 रह गई, जो मई, 2025 में 3,886 थी।' उन्होंने कहा कि मौजूदा रुझानों के विपरीत, वर्ष 2023 में अधिकतम मासिक आंकड़ा 4,900 था, जबकि औसत मात्रा आमतौर पर 3,500 से ऊपर रहती है। चक्रवर्ती ने कहा, 'प्रतिकूल भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण स्थानीय आबादी के एक बड़े हिस्से की आजीविका गंभीर खतरे में है। हम सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सरकार से तत्काल मदद चाहते हैं।' मई में, भारत ने बांग्लादेश से सिलेसिलाए कपड़ों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों जैसे कुछ सामान के आयात पर बंदरगाह प्रतिबंध लगा दिए थे। बांग्लादेश से भूमि मार्गों के माध्यम से कई जूट उत्पादों और बुने हुए कपड़ों के आयात पर भी जून में प्रतिबंध लगा दिया गया था। एसोसिएशन ने बताया कि पेट्रापोल सीमा चौकी के माध्यम से आयात में जूट उत्पादों और कपड़ों का बड़ा हिस्सा होता है। चक्रवर्ती ने कहा, 'इन श्रेणियों में व्यापार का लंबे समय तक बंद रहना कई लोगों को वित्तीय संकट में डाल रहा है।' भारतीय जूट मिल्स एसोसिएशन के एक पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि घरेलू जूट उद्योग की भलाई के लिए कच्चे जूट को सभी बंदरगाहों से होकर गुजरने की अनुमति दी जानी चाहिए।

# हाई कोर्ट ने दो पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी के मामले में सीबीआइ को चार दिनों में रिपोर्ट सौंपने को कहा

**❑ 2021 में चुनाव बाद हिंसा में अभिजीत सरकार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी**

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ता हत्याकांड में दो पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी के मामले में सीबीआइ को चार दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा। मामले की अगली सुनवाई उसी दिन है। सीबीआइ ने हाल में भाजपा कार्यकर्ता अभिजीत सरकार की हत्या के मामले में एक अतिरिक्त आरोपपत्र दाखिल किया है। उसमें पुलिसकर्मी रत्ना सरकार और होमगार्ड दीपांकर देबनाथ का नाम है। ये दोनों अभी जेल में हैं। हाई कोर्ट में उनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई।

सीबीआइ के वकील ने रिपोर्ट सौंपने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। तब राज्य के वकील कल्याण



बनर्जी ने तर्क दिया कि चार साल बाद अचानक एक अतिरिक्त आरोपपत्र पेश किया गया है। पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अब उन्हें हिरासत में रखने के लिए समय मांगा जा रहा है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने कहा कि सीबीआइ को चार दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपनी होगी। बता दें कि 2021 के विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद हुई हिंसा में कोलकाता के कांकुड़गाछी में भाजपा कार्यकर्ता अभिजीत सरकार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

# आईआईटी खड़गपुर में बीटेक छात्र की मौत पर जांच समिति गठित

## जुलाई में सामने आए चौथे 'अननेचुरल डेथ' मामले ने संस्थान को झकझोरा

**कोलकाता :** आईआईटी खड़गपुर में एक बार फिर छात्र की आत्महत्या से कैंपस में शोक और चिंता का माहौल है। चौथे वर्ष के बीटेक छात्र ऋतम मंडल की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के बाद संस्थान ने एक 10 सदस्यीय तथ्यान्वेषी समिति का गठन किया है, जो इस घटना के पीछे के कारणों की गहराई से जांच करेगी। संस्थान के प्रवक्ता प्रतीक दामा ने हिन्दुस्थान समाचार को मंगलवार को यह जानकारी दी।

संस्थान के निदेशक सुमन चक्रवर्ती, जिन्होंने हाल ही में कार्यभार संभाला है, ने कहा कि समिति शैक्षणिक, सामाजिक और मानसिक पहलुओं की पड़ताल करेगी और इस महीने के अंत तक अपनी सिफारिशें सौंपेगी। पुलिस अपनी तरफ से जांच कर रही है, जबकि संस्थान ने आंतरिक स्तर पर यह



समिति बनाई है।

निदेशक चक्रवर्ती ने कहा, ऋतम हमारे अपने बेटे जैसा था। उसकी मृत्यु से हम बेहद दुखी हैं। हमारा संस्थान छात्रों पर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं डालता। हमें यह समझने की ज़रूरत है कि आखिर ऐसी परिस्थिति क्यों बनी।

ऋतम मंडल, जो मैकेनिकल इंजीनियरिंग का छात्र था और उम्र में 21 वर्ष का था, 18 जुलाई को राजेंद्र प्रसाद हॉल के हॉस्टल रूम में फांसी के फंदे पर लटका पाया गया। वह 15 जुलाई को दो महीने की छुट्टी के बाद कैंपस लौटा था। उस समय उसका रूममेट अभी हॉस्टल नहीं लौटा था।

चक्रवर्ती ने कहा, हमें यह भी सोचना होगा कि कहीं कोई सामाजिक वजह तो ऐसी घटनाओं का कारण नहीं बन रही है। अगर कोई व्यक्ति ऐसे छात्रों की चरम मानसिक तनाव के समय मदद करे, तो शायद ऐसी घटनाओं को टाला जा सकता है।

आईआईटी खड़गपुर के अनुसार, ऋतम के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सार्थ काउंसलिंग सेंटर में कोई रिकॉर्ड दर्ज नहीं था और विभागीय फैकल्टी एडवाइज़र ने भी उसके किसी प्रकार के शैक्षणिक या व्यक्तिगत परेशानी की जानकारी नहीं दी।

# नकली दस्तावेज और गलत नंबर प्लेट के साथ चल रही बाइक जब्त

**हावड़ा :** काजीपाड़ा क्रॉसिंग पर सोमवार दोपहर एक संदिग्ध बाइक को रोकने के बाद चौंकाने वाला खुलासा हुआ। मंदिरतला आउट पोस्ट के सार्जेंट अब्दुल लतीफ हुसैन की सतर्कता से सामने आया कि बाइक के दस्तावेज फर्जी हैं और नंबर प्लेट भी हाथ से लिखी हुई है। संदेह होने पर सार्जेंट हुसैन ने बाइक चालक को रोककर कागजात दिखाने को कहा। कागजों की जांच में गड़बड़ी दिखने पर उन्होंने बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर असली मालिक को कॉल किया। पता चला कि असली बाइक और कागजात मालिक के पास मध्यमग्राम स्थित घर पर सुरक्षित हैं। इसके बाद बाइक के इंजन और चेसिस नंबर की जांच की गई, जो प्रस्तुत दस्तावेजों से मेल नहीं खाए। साथ ही हाथ से



लिखी गई नंबर प्लेट ने मामले को और संदिग्ध बना दिया। पूछताछ में चालक वैध पहचान पत्र भी नहीं दिखा सका।

सार्जेंट हुसैन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्थानीय थाने के जांच अधिकारी को मौके पर बुलाया और बाइक समेत आरोपी को उनके हवाले कर दिया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि बाइक चोरी की है या किसी आपराधिक गतिविधि में इस्तेमाल हो रही थी।

# दीघा के जगन्नाथ मंदिर में आर्थिक गड़बड़ी का आरोप, हाईकोर्ट ने राज्य और हिडको से मांगा जवाब

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध समुद्रतटीय पर्यटन स्थल दीघा में हाल ही में निर्मित जगन्नाथ मंदिर को लेकर आर्थिक अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। इसी मुद्दे पर दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार और हिडको से हलफनामा तलब किया है। न्यायमूर्ति सुजय पाल और न्यायमूर्ति स्मिता दास दे की पीठ ने मंगलवार को यह निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई अगले मंगलवार को होगी।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता ने अदालत में कहा कि दीघा में 'जगन्नाथ धाम' के नाम पर मंदिर का निर्माण किया गया, जिसमें हिडको ने धन मुहैया कराया। उन्होंने तर्क दिया कि भारतीय संविधान के अनुसार, राज्य का कोई धर्म नहीं होता और इस प्रकार किसी धार्मिक स्थल पर सार्वजनिक धन खर्च करना असंवैधानिक है। अधिवक्ता ने कहा कि यह एक घोटाला है और ऑडिट रिपोर्ट में भी इस संबंध में तथ्य सामने आए हैं कि आम जनता के धन का अनुचित उपयोग हुआ है।

दूसरी ओर, हिडको की ओर से पेश अधिवक्ता अभ्रतोष मजूमदार ने कहा कि यह याचिका सुनवाई योग्य ही नहीं है।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति सुजय पाल ने कहा कि याचिका की स्वीकार्यता पर अदालत सुनवाई के दौरान विचार करेगी। उन्होंने कहा कि हिडको और राज्य सरकार के हलफनामे देखने के बाद ही अगला निर्णय लिया जाएगा।

गौरतलब है कि इससे पहले अधिवक्ता कौस्तव बागची ने भी दीघा के इसी जगन्नाथ मंदिर में सिविक वॉलंटियर्स की नियुक्ति को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की थी। उनका कहना था कि यह मंदिर 'जगन्नाथ धाम ट्रस्ट' के अंतर्गत संचालित हो रहा है, जो हिडको के दफ्तर का पता इस्तेमाल कर रहा है। याचिकाकर्ता ने सवाल उठाया कि एक ट्रस्ट किस आधार पर किसी सरकारी संस्था के पते का उपयोग कर सकता है।

इसके अलावा, याचिकाकर्ता ने यह भी सवाल उठाया कि मंदिर में दान देने पर आयकर छूट की घोषणा कैसे की गई, जबकि संविधान के अनुसार सरकार मंदिर निर्माण नहीं कर सकती। कुछ दिन पहले विश्व हिंदू परिषद ने भी इस मंदिर को 'धाम' कहे जाने और उसमें प्रसाद वितरण को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी।

## शहीद दिवस रैली में गया दासपुर का वरिष्ठ तृणमूल कार्यकर्ता लापता, परिवार परेशान

**कोलकाता :** पश्चिम मिदनापुर के दासपुर से तृणमूल कांग्रेस का एक वरिष्ठ और समर्पित कार्यकर्ता सोमवार को कोलकाता के धर्मतला में आयोजित पार्टी की शहीद दिवस रैली में शामिल होने गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। 65 वर्षीय कनाई सामई के अचानक लापता होने से उनका परिवार और स्थानीय तृणमूल इकाई चिंतित है। जानकारी के मुताबिक, दासपुर-1 ब्लॉक की ओर से एक बस सोमवार सुबह कार्यकर्ताओं को लेकर धर्मतला के लिए रवाना हुई थी। उसी बस में कनाई भी सवार थे। लेकिन सोमवार शाम जब बाकी कार्यकर्ता उसी बस से लौट आए, तब तक कनाई वापस नहीं आए थे। इसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं है। मंगलवार को भी वे घर नहीं पहुंच पाए हैं। कनाई सामई पश्चिम मिदनापुर जिले के दासपुर स्थित नंदनपुर गांव के निवासी हैं। उनके परिवार में वृद्ध पत्नी हैं। दो बेटे और एक बेटी पहले ही शादीशुदा हैं। कनाई को ममता बनर्जी और तृणमूल पार्टी से गहरा लगाव रहा है। वह हर साल शहीद दिवस रैली में शामिल होते रहे हैं। कनाई के नहीं लौटने के बाद से उनका परिवार कोलकाता के विभिन्न अस्पतालों में उनकी तलाश कर रहा है। हालांकि अब तक परिवार ने पुलिस में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है, लेकिन मौखिक रूप से जानकारी दिए जाने के बाद दासपुर थाना पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने कोलकाता पुलिस के साथ भी संपर्क स्थापित किया है। इस मामले में दासपुर-1 ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष सुनील भौमिक ने भी पुष्टि की है कि कनाई रैली के बाद वापस नहीं लौटे। तृणमूल के अन्य नेता भी उनके बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं।

# दक्षिण कोलकाता में फुटपाथ पर मिला युवक का खून से सना शव

**कोलकाता :** दक्षिण कोलकाता के व्यस्त इलाके में मंगलवार को एक युवक का खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी फैल गई। यह घटना शहर के प्रतिष्ठित क्षेत्र शरत बोस रोड की है, जहां एक युवक का शव फुटपाथ पर पड़ा मिला। मृतक की पहचान सुधीर गिरी (उम्र 25 वर्ष) के रूप में हुई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुबह स्थानीय लोगों ने सबसे पहले सुधीर को खून से सने हाल में फुटपाथ पर पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। टालीगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और प्रारंभिक जांच शुरू की।

मौके पर जांच के दौरान पुलिस को मृतक के पास एक भारी पत्थर मिला है, जिससे उसके ऊपर हमला किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, सुधीर के शरीर पर दो अलग-अलग जगहों पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं।

शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। फिलहाल पुलिस ने हत्या की आशंका से इनकार नहीं किया है और सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है।

टालीगंज थाना पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

मामले से जुड़े और भी विवरणों की प्रतीक्षा की जा रही है।

# बंगाल में घुसपैठ के मुद्दे पर एनआरसी की मांग को लेकर जनहित याचिका दाखिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में तत्काल राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करने की मांग को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। मंगलवार को यह मामला न्यायमूर्ति सुजय पाल और न्यायमूर्ति स्मिता दास दे की खंडपीठ ने स्वीकार कर लिया। याचिका दायर होते ही अदालत ने राज्य सरकार से पूछा है कि क्या इससे पहले एनआरसी से संबंधित कोई मामला दाखिल हुआ है या नहीं। मामले की सुनवाई इस सप्ताह शुक्रवार को हो सकती है।

इस याचिका में दावा किया गया है कि देश के विभिन्न राज्यों और पड़ोसी देशों से बड़ी संख्या में घुसपैठिए पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर रहे हैं, जिनमें रोहिंग्या की संख्या उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। इसके चलते राज्य की कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। महिलाओं की सुरक्षा, बच्चों की संरक्षण व्यवस्था और सामाजिक संतुलन पर भी इस घुसपैठ का गहरा असर हो रहा है। याचिकाकर्ता का कहना है कि बंगाल में एनआरसी को तुरंत लागू किया जाना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि इस मुद्दे पर राजनीतिक विवाद भी गहराने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि तृणमूल कांग्रेस लंबे समय से केंद्र की भाजपा सरकार पर यह आरोप लगाती रही है कि एनआरसी के नाम पर देश के कुछ नागरिकों की नागरिकता छीनने की कोशिश हो रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही यह स्पष्ट कर चुकी हैं कि बंगाल में एनआरसी लागू नहीं होने दिया जाएगा।

दिल्ली में संसद के अंदर और बाहर एनआरसी के विरोध में तृणमूल सांसदों ने जोरदार प्रदर्शन किया था। हाल ही में, 21 जुलाई की रैली से भी ममता बनर्जी ने एनआरसी के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाया। इसी माहौल के बीच अब कोलकाता हाईकोर्ट में एनआरसी को लागू करने की मांग को लेकर यह याचिका दाखिल की गई है।

# कोलकाता के ओबेराय ग्रांड होटल से 35 लाख रुपये के पंखे, पानी के नल चोरी

**❑ होटल में पिछले कुछ महीनों से नवीनीकरण का काम चल रहा है**

**कोलकाता :** कोलकाता के धर्मतला स्थित लग्जरी होटल ओबेराय ग्रांड होटल से करीब 35 लाख रुपये के पंखे, पानी के नल और अन्य सामान चोरी होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। न्यू मार्केट थाने की पुलिस ने जांच में ठेकेदार कंपनी के कर्मचारियों से पूछताछ शुरू कर दी है। संबंधित ठेकेदार कंपनी के अधिकारियों से भी पूछताछ की जा रही है। कर्मचारियों की एक सूची तैयार की जा रही है। ओबेराय ग्रांड होटल में पिछले कुछ महीनों से नवीनीकरण का काम चल रहा है।

आरोप है कि शौचालय के नवीनीकरण के दौरान पानी के नल गायब हो गए। कुछ पंखे चोरी हो गए। होटल में नवीनीकरण कार्य की देखरेख



के लिए लगभग बीस सुरक्षा गार्ड तैनात हैं। दूसरी ओर पुलिस को जांच में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि जिस जगह चोरी का आरोप लगाया गया था, वहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं है। उसके बाद वह जगह लगभग हमेशा अंधेरा रहता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार ऐसा माना जा रहा है कि ठेकेदार कंपनी के कुछ कर्मचारी चोरी में शामिल हैं। होटल अधिकारियों ने आंतरिक जांच भी शुरू कर दी है।

# हुगली में व्यापारी के खाते से 27 लाख की साइबर ठगी, मुख्य आरोपी नोएडा से गिरफ्तार

**हुगली :** हुगली जिले के पांडुआ थाना क्षेत्र में एक व्यापारी के बैंक खाते से 27 लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। एक्सिस बैंक खाते को हैक कर ठगों ने आरटीजीएस (रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट) के माध्यम से बेहद योजनाबद्ध तरीके से राशि को चार अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिया। जांच में जुटी हुगली ग्रामीण जिला पुलिस की साइबर क्राइम सेल ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी को उत्तर प्रदेश के नोएडा से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी गिरोह देश के विभिन्न राज्यों में सक्रिय है और संगठित तरीके से इस तरह की घटनाओं को अंजाम देता है। गिरोह के तीन अन्य सदस्य अब भी फरार हैं,



जिनकी तलाश जारी है।

पुलिस ने बताया कि ट्रांसफर की गई रकम में से एक खाते से सोने के आभूषण और महंगे सामान की खरीदारी की गई थी। इससे यह स्पष्ट होता है कि पैसे को जल्दी से खपाने और पहचान छुपाने के लिए गिरोह ने ठोस योजना बना रखी थी। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि इस साइबर ठगी के पीछे एक संगठित नेटवर्क है, जिसकी गतिविधियां कई राज्यों में फैली हुई हैं।

## कोलकाता समेत देश के 7 प्रमुख शहरों में सस्ते घरों की मांग घटी,

# प्रीमियम फ्लैट्स की बिक्री में उछाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश के सात प्रमुख शहरों- कोलकाता, मुंबई महानगर क्षेत्र, दिल्ली-एनसीआर, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु और पुणे-में इस साल की पहली छमाही (जनवरी-जून 2025) के दौरान एक करोड़ रुपये से कम कीमत वाले घरों की बिक्री में भारी गिरावट दर्ज की गई है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, इन घरों की बिक्री 32 प्रतिशत घटकर 51,804 इकाई रह गई है। प्रमुख रियल एस्टेट सलाहकार संस्था जेएलएल इंडिया द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि इन सात शहरों को मिलाकर कुल आवास बिक्री में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की



गिरावट आई है। यह संख्या अब घटकर 1,34,776 इकाई रह गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जहां एक ओर मध्यम वर्गीय खरीदारों के लिए किफायती घरों की बिक्री में गिरावट देखी गई है, वहीं दूसरी ओर एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले प्रीमियम घरों की बिक्री में छह प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है। इस श्रेणी के अपार्टमेंट की बिक्री 82,972 इकाई तक पहुंच गई है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि इस बार प्रीमियम घरों की हिस्सेदारी कुल बिक्री में 62 प्रतिशत रही, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 51 प्रतिशत थी। वहीं, एक करोड़ से कम के घरों की हिस्सेदारी घटकर 38 प्रतिशत पर आ गई है, जो पिछले वर्ष 49 प्रतिशत थी। जेएलएल इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री और अनुसंधान प्रमुख सामंतक दास के अनुसार, ''लक्जरी घरों की बिक्री में वृद्धि से यह स्पष्ट होता है कि खरीदार अब अधिक जगह, बेहतर सुविधाएं और जीवनशैली उन्नयन को प्राथमिकता दे रहे हैं। कोलकाता जैसे शहरों में भी यह प्रवृत्ति तेज़ी से उभर रही है।'' कोलकाता की बात करें तो यहां भी मध्यमवर्गीय खरीदारों की मांग में कमी देखने को मिल रही है, जबकि दक्षिण कोलकाता, न्यू टाउन और ईएम बाइपास जैसे इलाकों में प्रीमियम परियोजनाओं को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। यह बदलाव देश के शहरी आवास बाजार में ग्राहकों की प्राथमिकताओं में आ रहे बदलाव का स्पष्ट संकेत है, जहां अब बड़ी और सुविधाजनक संपत्तियों को तरजीह दी जा रही है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र 11 अगस्त से शुरू होगा

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र की शुरुआत 11 अगस्त से होगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में संपन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में संसदीय कार्य विभाग के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी जिसमें विधानमंडल के दोनों सदनों (विधानसभा एवं विधान परिषद) की 2005 के द्वितीय सत्र (मानसून सत्र) की बैठक 11 अगस्त को आहूत की गयी है। इससे पहले 18 फरवरी को विधानमंडल के 2025 के प्रथम सत्र की शुरुआत हुई थी, जिसका सत्रावसान 12 मार्च को किया गया था।

### अयोध्या, बाराबंकी और बस्ती जिलों में कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाए गए

**बाराबंकी/अयोध्या/बस्ती (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी, अयोध्या और बस्ती जिलों में मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने हेलीकाप्टर से कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की। बाराबंकी जिले के रामनगर स्थित महाभारत कालीन शिव मंदिर 'महादेवा' में मंगलवार को श्रद्धा का खास रूप देखने को मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी तथा पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने महादेवा में पूजन-अर्चन एवं जलाभिषेक के लिए आए शिव भक्तों और कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। मंदिर के मुख्य पुजारी वीरेंद्र कुमार अवस्थी ने इस पहल की सराहना की है। महाभारत काल से जुड़े इस तीर्थ स्थल पर लाखों श्रद्धालु नंगे पांव कांवड़ यात्रा करके पहुंचते हैं और शिव जी का जलाभिषेक कर मनोवांछित फल की कामना करते हैं।

### राजद से निष्कासन के बाद पहली बार बिहार विधानसभा पहुंचे तेज प्रताप यादव

**पटना :** बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से अपने निष्कासन के बाद मंगलवार को पहली बार विधानसभा पहुंचे। तेज प्रताप ने हालांकि सदन में प्रवेश नहीं किया और कुछ देर तक विधानसभा परिसर में घूमने के बाद वापस लौट गए। वह विधानसभा में अब तक विपक्ष के नेता और अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव के बगल वाली सीट पर बैठते रहे हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि वह आने वाले दिनों में विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हो सकते हैं।

# बिहार विधानसभा: मानसून सत्र के दूसरे दिन एसआईआर को लेकर हंगामा



**पटना :** बिहार विधानसभा में मंगलवार को विपक्षी विधायक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में काले कपड़े पहनकर पहुंचे और इस मुद्दे पर हंगामा किया। उन्होंने आसन के समक्ष आकर फर्नीचर पलटने की कोशिश की और मार्शलों के साथ उनकी धक्का-मुक्की हुई। अपराह्न दो बजे सदन की कार्यवाही पुनः शुरू होने पर अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने जल्दबाजी में दिन का विधायी कार्य निपटाया और हंगामे के कारण लगभग आधे घंटे बाद कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, इसी तरह के हंगामे के कारण पूर्वाह्न 11 बजे कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनटों के भीतर सदन को भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। सदन की कार्यवाही पुनः शुरू होते ही विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव अपने स्थान पर खड़े होकर मांग करने लगे कि एसआईआर पर तुरंत चर्चा की अनुमति दी जाए, जिस पर अध्यक्ष सहमत नहीं हुए। इससे विपक्षी सदस्य अपनी सीटों से खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। उनमें से कई सदस्य आसन के सामने आ गए और रिपोर्टिंग स्टाफ के लिए रखे गए फर्नीचर को उलटने की कोशिश करने लगे।

### बिहार विधानसभा ने 'मां जानकी मंदिर' के निर्माण, पुनर्विकास के लिए विधेयक पारित किया

**पटना :** राज्य विधानसभा ने 'मां जानकी मंदिर' के निर्माण और पुनर्विकास का मार्ग प्रशस्त करते हुए बिहार हिंदू धार्मिक न्यास (संशोधन) विधेयक, 2025 मंगलवार को पारित कर दिया। यह मंदिर सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में देवी सीता के जन्मस्थान पर स्थित है। राज्य के विधि मंत्री मंगल पांडेय ने विधेयक प्रस्तुत किया और इसे बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आईआर) अभियान पर विपक्ष द्वारा चर्चा की मांग को लेकर किए गए हंगामे के बीच ध्वनिमत से पारित किया गया। विधेयक के कानून बनने बाद मौजूदा मंदिर न्यास भंग हो जाएगा और मंदिर के विकास तथा प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार द्वारा गठित एक नई समिति को सौंप दी जाएगी। इसके अलावा, राज्य सरकार ने पुनौरा धाम जानकी मंदिर' के समग्र विकास के लिए हाल में 882 करोड़ रुपये से अधिक की राशि को मंजूरी दी है। इसमें से लगभग 137 करोड़ रुपये पुराने पुनौरा धाम जानकी मंदिर के जीर्णोद्धार पर और 728 करोड़ रुपये मंदिर के आसपास पर्यटक आधारभूत संरचना के विकास पर खर्च किए जाएंगे।

## मैंने ख़ुद योगी से मिलने की पहल नहीं की, उनके आमंत्रण पर ही मिलने गया : बृजभूषण शरण सिंह



**गोंडा (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में हुई मुलाक़ात के एक दिन बाद मंगलवार को कैसरगंज के पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने दावा किया कि उन्होंने खुद पहल नहीं की थी, बल्कि मुख्यमंत्री की ओर से मिलने का आमंत्रण मिलने के बाद ही वह लखनऊ गए थे। करीब पौने तीन साल बाद बृजभूषण शरण सिंह की सोमवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात हुई, जो मीडिया की सुर्खियों में है। सिंह ने यह भी कहा, यह मुलाकात लगभग 31 महीने बाद हुई और पूरी तरह औपचारिक एवं पारिवारिक शिष्टाचार की भावना से प्रेरित थी। मंगलवार को नंदिनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में नवाबगंज और वजीरगंज विकासखंड के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में भाग लेने पहुंचे बृजभूषण शरण सिंह ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें उनके बच्चों और कुछ अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री की ओर से मिलने का संदेश प्राप्त हुआ था। सिंह ने कहा, हमने पहले ही यह निर्णय ले रखा था, जब तक मुख्यमंत्री स्वयं बुलाएंगे नहीं, तब तक उनसे मिलने नहीं जाएंगे। पूर्व सांसद का कहना था कि इस मुलाकात में किसी भी राजनीतिक विषय पर कोई चर्चा नहीं हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनका दशकों पुराना संबंध है और इस मुलाकात को केवल एक पारिवारिक बातचीत के रूप में देखा जाना चाहिए। सिंह ने यह भी बताया कि उनके और मुख्यमंत्री के बीच जो आपसी गिले-शिकवे थे, वे इस बातचीत के दौरान समाप्त हो गए।

## अनुसंधान का लाभ किसानों तक पहुंचे, तभी खेती पलायन नहीं, खुशहाली का जरिया बनेगी : आदित्यनाथ

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कृषि क्षेत्र में होने वाले अनुसंधान का लाभ किसानों तक पहुंचना जरूरी है और ऐसा होने पर ही खेती पलायन का नहीं, बल्कि खुशहाली का माध्यम बनेगी। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के 36वें स्थापना दिवस में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन और पुस्तिकाओं-न्यूज लेटर का विमोचन किया। साथ ही कृषि वैज्ञानिकों, युवा प्रतिभाओं, एफपीओ आदि का सम्मान भी किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, 'कृषि पलायन का नहीं बल्कि खुशहाली का माध्यम बने। यह तभी संभव है जब हम इस क्षेत्र में किए जाने वाले अनुसंधान का



लाभ किसानों को दे पाएंगे।' उन्होंने कहा, 'खेती और कृषि अनुसंधान की दृष्टि से उत्तर प्रदेश प्रकृति व परमात्मा की कृपा वाला प्रदेश है।' मुख्यमंत्री ने वैज्ञानिक शोध और अनुसंधान कार्यों को खेती में प्रभावी ढंग से लागू किए जाने की दर बेहद कम होने पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा, 'प्रदेश में कृषि अनुसंधान के लिए 15 से अधिक संस्थान कार्यरत हैं। इसके अलावा 89 कृषि विज्ञान केंद्र भी अपनी विशेषज्ञता का लाभ किसानों को प्रदान करते हैं। इसके बावजूद किसानों की स्थिति चौंकाने वाले तथ्य प्रस्तुत करती है।

### बलिया में बिजली चोरी रोकने गई विभागीय टीम पर लाठी-डंडे से हमला, जेई समेत चार घायल, दो आरोपी गिरफ्तार

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले के नरही थाना क्षेत्र में विद्युत चोरी रोकने गई बिजली विभाग और सतर्कता की टीम पर कुछ लोगों ने लाठी-डण्डे एवं फावड़े से हमला कर दिया, जिससे एक अवर अभियंता (जेई) समेत चार बिजलीकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार इस मामले में चार व्यक्तियों के विरुद्ध नामजद और कुछ अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए आज दो आरोपियों को गिरफ्तार किया । पुलिस के मुताबिक नरही थाने में सोहांव बिजली उपकेंद्र के अवर अभियंता संतोष कुमार की तहरीर पर सोमवार रात योगेंद्र यादव, अजीत यादव, अनिल यादव और नारायन राजभर के साथ ही कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## न्यूज अपडेट

### विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है राजस्थान: भजनलाल शर्मा



**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कहा कि सरकार राजस्थान के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य कर रही है और राज्य विकास की राह पर द्रुत गति से आगे बढ़ रहा है। वह मंगलवार को अजमेर के केकड़ी में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पहले दोनों बजट में सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों के लिए पर्याप्त बजट आवंटित किया गया है जिससे आज राज्य विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए वह हर संभव कदम उठाएंगे जिससे विकसित भारत-विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को साकार किया जा सके। आधिकारिक बयान के अनुसार शर्मा ने कहा, 'हम पांच साल के कार्यकाल में 50 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य लेकर काम कर रहे हैं। इस अभियान के तहत कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाते हुए प्रदेशवासी पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं।' शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि देश में चार जातियां गरीब, महिला, युवा और किसान हैं तथा राजस्थान की भाजपा सरकार इनके उत्थान के लिए किए गए प्रत्येक वादे को पूरा करेगी।

### पटना अस्पताल हत्याकांड में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद तीन और लोग गिरफ्तार



**आरा :** बिहार के पटना में एक निजी अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या के मामले में वांछित तीन लोगों को मंगलवार को बिहार के भोजपुर जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान बलवंत कुमार, रविरंजन कुमार सिंह और अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। खुफिया जानकारी के आधार पर विशेष कार्य बल और जिला पुलिस की एक संयुक्त टीम तड़के करीब पांच बजे उनकी तलाश में बिहियां इलाके में पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि पुलिसकर्मियों को देखकर उन्होंने गोलीबारी कर भागने की कोशिश की, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और उन्हें काबू कर लिया। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में बलवंत कुमार और रविरंजन कुमार सिंह गोली लगने से घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी में कोई पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से तीन पिस्तौल, दो मैगजीन और चार कारतूस जब्त किये गये। अधिकारियों ने बताया कि कुमार और सिंह का भोजपुर जिला मुख्यालय आरा के एक सरकारी अस्पताल में इलाज हो रहा है। उन्होंने बताया कि ये गैंगस्टर चंदन मिश्रा की गोली मारकर हत्या करने वाले शूटरों में शामिल थे। पैरोल पर बाहर आए, हत्या के दोषी मिश्रा की 17 जुलाई को पटना के एक निजी अस्पताल में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी तौसीफ उर्फ बादशाह, उसके चचेरे भाई निशु खान और उनके दो साथियों हर्ष और भीम को शनिवार को कोलकाता से गिरफ्तार किया। पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, बलवंत कुमार और रविरंजन कुमार सिंह की गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने मिश्रा की हत्या में शामिल पांच शूटरों में से तीन को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली है। एक अन्य शूटर तौसीफ पहले से ही पुलिस हिरासत में है। उन्होंने उनकी पहचान उजागर करने से इनकार करते हुए कहा, दो शूटर अभी भी फरार हैं। हम जल्द ही उन्हें पकड़ लेंगे।



# आतंक का अंत

हेमंत यादव

खुशहाल वन में एक शेर रहता था। वह बहुत ही ताकतवर और खूंखार था। वन के सभी छोटे बड़े जानवर उससे डरते थे और उसकी हर आज्ञा का पालन करने के लिए हमेशा तैयार रहते थे।

शेर ने ऐसा आतंक मचा रखा था कि सिर्फ खुशहाल वन ही नहीं बल्कि आसपास के दूसरे वनों के जानवर भी उसके खौफ से थर्राते थे।

एक दिन शेर घूमते हुए चंपक वन की तरफ निकल गया। चंपक वन के जानवरों ने शेर को देखा तो सब डर के मारे अपने-अपने घरों में जा कर छिप गए।

उस दिन शेर चंपक वन में शाम तक घूमता रहा मगर उसे एक भी जानवर नजर नहीं आया जिसे खाकर वह अपनी भूख मिटाता।

भूख के मारे जब उसकी आंतें कुलबुलाने लगीं तो वह एक टीले पर चढ़कर दहाड़ने लगा। उसकी दहाड़ से पूरा चंपक वन दहल उठा।

शेर की दहाड़ सुनकर एक सियार वहां आया। उसे देखते ही शेर उसकी तरफ झपटा। तभी सियार उसके आगे हाथ जोड़कर खड़ा हो गया और बोला, 'हुजूर, मेरा नाम बुद्धिराम है। मैं वन में सबको बुद्धि देता हूं। अगर आप चाहें तो आपको भी ऐसी बुद्धि बता सकता हूं, जिससे आपको कभी भूख से दहाड़ना नहीं पड़ेगा। रोज इस वन का एक जानवर आपकी भूख मिटाने के लिए स्वयं आपके सामने हाजिर हो जाएगा।'

सियार की बात सुनकर शेर कुछ सोचने लगा। फिर बोला, 'ठीक है, मुझे बुद्धि बताओ।'

'पहले आप यह वादा कीजिए कि आप मुझसे बुद्धि लेने के बाद मुझे मार कर नहीं खाएंगे' सियार ने कहा, 'मेरे दिमाग में बुद्धि का खजाना है। अगर आपने लालच में आकर मुझे मार डाला तो बुद्धि का खजाना आपके हाथ नहीं लगेगा। अगर मैं जिंदा रहूंगा तो हमेशा आपको एक से बढ़कर एक बुद्धि की बातें बताता रहूंगा।'

शेर को लगा कि सियार ठीक कह रहा है उसने वादा किया कि वह उसे नहीं मारेगा बल्कि उसे अपना सलाहकार बना लेगा।

सियार यही तो चाहता था। वह जानता था कि शेर ने उसे अपना सलाहकार बना लिया तो उसे रोज शेर का बचा-खुचा खाना और जानवरों पर धौंस जमाने का मौका भी मिलेगा।

सियार ने शेर से कहा, 'हुजूर, आप इस कागज पर वन के जानवरों के नाम फरमान लिखें कि रोज एक जानवर आपकी सेवा में स्वयं हाजिर हो जाए।' यह कहकर उसने शेर की तरफ कागज और कलम बढ़ा दिया।

शेर ने फरमान लिखकर दे दिया।

सियार ने फरमान को एक बार पढ़ा और मन ही मन बहुत खुश हुआ।

सियार ने कागज मोड़कर जेब में रखा और शेर से बोला, 'हुजूर, आप गुफा में

सकते में आ गए। वे आपस में कानाफूसी करने लगे, 'इस तरह तो शेर एक-एक करके हम सभी को खा जाएगा। शेर से बचने के लिए हमें कोई उपाय सोचना चाहिए।'

सब बैठकर उपाय सोचने लगे मगर कोई उपाय सूझ नहीं रहा था।

'कोई फायदा नहीं है,' सियार जानवरों से झूठी सहानुभूति दिखाता हुआ बोला, 'तुम लोगों को शेर की आज्ञा हर हालत में माननी पड़ेगी। आतंक के आगे सबको हार माननी पड़ती है।'

चीकू खरगोश बहुत बुद्धिमान और साहसी था। वह आज ही शहर से लौटा था।

तभी चीकू खरगोश ने जोश में आ कर



जा कर आराम कीजिए। मैं चलता हूं।'

सियार जानवरों के घरों की तरफ चल दिया। शेर की दहाड़ बंद हो जाने से जानवर अपने-अपने घरों से बाहर निकल कर टहल रहे थे।

'भाइयो, तुम लोगों को आज मैंने बहुत भारी मुसीबत से बचा लिया,' सियार जानवरों से बोला, 'शेर आज बहुत गुस्से में था और वह तुम लोगों के घरों पर धावा बोलकर सामूहिक हत्या करने वाला था मगर मैंने उसे बहुत समझाया तो वह मान गया लेकिन उसने एक शर्त रख दी।'

'क्या शर्त रख दी?' जानवरों ने भय से पूछा।

इस पर सियार ने जानवरों को शेर का लिखा फरमान दिखाया।

शेर का फरमान पढ़कर सारे जानवर

कहा, 'लेकिन हम हार नहीं मानेंगे। हम शेर के आतंक का अंत करके ही रहेंगे।'

चीकू की बात सुनकर सियार तमतमाता हुआ वहां से चल दिया। वह सीधा शेर के पास गया और उसे सारी बात बता दी।

इस पर शेर गुस्से से आग बबूला हो उठा। उसने बिगड़कर सियार से कहा, 'बड़े बुद्धिमान बनते थे। मैं तुम्हें जिंदा नहीं छोड़ूंगा।' यह कहकर शेर ने सियार पर छलांग लगा दी और उसका काम तमाम कर दिया।

गुफा के एक कोने में लटका चमगादड़ सब देख रहा था। वह बुदबुदाया, 'दुष्ट को चाहे कितना भी अपना बनाने की कोशिश करो। मौका मिलते ही वह घात करेगा।'

सियार की हालत देखकर चमगादड़ गुफा से बाहर निकला और जानवरों के पास चल दिया। उसने जानवरों से सारी बात बताते हुए उन्हें शेर से सावधान रहने की सलाह देते हुए कहा, 'भाइयो, शेर कभी भी तुम लोगों पर हमला कर सकता है। अपने बचने का उपाय सोच लो।'

इतना कहकर चमगादड़ वहां से जाने लगा तो चीकू ने उसे रोक लिया और कहा, 'चमगादड़ भाई, इस मुसीबत की घड़ी में क्या तुम हमारा साथ दोगे?'

'हां हां, क्यों नहीं,' चमगादड़ बोला, 'बताओ, मैं क्या कर सकता हूं?'

'बस तुम इतना काम कर दो', चीकू ने उसे समझाते हुए कहा, 'उस शेर को जा कर तुम यह सूचना दे दो कि आज की रात हम लोग एक गुप्त स्थान पर मीटिंग करके उसे खत्म करने की योजना बनाने वाले हैं ताकि वह गुस्से में आग बबूला होकर उस स्थान की तरफ हम लोगों को मारने आए और हम उसका काम तमाम कर दें।'

चीकू ने उसे अपनी योजना भी बता दी, 'आज मैंने कुछ सरकस वालों को एक रास्ते पर गड्ढा खोदते हुए देखा था। सरकस वाले जंगल में रास्तों पर इसलिए गड्ढे खोद देते हैं ताकि जानवर उनमें गिर कर फंस जाए। मैं शेर को उसी गड्ढे में फंसाना चाहता हूं।'

'तुम्हारी योजना जरूर कामयाब होगी' यह शुभकामना देते हुए चमगादड़ शेर को सूचना देने चल दिया।

सियार का मांस खाकर शेर गुफा में आराम कर रहा था। रात भी घिरने वाली थी।

'तुम यहां आराम कर रहे हो, वहां जंगल के जानवर तुम्हें मारने की योजना बना रहे हैं।' चमगादड़ शेर को जगाता हुआ बोला।

शेर ने आव देखा न ताव, तुरंत दहाड़ता हुआ उसी स्थान की तरफ चल दिया। जैसे ही वह कुछ दूर गया तो एक बहुत बड़े गड्ढे में गिरकर फंस गया।

आसपास छिपे जानवर बाहर निकल कर शोर मचाने लगे। तभी चीकू ने कहा, 'भाइयो, मारो शेर को।'

सब मिलकर शेर पर पत्थर बरसाने लगे। पत्थरों की मार से शेर तड़प तड़प कर मर गया। चीकू की बुद्धिमानी से एक आतंक का अंत हो गया। (उर्वशी)

# पिंकू का टिफिन

भाषणा गुप्ता

पिंकू जब भी स्कूल से घर लौटता तो पेटदर्द होने की बात करता। काफी दिनों से वह लगातार पेटदर्द से परेशान था। उसकी मम्मी को उसकी चिंता होने लगी।

उन्होंने डॉक्टर को दिखाया तो डॉक्टर ने कहा, 'यह सब खानपान की गलत आदतों का नतीजा है।'

मम्मी को हैरानी थी कि वे लंच में उसे हल्का व पौष्टिक भोजन ही देती हैं, फिर यह रोजाना का पेटदर्द क्यों?

मम्मी ने रोजाना पिंकू का टिफिन चेक करना शुरू कर दिया परंतु उसका टिफिन भी खाली होता था।



जब मम्मी कुछ पता नहीं लगा पाई तो उन्होंने इस बारे में पिंकू की टीचर से बात की। टीचर ने उनको विश्वास दिलवाया कि वे इस पर जरूर ध्यान देंगी।

अगले दिन टीचर ने लंच पीरियड में देखा कि पिंकू अपने सहपाठी राहुल को अपना लंच दे देता है और उसके बदले में उससे पैसे लेकर कैंटीन से चटपटी चीजें खाता है।

टीचर ने जब यह सब उसकी मम्मी को बताया तो वह हैरान रह गईं। उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था कि पिंकू ऐसा भी करता है।

उन्होंने पिंकू को सुधारने के लिए एक तरकीब सोची। अगले दिन जब पिंकू स्कूल जाने लगा तो उन्होंने टिफिन में उसका लंच ही नहीं रखा।

पिंकू रोजाना की तरह लंच पीरियड में राहुल के पास गया और उसे टिफिन देते हुए बोला, 'लाओ, राहुल, तुम्हारी मम्मी ने तुम्हें जो पैसे दिए हैं, वे मुझे दे दो।'

राहुल ने उससे टिफिन लिया व उसे पैसे दे दिए। पैसे लेकर पिंटू कैंटीन की तरफ चला गया। राहुल ने जब टिफिन खोला तो यह खाली था।

उसने पिंकू को बताया तो वह कहने लगा, 'आज मम्मी खाना रखना भूल गई होंगी।'

उस दिन राहुल तो भूखा रहा परंतु पिंकू ने कैंटीन से कुरकुरे व चिप्स लेकर खा लिए।

अगले दिन भी जब ऐसे ही हुआ तो राहुल ने उसे पैसे देने से मना कर दिया। मजबूरीवश पिंकू को भी भूखा रहना पड़ा।

जब उसने मम्मी से इसका कारण पूछा तो मम्मी ने कहा, 'बेटा, तुम लंच खाते नहीं थे और राहुल से पैसे लेकर जो कुछ खाते हो, उससे ही तुम्हारे पेट में दर्द हुआ है। अगर तुम लंच खाओगे, तभी मैं टिफिन में रखूंगी। पिंकू सारी बात समझ गया व उसने निर्णय किया कि आगे से वह मम्मी का बना खाना ही खाएगा। (उर्वशी)

# कुत्ता, बिल्ली और चूहा

नरेंद्र देवांगन

कुछ समय पहले की बात है। उन दिनों बिल्ली, कुत्ते और चूहे की आपस में गहरी दोस्ती थी। कुत्ता बिल्ली को देख कर भौंकता नहीं था और बिल्ली चूहे को देख कर उस पर झपटती नहीं थी। एक दिन सवेरे-सवेरे कुत्ता टहलने निकला। थोड़ी दूर जाने पर उसे हवा में फड़फड़ाती हुई एक रंगीन वस्तु दिखाई दी। पहले तो वह डर गया। फिर हिम्मत करके उसके करीब गया और भौंकने लगा।

कुत्ते ने ऐसी रंगीन वस्तु पहले कभी नहीं देखी थी। उसे सूंघता-सूंघता वह उसके और करीब गया। उसमें कोई हरकत न होती देख, उसकी हिम्मत बंधी। पास जा कर उसने उसे हौले से अपने पंजे से छुआ। फिर भी उसमें कोई हरकत नहीं हुई।

कुत्ते ने उसे उठा लिया। जैसे ही वह आगे बढ़ा, उसे सामने से बिल्ली आती दिखाई दी। करीब आ कर बिल्ली बोली, 'कुत्ते भाई, यह पतंग लिए कहां जा रहे हो? आज क्या पतंग उड़ाने का इरादा है?'

कुत्ता जोर से हंसने लगा, 'मैं नहीं जानता कि यह क्या है? मुझे तो यह झाड़ियों के पास पड़ी मिली। मैंने सोचा कि कोई नया जानवर है परंतु इसमें कोई हरकत न होती देख, उत्सुकतावश मैं इसे साथ ही उठा लाया।'

कुत्ते की बात सुन कर बिल्ली भी जोर-जोर से हंसने लगी। उसने पतंग को सहलाते हुए बताया, 'इसे पतंग कहते हैं। इसमें धागा बांध कर दूर आसमान तक उड़ाते हैं।'

'आसमान तक?' बुद्धू की तरह कुत्ता आसमान की ओर ताकने लगा।

बिल्ली बोली, 'आओ, मैं तुम्हें बताऊं कि पतंग कैसे उड़ती है।'

बिल्ली ने झट अपने घर से लंबी सी डोर ला कर पतंग से बांध दी। अब उसने डोर संभाली और कुत्ते को पतंग को कन्नी देने को कहा। इसके साथ ही पतंग उड़ चली आसमान की सैर करने। उड़ती पतंग देख कर कुत्ता बेहद प्रसन्न हुआ।

पतंग से होती हुई कुत्ते की नजर जब धरती पर पड़ी तो उसे दूर एक सफेद हड्डी चमकती नजर आई। पतंग की बात भूल कर कुत्ता उस हड्डी की ओर लपका। बिल्ली मजे से पतंग उड़ाने लगी। तभी वहां से चूहा निकला। बिल्ली को यों पतंग उड़ाते देख, वह भी वहां पहुंच कर उससे पतंग के बारे में पूछने लगा। चूहे का मन किया कि एक बार वह भी पतंग उड़ा कर देखे।

तभी बिल्ली को कुछ याद आया, 'हाय, मैं तो चूल्हे पर दूध चढ़ा कर आई थी। अब क्या होगा? दूध जल गया तो सारा दिन भूखा रहना पड़ेगा।' बिल्ली ने चूहे को पतंग की डोर थमाई और भागी घर की ओर।

अब पतंग की डोर चूहे के हाथ में थी। वह मनमाने ढंग से कभी डोर को खूब ढीला छोड़ता और कभी जोर से खींचता। कुछ समय पश्चात ही पतंग नीचे आ गिरी। वह पतंग के पास गया परंतु उसे फिर से उड़ाने की उसकी हर कोशिश बेकार हो गई। वह पतंग हाथ में ले कर वहीं बैठ गया। उसे याद आया कि बिल्ली ने कहा था कि पतंग का ध्यान रखना। उसे छोड़ कर कहीं मत जाना वरना कुत्ता नाराज हो जाएगा।

काफी देर तक पतंग को यों ही पकड़े-पकड़े चूहा परेशान हो गया। अचानक उसे ध्यान आया कि उसे बहुत जोर की भूख भी लगी है। कुछ देर पश्चात चूहे की नजर जब पतंग पर पड़ी तो उसने देखा कि उसने सारी की सारी पतंग कुतर डाली है। अब क्या होगा? चूहा डर गया। कुतरी पतंग को वहीं छोड़ कर वह चुपचाप अपने घर में घुस गया।

कुछ देर बाद कुत्ते को अपनी पतंग की याद आई। वह झट भाग कर पतंग के स्थान पर गया। वहां बिल्ली को न पा कर और कुतरी पतंग को जमीन पर गिरा देख कर उसे बहुत क्रोध आया। वह वहां से बिल्ली के घर गया और उससे अपनी पतंग मांगी।

बिल्ली और कुत्ता वापस उसी स्थान पर आए। बिल्ली ने चूहे के स्थान पर कुतरी हुई पतंग को देखा तो उसे बहुत क्रोध आया। वह झट चूहे के घर की ओर रवाना हो गई। कुत्ता भी बिल्ली के पीछे-पीछे चल पड़ा। चूहे के घर पहुंच कर बिल्ली ने उसे बहुत आवाजें दीं परंतु चूहा घर से बाहर नहीं निकला।

अंदर घुस कर बिल्ली ने सारा घर छान मारा परंतु चूहे का कहीं कोई पता न था। तभी बिल्ली की नजर घर के एक कोने में नए बने बिल पर पड़ी। 'जरूर चूहा इस बिल से कहीं निकल गया होगा।' बिल्ली बुड़बुड़ाने लगी।

इधर कुत्ते का गुस्से के मारे बुरा हाल था। बिल्ली ने वहां से दुम दबा कर भागने में ही कुशलता समझी।

कहते हैं, तभी से चूहे ने घर छोड़ कर बिल में रहना आरंभ कर दिया। तभी से कुत्ता बिल्ली को देख कर भौंकने लगता है मानो कह रहा हो, 'मेरी पतंग दो।' और बिल्ली चूहे को देखते ही उस पर झपटती है, मानो कह रही हो, 'ठहर बदमाश, तुझे अभी मजा चखाती हूं।' (उर्वशी)

## न्यूज इन ब्रीफ

### बोइंग विमानों के ईंधन स्विच की लॉकिंग प्रणाली में नहीं मिली कोई समस्या: एयर इंडिया

**मुंबई :** एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने अपने बोइंग 787 और 737 विमानों के बेड़े पर ईंधन नियंत्रण स्विच (एफसीएस) की लॉकिंग प्रणाली का 'एहतियाती' निरीक्षण पूरा कर लिया है और उसमें कोई भी समस्या नहीं मिली है। एयर इंडिया के बोइंग 787 विमान के 12 जून को हुए भीषण हादसे की जांच के बाद पेश अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने पिछले हफ्ते कहा था कि दुर्घटनाग्रस्त होने के पहले विमान के ईंधन स्विच बंद कर दिए गए थे। इसके बाद, नागर विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया को 21 जुलाई तक अपने बेड़े में शामिल बोइंग 787 और 737 विमानों में ईंधन स्विच की लॉकिंग प्रणाली का निरीक्षण करने का निर्देश दिया था।

### हिमाचल: भारी बारिश के दौरान ट्रक पर चट्टान गिरने से दो घायल, 435 मार्ग अवरुद्ध

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में भारी बारिश के दौरान एक पिकअप ट्रक पर चट्टान गिरने से उसका चालक और एक यात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा लुहरी जाजर सड़क पर कानी नाले के पास सोमवार को तब हुआ जब डेयरी किसानों से दूध खरीदने के बाद पिकअप ट्रक में उसे लेकर चालक वापस आ रहा थे। उन्होंने बताया कि घायलों की पहचान विक्रांत और राजेश के रूप में हुई है, जिन्हें रामपुर के पास खनेरी के एक अस्पताल ले जाया गया। राज्य में बारिश के कारण तीन राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कुल 435 सड़कें बंद हैं। इनमें से 260 सड़कें आपदा प्रभावित मंडी जिले की हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, 534 बिजली वितरण ट्रांसफार्मर और 197 जलापूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। मंडी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 21, मंडी-कुल्लू मार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग 154 (मंडी-पठानकोट) अवरुद्ध हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 707 (हटकोटी से पावंटा साहिब) भी सिरमौर जिले में शिलिया के पास बंद है।

### रेलवे में 'कैंसर ट्रेन' नाम की कोई ट्रेन नहीं चल रही: केंद्र सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को बताया कि भारतीय रेलवे में 'कैंसर ट्रेन' नाम से किसी ट्रेन का परिचालन नहीं हो रहा है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उनके अनुसार, रेल मंत्रालय ने सूचित किया है कि 'कैंसर ट्रेन' नाम की कोई ट्रेन भारतीय रेलवे के तहत नहीं चलाई जा रही है। मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार देशभर में कैंसर उपचार सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 'तृतीयक कैंसर देखभाल सुविधाओं को मजबूत करने' संबंधी योजना चला रही है। इसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को राज्य कैंसर संस्थान (एससीआई) और तृतीयक कैंसर देखभाल केंद्र (टीसीसीसी) की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है।

### केंद्र ने एसडीआरएफ के तहत 22 राज्यों के लिए 9578.40 करोड़ रुपये जारी किए

**नयी दिल्ली :** सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 15 जुलाई तक राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) के तहत केंद्रीय अंश के रूप में 22 राज्यों के लिए 9578.40 करोड़ रुपये जारी किए हैं। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के मद्देनजर एसडीआरएफ एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) के तहत वित्तीय सहायता राहत के रूप में है, न कि नुकसान की भरपाई के लिए है। मंत्री ने यह भी कहा, ''हिमाचल प्रदेश के लिए एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल (आईएमसीटी) का गठन किया गया है, जो किसी ज्ञापन का इंतजार किए बिना बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए राज्य के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगा।''

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली :** मंगलवार को संसद के दोनों सदनों राज्यसभा व लोकसभा में विपक्ष ने अपनी मांग को लेकर नारेबाजी की। विपक्षी सांसद, बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण मामले पर चर्चा चाहते थे। लेकिन इसकी अनुमति न मिलने बाद विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। इसके चलते राज्यसभा की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी। यही हाल लोकसभा का भी रहा। दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होने पर भी यह हंगामा जारी रहा। इसके बाद लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदनों को बुधवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दिया गया।



बिहार में हो रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ इंडिया गठबंधन का संसद भवन में धरना प्रदर्शन

**हंगामेदार हुई सदन की शुरुआत**

दरअसल मंगलवार सुबह राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही सदन में जबरदस्त हंगामा देखने को मिला। राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने पर विपक्षी सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची में हो रहे गहन रिव्यू का मुद्दा उठाया। बिहार वोटर लिस्ट की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मामले पर विपक्षी सांसद सदन में विस्तृत चर्चा चाहते थे।

**उप राष्ट्रपति के इस्तीफे पर चर्चा की मांग**

वहीं विपक्ष की तरफ से उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर चर्चा की मांग भी सदन में रखी गई। लेकिन इन सभी मांगों को आसन द्वारा अस्वीकार कर दिया गया। जिसके बाद सदन में हंगामा बढ़ गया और कार्यवाही प्रारंभ होने के महज 4 मिनट बाद ही राज्यसभा की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। बिहार मतदाता सूची में हो रहे गहन रिव्यू के मामले पर कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी व तृणमूल कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के सांसदों ने चर्चा के लिए उप सभापति को नोटिस दिया था। यह नोटिस नियम 267 के अंतर्गत दिए गए थे। उप सभापति ने यह नोटिस अस्वीकार कर दिए।

**इन सांसदों ने दिए थे चर्चा के लिए नोटिस**

इसके बाद विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए अपने स्थानों से खड़े होकर आगे गए। सदन में बढ़ते इस हंगामे को देखते हुए सदन की कार्रवाई स्थगित कर दी गई। इससे पहले उप सभापति ने सदन को बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत चर्चा के लिए कुल 12 नोटिस मिले हैं।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा के लिए 'ड्रोन स्क्वाड्रन' तैयार किया



**नयी दिल्ली :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनाती के लिए पहला ड्रोन स्क्वाड्रन तैयार कर रहा है। साथ ही, उसने 'ऑपरेशन सिंदूर' से सीखे गए सबक के मद्देनजर घातक यूएवी हमलों के खिलाफ अपनी सुरक्षा व्यवस्था और चौकियों को मजबूत करना शुरू कर दिया है। सुरक्षा प्रतिष्ठान के आधिकारिक सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि इस मोर्चे पर विशिष्ट सीमा चौकियों (बीओपी) पर तैनात स्क्वाड्रन में विभिन्न प्रकार के टोही, निगरानी और हमलावर ड्रोन या मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) और विशेष रूप से प्रशिक्षित कर्मी शामिल होंगे, जो इन मशीनों को संचालित कर सकेंगे। सूत्रों ने बताया कि इस स्क्वाड्रन का संचालन चंडीगढ़ स्थित बीएसएफ के पश्चिमी कमान मुख्यालय में स्थित एक नियंत्रण कक्ष द्वारा किया जाएगा। बीएसएफ का मुख्य कार्य भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा करना है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सीमा सुरक्षा बल की ताकत, कमजोरियों और खतरों की हाल ही में समीक्षा के बाद यूनिट के गठन का निर्णय लिया गया।

## भूपेश बघेल के बेटे की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में चक्का जाम किया



**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के विरोध में राज्य में कई जगहों पर राष्ट्रीय राजमार्गों पर 'चक्का जाम' किया। चैतन्य को ईडी ने कथित शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में 18 जुलाई को गिरफ्तार किया था। भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस के नेताओं और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राजधानी रायपुर के बाहरी इलाके में रायपुर से कोलकाता जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-53 के वीआईपी चौक पर दोपहर 12 बजे से अपराह्न दो बजे तक सड़क जाम की।

## चंदा कोचर ने वीडियोकॉन को लोन देने के बदले ली थी करोड़ों की रिश्वत, ईडी के फैसले को ट्रिब्यूनल ने भी पाया सही

**नयी दिल्ली :** एक अपीलीय न्यायाधिकरण ने कहा है कि वीडियोकॉन समूह से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) चंदा कोचर और उनके पति के खिलाफ धनशोधन का प्रथम दृष्टया मामला बनता है। न्यायाधिकरण ने दंपत्ति के करोड़ों रुपये मूल्य के मुंबई स्थित फ्लैट को कुर्क करने के ईडी के 2020 के आदेश को बरकरार रखा। न्यायाधिकरण ने तीन जुलाई के आदेश में कहा कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा चंदा कोचर के खिलाफ लगाए गए ''लेन-देन के बदले लाभ'' के आरोप में आधार पाता है। यह आरोप 300 करोड़ रुपये का ऋण वीडियोकॉन



इंटरनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (वीआईईएल) को मंजूर करने से जुड़ा है। ऋण मिलने के बाद, वीडियोकॉन ग्रुप ने 64 करोड़ रुपये की राशि एनआरपीएल नाम की कंपनी को हस्तांतरित की। एनआरपीएल चंदा कोचर के पति दीपक कोचर की कंपनी है। उक्त ऋण को आईसीआईसीआई बैंक की स्वीकृति समिति द्वारा जून 2009 और अक्टूबर 2011 के बीच मंजूरी दी गई थी और चंदा कोचर निजी ऋण देने वाली कंपनी की एमडी और सीईओ होने के अलावा इस समिति की सदस्य भी थीं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक प्राथमिकी पर आधारित ईडी के मामले में दावा किया गया है कि चंदा कोचर ने इस राशि को मंजूरी देते समय अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करके आईसीआईसीआई बैंक को धोखा देने के लिए एक आपराधिक साजिश रची। जांच एजेंसियों के अनुसार, चंदा कोचर ने अपने पति के माध्यम से वीआईएल या वीडियोकॉन समूह के प्रमोटर वी एन धूत से अवैध रूप से रिश्वत/अनुचित लाभ प्राप्त किया।

## मुंबई : बुजुर्ग महिला से साइबर ठगों ने की 7.88 करोड़ रुपये की ठगी

**मुंबई :** महानगर की 62 वर्षीय एक महिला को शेयर बाजार में भारी लाभ के लिए निवेश करने का लालच देकर साइबर ठगों ने कथित तौर पर 7.88 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पश्चिम क्षेत्र साइबर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि ठगों ने खुद को एक प्रसिद्ध वित्तीय सेवा कंपनी का प्रतिनिधि बताकर बांद्रा क्षेत्र की निवासी महिला को से पिछले दो महीनों में यह ठगी की। महिला ने पुलिस में की गई शिकायत में बताया कि उसे एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप पर संदेश प्राप्त हुआ था। संदेश भेजने वाले ने खुद को महिला बताया और पीड़िता से कहा कि वह कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी की सहायक है और उसने शेयर निवेश के बारे में बातचीत शुरू की। इसके बाद महिला को कंपनी अधिकारी का संपर्क नंबर और एक वेबसाइट का लिंक भेजा गया। उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया और फिर एक और व्यक्ति से परिचय कराया गया, जिसने भी खुद को वित्तीय कंपनी से जुड़ा हुआ बताया। पुलिस ने बताया कि महिला के आग्रह पर पीड़िता ने कुछ समय में कई बैंक खातों में कुल 7,88,87,000 रुपये स्थानांतरित कर दिए। जब उसने अपनी रकम निकालने की कोशिश की, तो उससे 10 प्रतिशत अतिरिक्त जमा करने को कहा गया। कुछ संदिग्ध लगने पर, महिला ने पूछताछ करने का फैसला किया, जिससे धोखाधड़ी का पता चला।

## अधिकतर लोग बहुभाषी बनना चाहते हैं, उन्हें उचित अवसर मिलना चाहिए: पवन कल्याण

**अमरावती :** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने मंगलवार को कहा कि अधिकतर लोग बहुभाषी बनने पर विचार कर रहे हैं और उन्हें उचित अवसर दिया जाना चाहिए। अभिनेता एवं राजनीतिक नेता कल्याण ने कहा कि नेताओं को दूरदर्शी सोच रखनी चाहिए और विचारों को विस्तृत करना चाहिए। कल्याण ने 'पीटीआई- वीडियो' से कहा, ''अधिकतर लोगों का विचार बहुभाषी बनने का है। आइए, हम उन्हें उचित अवसर दें।'' जनसेना के संस्थापक ने कहा कि अंग्रेजी उनके विचारों की भाषा बन गई है। उन्होंने इस बात पर दुख व्यक्त किया कि उन्हें हिंदी, कन्नड़ या मराठी में ये सब नहीं मिल सका। कल्याण ने कहा, ''मेरी मातृभाषा हिंदी नहीं है। मेरी मातृभाषा अंग्रेजी नहीं है। मेरी सोचने की भाषा अंग्रेजी या तेलुगु हो गई है। तेलुगु सोचने का एक स्वाभाविक तरीका है, लेकिन मैं विचारों की भाषा के रूप में अंग्रेजी को अपना रहा हूं।'' उपमुख्यमंत्री ने बहुभाषावाद की तरफ संकेत करते हुए कहा कि नेताओं को भविष्य की पीढ़ियों के बारे में सोचना चाहिए और उनके लिए कुछ जगह बनानी चाहिए।

## अच्युतानंदन को श्रद्धांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े

**तिरुवनंतपुरम :** पूर्व मुख्यमंत्री एवं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी(माकपा) के वरिष्ठ नेता वी. एस. अच्युतानंदन को के पार्थिव शरीर को राज्य की राजधानी से उनके गृहनगर अलप्पुझा ले जाया जा रहा था तो उन्हें अंतिम विदाई देने के लिये मंगलवार को रास्ते में हजारों लोग हाथों में फूल लिये और भावुक नारे लगाते कतारबद्ध खड़े दिखे। माकपा के वरिष्ठ नेता वी. एस. अच्युतानंदन का सोमवार को 101 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। कुछ लोग धीमी गति से चल रही लेकिन भव्य रूप से सजी बस के साथ-साथ चल रहे थे ताकि खुली खिड़की से अच्युतानंदन के पार्थिव शरीर की एक झलक पा सकें। अपने



छोटे बच्चों को हाथों में लिये हुए कुछ अन्य लोगों ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वे कुछ सेकंड के लिए बस रोक दें ताकि बच्चे उन्हें श्रद्धांजलि दे सकें। धूप और बारिश की परवाह किए बिना, पूरे रास्ते में लड़कियां, बुजुर्ग और गृहिणियों सहित महिलाओं की लंबी कतारें इस दिग्गज की अंतिम यात्रा देखने के लिए प्रतीक्षा करती देखी गईं। कॉमरेड वी.एस. के कट्टर प्रशंसक, युवाओं के समूह बिना किसी रुकावट के बस के आगे नारे लगाते हुए चलते देखे गए।

## विवेक रंजन अग्निहोत्री की 'द बंगाल फाइल्स' सितंबर में रिलीज होगी

**नयी दिल्ली :** फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री ने कहा है कि कि उनकी नयी फिल्म द बंगाल फाइल्स पांच सितंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अग्निहोत्री इससे पहले द ताशकंद फाइल्स और द कश्मीर फाइल्स का निर्देशन और लेखन कर चुके हैं। द ताशकंद फाइल्स ने उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दिलाया, जबकि द कश्मीर फाइल्स 2022 की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी। अग्निहोत्री (51) ने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर आगामी फिल्म का टीजर साझा करते हुए लिखा, 'द ताशकंद फाइल्स' और 'द कश्मीर फाइल्स' के निर्माताओं की ओर से:




'द बंगाल फाइल्स' - टीजर जारी। अगर कश्मीर ने आपको चोट पहुंचाई है, तो बंगाल आपको परेशान करेगा। सिनेमाघरों में पांच सितंबर 2025 को। फिल्म में पालोमी घोष, अनुपम खेर, पल्लवी जोशी और मिथुन चक्रवर्ती प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## 'निष्क्रिय' इच्छामृत्यु को लागू करना राज्यों की जिम्मेदारी : केंद्र

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि स्वास्थ्य के राज्य का विषय होने के कारण राज्यों की प्राथमिक जिममेदारी है कि वे स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में 'निष्क्रिय' इच्छामृत्यु और जीवनकाल हेतु वसीयत को अस्पताल प्रोटोकॉल में शामिल करके लागू करें। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा में कहा कि राज्यों की यह भी ज़िम्मेदारी है कि वे नैतिक सुरक्षा उपाय स्थापित करें। नड्डा ने उच्चतम न्यायालय के 2018 के एक फैसले के आलोक में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में 'निष्क्रिय' इच्छामृत्यु को लागू करने के लिए उठाए गए विशिष्ट उपायों को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि 2018 के 'कॉमन कॉज' बनाम भारत संघ मामले में उच्चतम न्यायालय ने अग्रिम निर्देशों के क्रियान्वयन और 'निष्क्रिय' इच्छामृत्यु के कार्यान्वयन के लिये विशिष्ट दिशानिर्देश निर्धारित किए थे। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने ''कॉमन कॉज'' बनाम भारत संघ संबंधी विविध आवेदन संख्या 1699 में इन दिशानिर्देशों को क्रियान्वित करने संबंधी प्रक्रिया को 2023 में सरल बनाकर इनमें छूट दी है। इन संशोधनों का उद्देश्य असाध्य रूप से बीमार रोगियों के लिए सिर्फ जीवित रखने वाले उपचार से इनकार करके सम्मानपूर्वक मृत्यु के अपने अधिकार का प्रयोग करने की प्रक्रिया को अधिक सुलभ बनाना था। नड्डा ने कहा कि 'स्वास्थ्य' राज्य का विषय होने के कारण राज्यों एवं केंद्रशासित क्षेत्रों का यह प्राथमिक दायित्व है कि वे स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में 'निष्क्रिय' इच्छामृत्यु और जीवनकाल के लिये वसीयत को अस्पताल प्रोटोकॉल में शामिल करके लागू करें। 'निष्क्रिय' इच्छामृत्यु में मृत्यु 'प्राकृतिक' तरीके से होती है, क्योंकि रोगी को जीवित रखने के लिए आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं रोक दी जाती हैं।

## त्रिपुरा में 14 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त, ट्रक चालक गिरफ्तार

**अगरतला :** त्रिपुरा के खोवाई जिले में एक ट्रक चालक के पास मिले 14 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त कर उसे हिरासत में ले लिया गया है। मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि सोमवार को असम राइफल्स और सीमा शुल्क विभाग के संयुक्त अभियान के दौरान तुईचंद्राईबारी में एक ट्रक को रोका गया। उसके अनुसार, ''वाहन की गहन तलाशी लेने पर 1,40,000 'याबा' टैबलेट बरामद हुए, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 14 करोड़ रुपये आंकी गई। ट्रक चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया।'' बयान में कहा गया कि जब्त




किए गए प्रतिबंधित सामान और पकड़े गए व्यक्ति को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया।

## बोइंग ने भारतीय सेना को तीन अपाचे हेलिकॉप्टर सौंपे

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी एयरोस्पेस कंपनी 'बोइंग' ने मंगलवार को भारतीय सेना को तीन अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर सौंपे। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कंपनी ने भारतीय सेना को छह हेलीकॉप्टर की आपूर्ति के लिए 4,168 करोड़ रुपये के अनुबंध के तहत एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टर सौंपे। एएच-64 अपाचे दुनिया के सबसे उन्नत बहुउद्देशीय लड़ाकू हेलीकॉप्टरों में से एक है और इसे अमेरिकी सेना उड़ाती है। सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''भारतीय सेना के लिए अपाचे हेलीकॉप्टर की पहली खेप



का आगमन भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ये उन्नत हेलीकॉप्टर सेना विमानन शाखा की परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाएंगे, खासकर चुनौतीपूर्ण इलाकों में। यह सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता एक गौरवशाली क्षण है।'' सेना ने हेलीकॉप्टर की पहली खेप की आपूर्ति को सेना के लिए एक मील का पत्थर बताया। सेना ने कहा, ''ये अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भारतीय सेना की परिचालन क्षमताओं को काफी मजबूत करेंगे।'' बोइंग ने 2020 में भारतीय वायुसेना को 22 ई-मॉडल अपाचे की आपूर्ति पूरी की थी और भारतीय सेना के लिए छह एएच-64ई की आपूर्ति के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। भारतीय सेना को अपाचे की आपूर्ति 2024 में शुरू होने वाली थी। वायुसेना ने सितंबर 2015 में 22 अपाचे हेलीकॉप्टर के लिए अमेरिकी सरकार और बोइंग लिमिटेड के साथ अरबों डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे।

## कई भारतीय विमानन कंपनियां यात्री सुरक्षा की तुलना में प्रचार पर करती हैं अधिक खर्च

**मुंबई :** अखिल भारतीय ऑनलाइन सर्वेक्षण में करीब 76 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि भारत में कई विमानन कंपनियां यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने की तुलना में प्रचार पर अधिक खर्च कर रही हैं। लोकलसर्किल्स द्वारा किए गए ऑनलाइन सर्वेक्षण में 64 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने पिछले तीन वर्ष में कम से कम एक बार उड़ान के समय मुश्किल अनुभव करने की बात कही। इसमें उड़न भरते एवं उतरते समय या उसके दौरान जटिल परिस्थितियों का सामना करना शामिल है। सर्वेक्षण में 322 जिलों के नागरिकों से 44,000 प्रतिक्रियाएं मिलीं। हाल ही में सामने आईं हवाई और जमीनी स्तर की घटनाओं के मद्देनजर यह सर्वेक्षण



काफी महत्वपूर्ण है। इन घटनाओं में टाटा समूह द्वारा संचालित एयर इंडिया की बोइंग 787-8 विमान दुर्घटना शामिल है। यह विमान पिछले महीने अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में विमान में सवार 242 यात्रियों में से 241 की मौत हो गई थी तथा जमीन पर घटनास्थल पर मौजूद अन्य 19 लोगों ने भी जान गंवा दी थी। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) इस दुर्घटना की जांच कर रहा है और उसने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट पहले ही प्रस्तुत कर दी है। इसके अलावा सोमवार को एयर इंडिया की कोच्चि-मुंबई उड़ान में सवार यात्री बाल-बाल बच गए, जब जमीन पर उतरते समय विमान रनवे से बाहर निकल गया जिससे विमान को भारी नुकसान पहुंचा। सोमवार को ही एयर इंडिया की दिल्ली से कोलकाता की उड़ान को ''तकनीकी खराबी'' के कारण अंतिम समय में रद्द कर दिया गया जबकि गोवा से इंडिगो की उड़ान को ''लैंडिंग गियर'' संबंधी समस्या के कारण आपात स्थिति में उतारा गया। इसी दौरान गोवा-पुणे के बीच उड़ान भरने वाली स्पाइसजेट की एक उड़ान की बाहरी खिड़की का 'फ्रेम' हवा में ही टूट गया, जिससे बॉम्बार्डियर क्यू400 विमान में सवार यात्रियों में दहशत फैल गई। सर्वेक्षण में हवाई यात्रा करने वाले लोगों से पूछा गया, '' क्या आप मानते हैं कि भारत स्थित विमानन कंपनियां सुरक्षा की तुलना में प्रचार पर अधिक खर्च कर रही हैं?'' प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, '' इस प्रश्न का उत्तर देने वाले 26,696 लोगों में से 43 प्रतिशत ने कहा कि हां, सभी विमानन कंपनियां ऐसा करती हैं, 33 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि हां, उनमें से कुछ ऐसा करती हैं और 11 प्रतिशत ने कहा कि नहीं, ऐसा कोई नहीं करता।

## राज्यसभा में की गयी सभापति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की घोषणा



**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को अधिसूचित कर दिया। एक दिन पहले धनखड़ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए तत्काल प्रभाव से पद छोड़ने की जानकारी दी थी। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन द्वारा हस्ताक्षरित एक राजपत्र अधिसूचना में गृह मंत्रालय ने धनखड़ के इस्तीफे के पत्र को सार्वजनिक किया, जिसे उन्होंने सोमवार शाम जारी किया था। अधिसूचना में कहा गया है, भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ का इस्तीफा (सामान्य जानकारी के लिए) प्रकाशित किया जाता है।

### धनखड़ सरकारी बंगले के हकदार, 15 महीने रहने के बाद उपराष्ट्रपति एन्क्लेव छोड़ेंगे

उपराष्ट्रपति पद से एक दिन पहले इस्तीफा देने वाले जगदीप धनखड़ सरकारी बंगले के हकदार हैं। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। धनखड़ (74) पिछले साल अप्रैल में संसद भवन परिसर के पास चर्च रोड पर नवनिर्मित उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में स्थानांतरित हो गए थे।

### धनखड़ को कई भूमिकाओं में देश सेवा का अवसर मिला, उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना है: मोदी

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उप राष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद मंगलवार को कहा कि उन्हें कई भूमिकाओं में देश की सेवा का मौका मिला है और वह उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''श्री जगदीप धनखड़ जी को भारत के उपराष्ट्रपति सहित कई भूमिकाओं में देश की सेवा करने का अवसर मिला है। मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं।''

# आजमाए गए फार्मूले से हटकर श्रृंखला बराबर करने उतरेगा भारत



**मैनचेस्टर :** पिछले मैच में हार और कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने के बावजूद भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू होने वाले चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच में श्रृंखला में वापसी करने और ओल्ड ट्रैफर्ड में पहली बार जीत हासिल करने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारत को हालांकि अभी तक आजमाए गए अपने फॉर्मूले से हटने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। लीड्स में पहले टेस्ट के बाद भारत ने अंतिम एकादश में तीन ऑलराउंडरों को शामिल किया था। इनमें नितीश रेड्डी भी शामिल थे, जो घुटने की चोट के कारण अब श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। तेज गेंदबाज आकाशदीप भी इस टेस्ट से पहले कमर की चोट के कारण बाहर हो गए हैं और कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज अपने पदार्पण के करीब हैं। रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर जैसे दो स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर की मौजूदगी में भारत के पास आठवें नंबर तक बल्लेबाज़ी करने की गुंजाइश थी, लेकिन मैनचेस्टर में ऐसा शायद न हो, जहां भारतीय टीम अभी तक जीत हासिल नहीं कर पाई है। भारत ने यहां अभी तक नौ मैच खेले हैं जिनमें से चार में उसे पराजय का सामना करना पड़ा जबकि बाकी पांच मैच ड्रॉ रहे। इंग्लैंड वर्तमान श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे चल रहा है और अगर भारत को पांच मैच की इस श्रृंखला को जीवंत बनाए रखना है तो उसे यहां हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। श्रृंखला का पहला टेस्ट मैच खेलने वाले शार्दुल ठाकुर को रेड्डी की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है लेकिन उनका बल्लेबाजी में उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है। अगर उन्हें टीम में लिया जाता है तो उन्हें गेंदबाज़ी में भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना होगा क्योंकि रेड्डी ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट में महत्वपूर्ण अवसरों पर विकेट लिए थे। भारत लीड्स के संयोजन को फिर से आजमा सकता है, जहां उसके पास जडेजा के रूप में केवल एक स्पिनर था और छठे नंबर तक विशेषज्ञ बल्लेबाज थे, जिसमें करुण नायर और साई सुदर्शन दोनों अंतिम एकादश में थे। इसके अलावा नए तेज गेंदबाज कंबोज के अलावा प्रसिद्ध कृष्णा भी अंतिम एकादश में जगह बनाने के दावेदार हैं।

## लॉर्ड्स में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों की देरी करने की रणनीति खेल भावना के अनुरूप नहीं: गिल

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट के तीसरे दिन के अंत में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों द्वारा अपनाई गई देरी करने की रणनीति की आलोचना करते हुए मंगलवार को कहा कि क्रीज पर 90 सेकेंड देरी से आना खेल भावना के अनुरूप नहीं था। मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट से पहले मीडिया से बातचीत का अंत गिल ने विस्फोटक अंदाज में किया जब उनसे तीसरे मैच के दौरान मैदान पर तनाव के बारे में पूछा गया। लॉर्ड्स में दोनों पक्षों द्वारा दिखाई गई आक्रामकता के बाद से इंग्लैंड की मीडिया भारतीय और घरेलू टीम के खिलाड़ियों से लगातार यह सवाल पूछ रही है। गिल ने आक्रामक अंदाज में कहा, 'हां, बहुत से लोग इसके बारे में बात कर रहे हैं इसलिए मैं एक बार और सभी के लिए स्पष्ट कर दूं कि उस दिन इंग्लैंड के बल्लेबाजों के पास सात मिनट का खेल बचा था, वे क्रीज पर 90 सेकेंड देरी से आए, 10 नहीं, 20 नहीं, बल्कि 90 सेकेंड देरी से।'

## पंत चौथे टेस्ट में विकेटकीपिंग करेंगे: गिल

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू हो रहे चौथे टेस्ट में ऋषभ पंत के विकेटकीपर के तौर पर खेलने की मंगलवार को पुष्टि करते हुए कहा कि तेज गेंदबाज आकाशदीप इस अहम मुकाबले से बाहर रहेंगे। पंत से जुड़ी यह खबर भारत के लिए एक बड़ी राहत है क्योंकि आकाशदीप के अलावा हरफनमौला नीतीश रेड्डी और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के चोटिल होने से टीम पहले से ही परेशानी में है। रेड्डी अब श्रृंखला से बाहर हो गये हैं जबकि आकाशदीप और अर्शदीप ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट में नहीं खेलेंगे। पंत को लॉर्ड्स में इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान चोट उंगली में चोट लग गयी थी जिससे वह मैच के ज्यादातर हिस्से में विकेटकीपिंग नहीं कर पाये थे।

## राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक का हिस्सा होगा बीसीसीआई: खेल मंत्रालय



**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक का हिस्सा होगा जिसे बुधवार को संसद में पेश किया जाना है। खेल मंत्रालय के एक विश्वसनीय सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई भले ही सरकार से वित्तीय मदद पर निर्भर ना हो लेकिन उसे प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल बोर्ड से मान्यता लेनी होगी। सूत्र ने कहा, 'सभी राष्ट्रीय महासंघों की तरह, बीसीसीआई को भी इस विधेयक के अधिनियम बन जाने के बाद देश के कानून का पालन करना होगा। वे मंत्रालय से वित्तीय मदद नहीं लेते लेकिन संसद का अधिनियम उन पर लागू होता है।' सूत्र ने कहा, 'बीसीसीआई अन्य सभी एनएसएफ की तरह एक स्वायत्त निकाय बना रहेगा लेकिन उनसे जुड़े विवादों का निपटारा प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल पंचाट करेगा। यह पंचाट चुनाव से लेकर चयन तक के खेल मामलों से जुड़े विवाद का समाधान निकाय बन जाएगा।' उन्होंने कहा, 'इस विधेयक का मतलब किसी भी एनएसएफ पर सरकारी नियंत्रण नहीं है। सरकार सुशासन सुनिश्चित करने में एक सूत्रधार की भूमिका निभाएगी।' क्रिकेट (टी20 प्रारूप) को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया है और इस तरह से बीसी-सीआई पहले ही ओलंपिक आंदोलन का हिस्सा बन चुका है। खेल प्रशासन विधेयक का उद्देश्य समय पर चुनाव, प्रशासनिक जवाबदेही और खिलाड़ियों के कल्याण के लिए एक मजबूत खेल ढांचा तैयार करना है। राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) को पूरी तरह से केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा। इसके पास व्यापक अधिकार होंगे कि वह शिकायतों के आधार पर या 'अपने विवेक' से चुनावी अनियमितताओं से लेकर वित्तीय गड़बड़ी तक के उल्लंघनों के लिए खेल संघों को मान्यता प्रदान करे या निलंबित भी करे।

## मंधाना एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार, दीप्ति 10 स्थान के सुधार के साथ 23वें पायदान पर

**दुबई :** इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत की दीप्ति शर्मा बल्लेबाजों में 10 स्थानों की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने मंगलवार को जारी नवीनतम आईसीसी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। श्रृंखला के शुरुआती दो मैचों में शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों को इस रैंकिंग में फायदा हुआ है। दीप्ति ने शुरुआती एकदिवसीय में नाबाद 62 रन की पारी के साथ टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की थी। उन्होंने इसके बाद दूसरे एकदिवसीय में भी नाबाद 30 रन का योगदान दिया। सोफिया डंकले ने पहले वनडे में 92 गेंदों पर 83 रन बनाकर इंग्लैंड को एक मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई, जिससे उन्हें 24 स्थानों का फायदा हुआ। वह बल्लेबाजों की सूची में 52वें पायदान पहुंच गईं। मंधाना पहले दो मैचों में 28 और 42 के स्कोर के साथ रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई हैं और उन्होंने अपनी 727 की रेटिंग भी बरकरार रखी है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 17 और सात के स्कोर के बाद पांच स्थान फिसलकर 21वें स्थान पर आ गई हैं।

## ओलंपिक विजेताओं को रेखा सरकार देगी बड़ा ईनाम, गोल्ड जीतने पर 7 करोड़



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के प्रयास में दिल्ली सरकार ने मंगलवार को पदक विजेताओं के लिए नकद पुरस्कारों में उल्लेखनीय वृद्धि की घोषणा की और देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी प्रदान करने का वादा किया। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता के लिए इनामी राशि में 133 प्रतिशत की वृद्धि कर तीन करोड़ रुपये से सात करोड़ रुपये कर दी गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दावा किया कि दिल्ली देश का पहला राज्य है जो अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं को ग्रेड ए सरकारी रोजगार के अवसर के साथ उच्चतम नकद पुरस्कार प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि ये पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' अभियानों से प्रेरित हैं। राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाडी भी पांच लाख रूपये तक की प्रशिक्षण सहायता के पात्र होंगे, जिसमें उतनी ही राशि का चिकित्सा बीमा भी शामिल है। शीर्ष खिलाड़ियों के लिए यह सहायता बढ़ाकर 20 लाख कर दी जाएगी जिसमें 10 लाख तक का चिकित्सा बीमा कवरेज होगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति और उसके सहयोगियों द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतिभागियों को यात्रा, आवास, भोजन और टूर्नामेंट पंजीकरण के लिए दो लाख तक की वित्तीय सहायता मिलेगी। अधिकारियों के अनुसार, विजेताओं को दिल्ली का निवासी होना चाहिए। मुख्यमंत्री गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में दिल्ली और अन्य राज्यों के बीच खिलाड़ियों को सहायता देने में मौजूदा असमानता को पाटने के लिए मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत नकद प्रोत्साहनों में महत्वपूर्ण संशोधन को मंजूरी दी गई है। यह जानकारी मंत्री आशीष सूद ने संवाददाता सम्मेलन में दी।

## अपना सब कुछ झोंक दो या ठीक से आराम करो,पठान ने बुमराह से कहा



**मैनचेस्टर :** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को संदेश स्पष्ट है कि या तो टीम के लिए अपना सब कुछ झोंक दो या फिर कार्यभार प्रबंधन के तहत चुनिंदा मुकाबलों में खेलने की जगह ठीक से आराम करो। इंग्लैंड के खिलाफ ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट की पूर्व संध्या पर पठान ने बुमराह के असाधारण गेंदबाजी कौशल की प्रशंसा की लेकिन साथ ही उनसे जरूरत पड़ने पर 'अतिरिक्त प्रयास' करने का भी आग्रह किया। पठान ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मैं जसप्रीत बुमराह का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मुझे उनका कौशल बेहद पसंद है। वह बेहतरीन हैं। हालांकि मेरा मानना है कि जब आप भारत के लिए खेलते हैं तो आपको अपना सब कुछ देना होता है।' उन्होंने कहा, 'जब आप पांच ओवर के स्पैल की बात करते हैं तो जब रूट आते हैं तो आप छठा ओवर नहीं फेंक रहे होते। आपको अपना सब कुछ झोंकना होता है। या तो आप अपना सब कुछ झोंक देते हैं या फिर पूरी तरह आराम करते हैं।'

## संशोधित राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अधिनियम खेल विधेयक के साथ संसद में पेश किया जाएगा

**नयी दिल्ली :** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के सुझाव के मुताबिक बदलाव को शामिल करते हुए संशोधित राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अधिनियम बुधवार को संसद में पेश किया जाएगा। वाडा ने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के कामकाज में 'सरकारी हस्तक्षेप' पर आपत्ति जताई थी। यह अधिनियम मूल रूप से 2022 में पारित किया गया था, लेकिन वाडा की आपत्तियों के कारण इसके कार्यान्वयन को रोकना पड़ा था। विश्व संस्था ने खेलों में डोपिंग रोधी इकाई पर नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय बोर्ड के गठन पर आपत्ति जताई थी। इस बोर्ड में केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक अध्यक्ष और दो सदस्य शामिल होने थे।

## प्रणय पांच मैच प्वाइंट बचाकर अगले दौर में, लक्ष्य सेन बाहर



**चांग्झू :** भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने पांच मैच प्वाइंट बचाए और एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां जापान के कोकी वतनबे को हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन लक्ष्य सेन फिर से पहली बाधा पार नहीं कर पाए। विश्व के 35वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने 18वें नंबर के वतनबे के खिलाफ 8-21, 21-16, 23-21 से जीत हासिल की। लक्ष्य का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अच्छी शुरुआत के बावजूद चीन के पांचवें वरीय ली शि फेंग से 21-14, 22-24, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। प्रणय ने मैच के बाद कहा, 'मेरे करियर के इस पड़ाव पर, हर जीत मायने रखती है। मैं टूर पर वापस आकर खुश हूं। खेल का स्तर वास्तव में काफी बेहतर हो गया है और आपको शुरू से ही कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। अब हर राउंड जीतना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है।'




## पेटीएम ने पहली बार मुनाफा कमाया, अप्रैल-जून तिमाही में 122.5 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ



**नयी दिल्ली :** ऑनलाइन भुगतान मंच पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 122.5 करोड़ रुपये का अपना पहला एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया है। कंपनी को एक साल पहले की समान तिमाही में 840 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को अप्रैल-जून, 2025 की तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना दी। इस तिमाही में कंपनी का एकीकृत परिचालन राजस्व लगभग 28 प्रतिशत बढ़कर 1,917.5 करोड़ रुपये हो गया। अप्रैल-जून, 2024 की तिमाही में इसका राजस्व 1,501.6 करोड़ रुपये रहा था। पेटीएम ने बयान में कहा, 'बीती तिमाही में कर-पूर्व आय (एबिटा) एवं शुद्ध लाभ क्रमशः 72 करोड़ रुपये एवं 123 करोड़ रुपये रहा। यह कृत्रिम मेधा (एआई) से उपजी परिचालन दक्षता, अनुशासित लागत संरचना और उच्च अन्य आय को दर्शाता है।' कंपनी ने पिछली तिमाही में अपनी परिचालन लागत को घटाने के साथ राजस्व बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर पहली बार मुनाफा दर्ज किया है।

## यूपी में एक करोड़ रुपये तक की संपत्ति की रजिस्ट्री पर महिलाओं को स्टांप शुल्क में एक फीसदी की छूट



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में एक करोड़ रुपये तक की संपत्ति की रजिस्ट्री (बैनामा) पर महिलाओं को स्टांप शुल्क में एक प्रतिशत की छूट मिलेगी। राज्य मंत्रिमंडल ने मंगलवार को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में यहां लोक भवन में हुई मंत्रिमंडल बैठक में इस प्रस्ताव समेत कुल 37 मसौदों को मंजूरी दी गई। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अब राज्य में एक करोड़ रुपये तक मूल्य की संपत्ति (जैसे मकान, जमीन आदि) अगर किसी महिला के नाम खरीदी जाती है, तो उस पर स्टांप शुल्क में एक प्रतिशत की छूट मिलेगी। अब तक राज्य में यह छूट केवल 10 लाख रुपये तक की संपत्ति पर ही लागू थी, जिसमें अधिकतम 10 हजार रुपये तक की छूट मिलती थी। अब सरकार ने इस छूट को बढ़ाकर एक करोड़ रुपये तक की संपत्ति पर लागू कर दिया है, जिससे महिलाओं को अधिक लाभ मिलेगा। बयान के मुताबिक स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत अब राज्य के युवाओं को स्मार्टफोन की जगह टैबलेट दिए जाएंगे। मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया है कि युवाओं को तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बनाने के लिए अब सभी लाभार्थियों को टैबलेट दिए जाएंगे। यह योजना पांच वर्षों के लिए लागू रहेगी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2,000 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है।

## ब्रिटेन के साथ साझेदारी को अगले स्तर पर ले जाएगा मुक्त व्यापार समझौता: भारतीय उच्चायुक्त



**लंदन :** ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'संक्षिप्त एवं केंद्रित' यात्रा ब्रिटेन के साथ साझेदारी को लेकर उनकी प्रतिबद्धता दर्शाती है और इस संबंध को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के साथ अगले स्तर पर ले जाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन की यात्रा की पूर्व-संध्या पर दोरईस्वामी ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि एफटीए का बेहद 'विस्तृत और महत्वाकांक्षी' दस्तावेज इस समय कानूनी समीक्षा के अंतिम चरण में है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह छह मई को संपन्न वार्ता के दौरान हुई सहमति के सार को दर्शाता है। मोदी की इस यात्रा के दौरान सभी की निगाहें एफटीए पर लगी होंगी। इस व्यापार समझौते का लक्ष्य वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके 120 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। मोदी की ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के साथ बृहस्पतिवार को होने वाली बैठक के दौरान इस समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारतीय उच्चायुक्त ने लंदन स्थित इंडिया हाउस में कहा, 'हम इसे अंतिम रूप देने के लिए काम कर रहे हैं, इसका मकसद मुक्त व्यापार समझौते को मूर्त रूप देना है।'

### मंत्रिमंडल ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। इस समझौते पर 24 जुलाई को लंदन में हस्ताक्षर किए जाएंगे। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता कहा जाता है। इस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लंदन यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए जाएंगे। मोदी की चार दिवसीय ब्रिटेन और मालदीव यात्रा बुधवार से शुरू हो रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल प्रधानमंत्री के साथ होंगे। दोनों देशों ने छह मई को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इस व्यापार समझौते में चमड़ा, जूते और कपड़ा जैसे श्रम-प्रधान उत्पादों के निर्यात पर कर हटाने का प्रस्ताव है। साथ ही ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों के आयात को सस्ता बनाने का भी प्रस्ताव है। इस समझौते का उद्देश्य 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करके 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है।

## नौकरी के लिए टाटा समूह, गूगल इंडिया, इन्फोसिस देश के तीन सबसे आकर्षक ब्रांड




**नयी दिल्ली :** टाटा समूह, गूगल इंडिया और इन्फोसिस देश के शीर्ष तीन सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांड बनकर उभरे हैं। रैंडस्टैड एम्प्लॉयर ब्रांड रिसर्च (आरईबीआर) 2025 की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक भारत का कार्यबल उद्देश्य संचालित रोजगार विकल्पों को प्राथमिकता दे रहा है। इसमें कार्य-जीवन संतुलन, समानता और आकर्षक वेतन की प्रमुख भूमिका है। सर्वेक्षण के मुताबिक, टाटा समूह ने वित्तीय सेहत, करियर में प्रगति के अवसरों और प्रतिष्ठा के मामले में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। ये संगठन के लिए शीर्ष तीन कर्मचारी मूल्य प्रस्ताव (ईवीपी) चालक हैं। इस साल गूगल इंडिया का दूसरा स्थान रहा और उसके बाद इन्फोसिस तीसरे स्थान पर रही। वर्ष 2025 के लिए भारत में शीर्ष 10 सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांड में सैमसंग इंडिया (चौथा स्थान), जेपी मॉर्गन चेज (5), आईबीएम (6), विप्रो (7), रिलायंस इंडस्ट्रीज (8), डेल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (9) और भारतीय स्टेट बैंक (10) शामिल हैं। सर्वेक्षण में कहा गया कि भारतीय स्टेट बैंक शीर्ष 10 नियोक्ता ब्रांड की सूची में आने वाला अकेला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है। इस सर्वेक्षण के लिए 34 बाजारों में 1,70,000 से अधिक उत्त-रदाताओं की राय ली गई, जिसमें भारत के 3,500 से अधिक लोग शामिल हैं। अध्ययन से पता चलता है कि आज कर्मचारी केवल वेतन से कहीं अधिक की अपेक्षा करते हैं। वे समावेशी और भविष्य की सोच रखने वाले ऐसे कार्यस्थलों की तलाश में हैं, जो व्यक्तिगत तथा व्यावसायिक वृद्धि, दोनों का समर्थन करते हों।

## हुंदै मोटर को मिला 517.34 करोड़ रुपये का जीएसटी भुगतान का नोटिस

**नयी दिल्ली :** वाहन विनिर्माता हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने मंगलवार को कहा कि कुछ एसयूवी मॉडल पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) क्षतिपूर्ति उपकर के कथित कम भुगतान के लिए उससे जुर्माने सहित 517.34 करोड़ रुपये की मांग की गई है। हुंदै मोटर इंडिया ने कहा कि उसे तमिलनाडु के सीजीएसटी विभाग के आयुक्त (अपील) से एक आदेश मिला है जिसमें सितंबर, 2017 से मार्च, 2020 की अवधि के लिए कुछ एसयूवी मॉडल पर जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर का कम भुगतान करने का आरोप लगा है। एचएमआईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उससे 258.67 करोड़ रुपये के जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर की मांग और जुर्माने की पुष्टि की गई है।

## न्यूज अपडेट

### सोना फिर एक लाख रुपये के पार, चांदी में 3,000 रुपये का उछाल

**नयी दिल्ली :** स्टॉकिस्ट की मजबूत लिवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को फिर से लांघ गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत चार सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई, जबकि पिछला बंद भाव 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इससे पहले, 19 जून को सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 1,000 रुपये बढ़कर 99,550 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले कारोबार में यह 98,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की तरह, मंगलवार को चांदी की कीमतें भी 3,000 रुपये बढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। सोमवार को चांदी 1,11,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### अमित शाह 24 जुलाई को नई सहकारी नीति पेश करेंगे

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह बृहस्पतिवार को एक नई राष्ट्रीय सहकारी नीति की घोषणा करेंगे। नई सहकारी नीति सरकार के देश में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने के लक्ष्य के तहत लाई जा रही है। शाह 24 जुलाई को 'राष्ट्रीय सहकारी नीति-2025' की घोषणा करेंगे। यह नीति पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभाकर प्रभु की अध्यक्षता वाली 48 सदस्यीय राष्ट्रीय स्तरीय समिति द्वारा तैयार की गई है। मंगलवार को एक सरकारी बयान में कहा गया, 'नई सहकारी नीति 2025-45 तक यानी अगले दो दशक के लिए भारत के सहकारी आंदोलन में एक मील का पत्थर साबित होगी।' नई नीति का लक्ष्य सहकारी क्षेत्र को फिर खड़ा करना और आधुनिक बनाना है। यह वर्ष 2002 में जारी की गई पहली राष्ट्रीय सहकारी नीति का स्थान लेगी।

### अकासा एयर ने कहा, उसके बोइंग 737 मैक्स विमानों के ईंधन स्विच में कोई समस्या नहीं

**नयी दिल्ली :** अकासा एयर ने अपने बोइंग 737 मैक्स विमानों के ईंधन स्विच की जांच पूरी कर ली है और उनमें कोई खराबी नहीं पाई गई है। एयरलाइन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अकासा एयर के पास 30 बोइंग 737 मैक्स विमानों का बेड़ा है। आने वाले वर्षों में कुल 196 ऐसे विमान एयरलाइन को सौंपे जाने हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पिछले हफ्ते एयरलाइन कंपनियों से 21 जुलाई तक अपने बोइंग 787 और 737 विमानों में ईंधन स्विच को बंद करने की प्रणाली की जांच करने का निर्देश दिया था।

### उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार स्थिर रुख के साथ बंद

**मुंबई :** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी मंगलवार को लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। फौरन सामान पहुंचाने वाली कंपनियों और निजी बैंकों के शेयरों में आई तेजी का असर तेल एवं गैस और आईटी कंपनियों के शेयरों में हुए नुकसान के कारण जाता रहा। बीएसई का तीस शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 13.53 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 82,186.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 337.83 अंक तक चढ़ गया था, लेकिन बाद में यह अपनी बढ़त गंवा बैठा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 29.80 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,060.90 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों का कहना है कि एक अगस्त की समयसीमा से पहले अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर स्पष्टता की कमी और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की मुनाफावसूली से बाजार धारणा प्रभावित हुई।